RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 69
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 12 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



इशान किशन का समय आएगाः गांगुली
स्पोर्ट्स-12

# उपराष्ट्रपति ने न्यायपालिका को फिर याद दिलाई लक्ष्मण रेखा

● कॉलेजियम सिस्टम को लेकर वरिष्ठ संवैधानिक पदाधिकारी स्तर से पहली बार बोला गया तगड़ा हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**वरिष्ठ** संवैधानिक पदाधिकारी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका पर बुधवार को पहली बार तगड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को स्वयं को श्रेष्ठ समझने और संसद की शक्तियों को हड़पने से बचना होगा। धनखड़ ने संसद द्वारा पारित कानूनों की समीक्षा करने की शक्ति को कथित रूप से हड़पने के लिए भी न्यायपालिका पर भड़ास निकाली।

जयपुर में 83वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने कहा कि आज न्यायिक मंचों से यह श्रेष्ठता बोध और इसका सार्वजनिक प्रदर्शन अच्छी बात नहीं है। इन संस्थानों को पता होना चाहिए कि उन्हें खुद को कैसे संचालित करना है। उपराष्ट्रपति ने एनजेएसी अधिनियम को खत्म करने और न्यायाधीशों की नियुक्ति में कॉलेजियम के वर्चस्व को बनाए रखने के लिए भी न्यायपालिका पर निशाना साधा। धनखड़ ने अतीत का उदाहरण देते हुए 1973 के केशवानंद भारती मामले के ऐतिहासिक फैसले को सामने रखते हुए दावा किया कि इस मामले में फैसलो देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गलत मिसाल कायम की और संसद की विधायी शक्ति को कमजोर कर दिया। वर्ष 1973 के केशवानंद भारती मामले में अदालत ने 7-6 के फैसलों में कहा कि वह संविधान में उन संशोधनों को रद्द कर सकती है, जो संविधान की मौलिक संरचना का उल्लंघन करते हैं। संक्षेप में कहा जा सकता है कि धनखड़ सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले से असहमत हैं कि संसद संविधान में संशोधन कर सकती है, लेकिन इसकी मूल संरचना में नहीं। धनखड़ ने कहा कि विधायिका के पीठासीन अधिकारी के रूप में वह न्यायपालिका-विधानमंडल संबंधों पर शुतुरमुर्ग जैसा रुख नहीं अपना सकते। संसद के कामकाज में कथित रूप से न्यायिक हस्तक्षेप पर अपनी सख्त टिप्पणी में उन्होंने कहा कि संसदीय संप्रभुता को कार्यपालिका या न्यायपालिका द्वारा कमजोर या इससे समझौता करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

धनखड़ ने कहा कि यदि कोई संगठन संसद के कानून को रद्द करता है तो यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। और यह कहना मुश्किल होगा कि हम एक लोकतांत्रिक देश हैं। इस मौके पर मौजूद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी अपने संबोधन में इसी तरह की राय रखते हुए कहा कि न्यायपालिका से संविधान में परिभाषित शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का पालन करने की अपेक्षा की जाती है। बिड़ला ने कहा कि हमारे देश में विधानमंडलों ने हमेशा न्यायपालिका की शक्तियों का सम्मान किया है। न्यायपालिका से भी यही उम्मीद की जाती है कि वह संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों के पृथक्करण और संतुलन के सिद्धांत का पालन करे। शीर्ष अदालत द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम को रद्द करने की सदन के भीतर और बाहर आलोचना करने वाले धनखड़ ने कहा कि यह दुनिया के लोकतांत्रिक इतिहास में शायद अद्वितीय परिदृश्य रहा। उन्होंने कहा कि कार्यपालिका संसद से निकलने वाले संवैधानिक नियमों के अनुपालन के लिए बाध्य है। यह एनजेएसी का पालन करने के लिए भी बाध्य है और न्यायिक फैसले से इसे रद्द नहीं किया जा सकता। उनका बयान न्यायपालिका में नियुक्ति के मुद्दे पर छिड़ी बहस की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें सरकार वर्तमान कॉलेजियम प्रणाली पर सवाल उठा रही है। ( शेष पेज 8 )



जयपुर में 83वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

# केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के लिए पुरानी पेंशन स्कीम बहाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने बुधवार को ऐतिहासिक फैसला देते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में अर्धसैनिक बलों को 'भारत संघ का सशस्त्र बल' करार देते हुए पुरानी पेंशन योजना लागू करने का आदेश दिया है। यह फैसला केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को पुरानी पेंशन नीति की मांग को लेकर दाखिल एक याचिका पर आया है।

उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि सीएपीएफ भी भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल हैं और नई पेंशन योजना (एनपीएस) उन पर लागू नहीं होती है। आदेश के अनुसार कोई व्यक्ति चाहे सीएपीएफ में आज ही भर्ती हुआ हो, पूर्व में रहा हो या भविष्य में भर्ती होगा, वह पुरानी पेंशन योजना के लिए पात्र होगा। वर्ष 2004 के बाद अर्धसैनिक बलों में शामिल होने वाले कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को समाप्त कर दिया गया था, लेकिन केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के कर्मियों की स्थिति को लेकर मामला अस्पष्ट था। हालाँकि, पुरानी पेंशन योजना को रक्षा बलों के लिए बरकरार रखा गया था, जो कि रक्षा मंत्रालय की कमान के तहत केंद्र के सशस्त्र बल भी हैं। संसद के संबंधित अधिनियमों के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्रालय की कमान के तहत अर्धसैनिक बल केंद्रीय सशस्त्र बल भी हैं। अर्धसैनिक बलों के लिए नई पेंशन योजना को बेकार बताते हुए, अदालत ने इन बलों को 'भारत संघ के सशस्त्र बलों' के रूप में मान्यता दी।



● कोई व्यक्ति चाहे सीएपीएफ में आज ही भर्ती हुआ हो, पूर्व में रहा हो या भविष्य में भर्ती होगा, वह पुरानी पेंशन योजना के लिए पात्र होगाः दिल्ली हाईकोर्ट

अर्द्धसैनिक बलों को संघ के सशस्त्र बलों के रूप में मान्यता की दुविधा के कारण सीएपीएफ में नई पेंशन योजना को अपनाया गया। जिसके बाद 1 जनवरी 2004 के बाद केंद्र सरकार की नौकरियों में भर्ती हुए सभी कर्मियों को सीएपीएफ सहित पुरानी पेंशन के दायरे से बाहर कर दिया गया। हालाँकि, सरकार ने तब तर्क दिया था कि सेना, नौसेना और वायु सेना ही केंद्र सरकार की सशस्त्र सेनाए थीं। बीएसएफ अधिनियम, 1968 में कहा गया है कि बल का गठन भारत संघ के एक सशस्त्र बल के रूप में किया गया था। इसी तरह, बाकी सीएपीएफ को भी भारत संघ के सशस्त्र बलों के रूप में गठित किया गया है।

# भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर 21 दलों को न्योता

● कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा-घृणा और हिंसा के खिलाफ महात्मा गांधी के संदेश को मजबूती देने के लिए साथ आएं

● श्रीनगर में 30 जनवरी को होगा यात्रा का समापन, आम आदमी पार्टी को समारोह में नहीं बुलाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**समान** विचारधारा के दलों को साथ लाने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा के समापन समारोह के लिए 21 दलों को न्योता भेजा है। यात्रा 30 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में समाप्त होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि 30 जनवरी को महात्मा गांधी की हत्या हिंसा और घृणा के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए हुई थी। गांधी के उसी संदेश को आगे बढ़ाने के लिए वह विपक्षी दलों को साथ लाना चाहते हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने जिन दलों को समारोह में शामिल होने के लिए न्योता भेजा है, उनमें तृणमूल कांग्रेस, जनता दल (यूनाइटेड), समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और तेलुगू देशम पार्टी समेत समान विचारधारा वाले 21 राजनीतिक दल हैं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन दलों के प्रमुखों को 10 जनवरी को लिखे पत्र में कहा कि उनकी उपस्थिति से यात्रा के सत्य, करुणा और अहिंसा रूपी संदेश को मजबूती मिलेगी। खड़गे ने शिवसेना, द्रमुक, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा को भी आमंत्रित किया है। उन्होंने नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला एवं उमर अब्दुल्ला, राष्ट्रीय जनता दल के लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के साथ ही पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव को भी न्यौता दिया है। ( शेष पेज 8 )



पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी

# होटल में युवती की हत्या कर युवक ने खाया जहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** के बवाना इलाके में बुधवार को एक होटल के कमरे में युवक और एक महिला की लाश मिली। पुलिस को शक है कि युवक ने पहले महिला की हत्या की और फिर सल्फास की गोलियां खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कहा कि पुरुष और महिला मंगलवार सुबह करीब 10 बजे होटल आए और अपने कमरे में चेक-इन किया। रिसेप्शन से चेक करने पर पता चला कि दोनों की उम्र 21 साल है। पुलिस ने कहा कि मौके पर खून से सना चाकू और सल्फास पाउडर मिला है।

पुलिस के मुताबिक, महिला की गर्दन पर चोट के निशान मिले हैं, जबकि शख्स के मुंह पर झाग निकलने के निशान हैं। पुलिस उपायुक्त (बाहरी-उत्तरी दिल्ली) देवेश कुमार महला ने कहा कि युवक की लाश के एक तरफ कुछ उल्टी जैसा भी पड़ा मिला है। अधिकारी ने कहा कि बाथरूम में एक काला तरल पदार्थ भी पाया गया, जो उल्टी जैसा लग रहा था। डीसीपी ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि व्यक्ति ने महिला की हत्या की और बाद में सल्फास की गोलियां खा लीं, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई है, लेकिन होटल में चेक-इन करने के बाद किसी को कमरे में प्रवेश करते नहीं देखा गया।

पुलिस अधिकारी ने यह भी बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है और शुरू हो गई है। दोनों सहयोगी थे और बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक जूता निर्माण कारखाने में काम करते थे। पुलिस ने कहा कि वे पिछले छह से आठ महीनों से एक-दूसरे को जानते थे। जब मृतक के परिजनों से संपर्क किया गया तो उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्हें पता था कि दोनों आपस में दोस्त हैं। हालांकि, परिवार के सदस्यों ने कहा कि उन्हें उन दोनों के रिश्ते की गहराई के बारे में नहीं पता था। पोस्टमॉर्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## रुपे डेबिट कार्ड, भीम-यूपीआई को बढ़ावा देने को 2,600 करोड़ की योजना मंजूर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को रुपे डेबिट कार्ड और भीम-यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) के जरिए कम राशि के लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए 2,600 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने यह फैसला किया। योजना के तहत, बैंकों को चालू वित्त वर्ष में रुपे और यूपीआई का उपयोग करके पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) यानी दुकानों पर लगी भुगतान मशीन और ई-कॉमर्स लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाएगा। मोदी ने इस बारे में ट्विटर पर लिखा है, मंत्रिमंडल के रुपे डेबिट कार्ड और भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के संबंध में आज के फैसले से डिजिटल भुगतान में भारत की प्रगति और मजबूत होगी। इससे मजबूत डिजिटल भुगतान परिवेश तैयार करने में मदद मिलेगी। ( शेष पेज 8 )

# जोशीमठ में फिलहाल दो होटल ही गिराए जाएंगे



जोशीमठ से सुरक्षित स्थानों की ओर जाते स्थानीय निवासी

**भाषा।** जोशीमठ, देहरादून

● भूधंसाव प्रभावितों को बाजार दर पर मिलेगा मुआवजाः धामी

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री के सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम ने बुधवार को स्पष्ट किया कि जोशीमठ में भूधंसाव के कारण लटक गए सिर्फ दो होटलों को ही गिराने के आदेश दिए गए हैं और इसके अलावा रहने के लिए असुरक्षित घोषित अन्य किसी मकान को फिलहाल नहीं तोड़ा जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ में भूधंसाव प्रभावितों को बाजार दर पर मुआवजा देने की घोषणा करते हुए कहा कि प्रभावितों को दुख की इस घड़ी में सरकार द्वारा हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। धामी ने भूधंसाव से प्रभावित मकानों को गिराने संबंधी अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए लोगों से कहा कि इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,105 | ↓ 10 | |
| निफ्टी | 17,896 | ↓ 18 | |
| सोना | 55,807 | ↑ 95 | /10g |
| चांदी | 68,995 | ↓ 632 | /kg |

## क्विक न्यूज

### एफएए के कंप्यूटर में खराबी से अमेरिका में सैकड़ों उड़ानें अटकीं

**वाशिंगटन।** फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) की प्रणाली में तकनीकी खराबी के बाद बुधवार सुबह अमेरिका में सैकड़ों विमानों की आवाजाही ठप हो गई। इस बीच एफएए ने कंप्यूटर प्रणाली मे खराबी के बाद विमानन कंपनियों को पूर्वी मानक समय के तहत सुबह नौ बजे तक घरेलू उड़ानों के प्रस्थान को रोकने के लिए कहा है। विमानन कंपनियों ने कहा कि उन्होंने पहले ही उड़ानों को रोकना शुरू कर दिया है। एफएए ने कहा, एफएए अपने नोटिस टू एयर मिशन सिस्टम को बहाल करने के लिए काम कर रहा है। हम अंतिम सत्यापन जांच कर रहे है और सिस्टम को फिर से लोड कर रहे है। राष्ट्रपति जो बाइडन को एफएए सिस्टम मे खराबी के बारे मे परिवहन मंत्री पीट बटिगीज द्वारा जानकारी दी गई है।

# ऑटो-टैक्सी किराया 15-20 फीसदी बढ़ा

## ऑटो मीटर अब 25 रुपये के बजाय 30 रुपये से शुरू होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ल में ऑटो और टैक्सी में सफर करना करीब 15 से 20 फीसदी मंहगा हो गया है। दिल्ली सरकार ने ऑटो-टैक्सी किराए की नई दरें तय कर दी है। इस संबंध में बुधवार को नई दरों को अधिसूचित किया। नई दरों के मुताबिक, ऑटो मीटर अब 25 रुपये के बजाय 30 रुपये से शुरू होगा और इसके बाद प्रति किलोमीटर किराया 9.5 रुपये के बजाय 11 रुपये वसूला जाएगा। नॉन एसी टैक्सी के लिए शुरुआती न्यूनतम किराया 40 रुपये देना होगा और इसके बाद 17 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से चार्ज वसूला जाएगा। पहले यह शुल्क 14 रुपयेप्रति किलोमीटर था। एसी टैक्सी का किराया 16 रुपये प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 20 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया गया है।



● नॉन एसी टैक्सी के लिए शुरुआती न्यूनतम किराया 40 रुपये देना होगा

● एसी टैक्सी का किराया 16 रुपये प्रति किमी से बढ़ाकर 20 रुपये हुआ

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ऑटो-टैक्सी के किराए में बढ़ोतरी से आम आदमी की जेब पर असर पड़ेगा। ऑटो-टैक्सी चालक लंबे समय से किराए में बढ़ोतरी किए जानेकी मांग कर रहे थे। ऑटो-टैक्सी चालकों का कहना था कि ऐसेमेंजब सीएनजी पर उन्हेंज्यादा खर्चकरना पड़ रहा हैतो किराए मेंभी बढ़ोतरी की जानी चाहिए।

दिल्ली सरकार ने किराए में बढ़ोतरी करने का यह फैसला एमसीडी चुनाव के बाद लिया है। यह बढ़ोतरी ऐसे वक्त में की गई है जब लोग पहले ही महंगाई की तगड़ी मार झेल रहे हैं। सरकार का कहना है कि कमेटी की सिफारिशों के बाद किराए में बढ़ोतरी पर निर्णय लिया गया है। संशोधित टैक्सी और ऑटो किराए की दरों को नोटिफाई भी कर दिया गया है। इससे दिल्ली के लगभग दो लाख ऑटो रिक्शा और टैक्सी चालकों को राहत मिलेगी जिन्हें हाल ही में सीएनजी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के कारण अधिक लागत वहन करनी पड़ रही थी। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि ऑटो रिक्शा के किराए में आखिरी संशोधन वर्ष 2020 में हुआ था, ( शेष पेज 8 )

# गोल्डन ग्लोब में नाटु-नाटु...की गूंज

● भारत के एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर को सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का पुरस्कार

**भाषा।** लॉस एंजिलिस

**फिल्मकार** एस. एस. राजामौली की फिल्म आरआरआर ने पहली बार 2023 गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में अपने लोकप्रिय गीत नाटु नाटु के लिए सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल सॉन्ग-मोशन पिक्चर श्रेणी का पुरस्कार अपने नाम कर लिया है। हालांकि सर्वश्रेष्ठ पिक्चर नॉन इंग्लिश श्रेणी में उसे अर्जेंटीना की फिल्म अर्जेंटीना 1985 ने मात दी। इस श्रेणी में नाटु नाटु ने टेलर स्विफ्ट के गीत कैरोलिना, ग्रेगोरी मान के चाओ पापा, लेडी गागा के होल्ड माय हैंड, फिल्म ब्लैक पैंथर : वकांडा फॉरएवर के गीत लिफ्ट मी अप को मात दी। पुरस्कार मिलने के बाद आरआरआर बुधवार को सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा। आरआरआर के बारे में ट्विटर पर कम से कम 180,000 पोस्ट किए गए। साथ ही इसके बारे में इंस्टाग्राम और फेसबुक पर भी कई पोस्ट किए गए।

हॉलीवुड फॉरेन प्रेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह हॉलीवुड में पुरस्कार के मौसम की शुरुआत की तरह है, जिसका समापन ऑस्कर के साथ होता है। कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स स्थित बेवर्ली हिल्टन में मंगलवार को 80वें गोल्डन ग्लोब पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। फिल्म आरआरआर को सर्वश्रेष्ठ पिक्चर नॉन इंग्लिश श्रेणी में भी जीत की उम्मीद थी, हालांकि उसे अर्जेंटीना की फिल्म अर्जेंटीना 1985 ने मात दे दी। इस श्रेणी में कोरियाई रोमांटिक थ्रिलर फिल्म डिसीज़न टू लीव, जर्मनी की फिल्म ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट और फ्रेंच-डच फिल्म क्लोज़ भी नामित थी। तेलुगु गीत नाटु नाटु के संगीतकार एम. एम. कीरावानी हैं और इसे काल भैरव और राहुल सिप्लिगुंज ने स्वर दिया है। ( शेष पेज 8 )



कैलिफोर्निया में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड के साथ तेलुगु गीत नाटु-नाटु के संगीतकार एमएम कीरावानी

### इस सम्मान ने हर भारतीय को गौरवांवित कियाः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोल्डन ग्लोब पुरस्कार समारोह में फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु के सर्वश्रेष्ठ गीत का पुरस्कार प्राप्त करने पर फिल्म से जुड़े तमाम कलाकारों को बुधवार को बधाई दी और कहा कि इस प्रतिष्ठित सम्मान ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, यह एक बहुत ही विशेष उपलब्धि है। ( शेष पेज 8 )

# ऑटो एक्सपो का आगाज, कंपनियों के नए वाहनों से उठा पर्दा

## 16वें संस्करण की थीम गतिशीलता की दुनिया की खोज रखी गई, अधिकतर इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन ईंधन चालित वाहन शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट सेंटर में बुधवार को ऑटो एक्सपो 2023 का आगाज हो गया, लेकिन ऑटो एक्सपो के पहले दिन अभिनेता शाहरुख खान ने हुंडई की इलेक्ट्रिक कार को लांच किया।

ऑटो एक्सपो के 16 वें संस्करण की थीम गतिशीलता की दुनिया की खोज रखी गई है। आठ दिवसीय एक्सपो के पहले दिन 30 से अधिक वाहन कंपनियों ने अपने वैश्विक और 75 से अधिक अन्य वाहन पेश किए।

इनमें आधे से ज्यादा इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन ईंधन चालित वाहन शामिल हैं। वाहनों के लांच के दौरान देश की कई नामी हस्तियां और फिल्मी सितारे ऑटो एक्सपो मार्ट पहुंचे। अभिनेता शाहरुख खान ने इलेक्ट्रिक कार को लांच किया। बुधवार सुबह मारुति की कॉन्सेप्ट कारों के अलावा लग्जरी बस को भी लांच किया गया। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, आज इलैक्ट्रिक लग्जरी कोच जेबीएम गैलेक्सी के अलावा अशोक लेलैंड के इलेक्ट्रॉनिक ट्रक, ग्रीव्स कॉटन के तीन इलेक्ट्रिक स्कूटर, एमजी की दो इलेक्ट्रिक कारें लांच हुईं। इसका अनावरण जेबीएम ग्रुप के अध्यक्ष एस के आर्या एवं उपाध्यक्ष निशांत आर्या ने किया। ऑटो एक्सपो में आज टोयोटा किया सहित कई कंपनियों के नए मॉडल लांच हो रहे हैं। मेनन ने बताया कि यह सिलसिला शाम पांच बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान 75 से अधिक वाहनों को लांच किया जाएगा। ऑटो एक्सपो में कई बड़ी कंपनियों के साथ ही कई स्टार्टअप भी शामिल हो रहे हैं। एमजी मोटर्स ने ऑटो शो में अपनी प्रीमियम कार हेक्टर का फेसलिफ्ट पेश किया। इस मॉडल में कंपनी ने 11 नए फीचर्स देने का वादा किया है। इसमें 11 इंच का टच स्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है। कंपनी ने 5 और 7 सीटर मॉडल के अलग-अलग वैरिएंट की कीमत 15 लाख से लेकर 22 लाख तक तय की है। यहां ये बहुत अहम है कि एक्सपो के पहले 2 दिन में पब्लिक एंट्री नहीं है।



इंडिया एक्सपो मार्ट सेंटर में बुधवार को ऑटो एक्सपो के दौरान फिल्म अभिनेता शाहरुख खान।

### आम लोगों के लिए प्रवेश 13 जनवरी से

ये शो 13 जनवरी से 18 जनवरी तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। ऑटो एक्सपो मोटर शो आम लोगों के लिए सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा, जबकि वीकेंड पर इसका समय सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक होगा। ऑटो एक्सपो में मारुति सुजुकी, टोयोटा, टाटा मोटर्स, एमजी, किआ, हुंडई मोटर इंडिया और बीवाईडी की गाड़ियां रखी गईं हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस शो में मारुति सुजुकी की जिम्नी पेश की जा सकती है। इसके अलावा यहां मारुति सुजुकी अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार से भी पर्दा उठा सकती है। ऑटो एक्सपो में टाटा की पंच इलेक्ट्रिक भी देखने को मिल सकती है। कम चार्जिंग में लंबी दूरी तय करने वाली लग्जरी सेडान बीवाईडी सील एक बेहतरीन कार है। एक बार चार्ज करने पर ये 700 किमी जाती है। सिर्फ 3.8 सेकेंड में ये 0 से 100 किमी प्रति ऑवर की स्पीड लेती है। पहले फेज में ये कार फॉरेस्ट ग्रीन कलर में उपलब्ध कराई गई है।

# गाजियाबाद में 1800 उद्यमी करेंगे 10121 करोड़ रुपये का निवेश

- इन्वेस्टर समिट 25 जनवरी को, यूपीसीडा 10 हजार करोड़ से बनाएगा औद्योगिक पार्क

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

जिला गाजियाबाद में चालू वत्तीय वर्ष में 10121 करोड़ रुपए का निवेश होगा। करीब 1800 इनवेस्टर ने एमओयू साइन कर दिए हैं। 25 जनवरी को जनपदीय इन्वेस्टर्स मीट फ इव स्टार होटल रेडिसन ब्लू वैशाली में होगी। अधिकारी इसकी तैयारियों में जुटे हैं।

डीएम राकेश कुमार सिंह ने बताया, एमएसएमई विभाग ने गाजियाबाद में 12 हजार करोड़ रुपए के निवेश का टारगेट दिया था। इसके सापेक्ष अब तक 1800 इन्वेस्टर्स द्वारा 10121 करोड़ रुपए के प्रस्ताव की सहमति दी गई है। पर्यटन विभाग, वैकल्पिक ऊर्जा, हथकरघा व अन्य विभागों में भी निवेश का टारगेट शासन ने तय किया है।

जनपदीय इन्वेस्टर समिट में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के टाउन प्लानर ऐसी जमीनों का नक्शा लेकर आएंगे, जो उपलब्ध हैं। इससे उद्यमियों को अपने मुताबिक जमीन ढूंढने में आसानी रहेगी।

यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार झा के अनुसार, गाजियाबाद में ग्रुपपेकर्स नेटवर्क द्वारा 10 हजार करोड़ के निवेश से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किया जाएगा। दावा है कि इससे करीब 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें वेयर हाउस और लॉजिलिस्टक पर सबसे ज्यादा जोर है।

इस पार्क के लिए गाजियाबाद में एक हजार एकड़ जमीन चाहिए। गाजियाबाद में 240 एकड़ जमीन, पचायरा में 280 एकड़ और मीरपुर 550 एकड़ जमीन पर कब्जा लेने का काम अंतिम चरण में चल रहा है।

# लापरवाही बरतने पर सुपरवाइजर और कर्मचारी नपे

- ऋतु माहेश्वरी ने हाजीपुर गांव का किया निरीक्षण, सड़क, सीवर और सफाई की जांच की

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा ऑथोरिटी की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ने बुधवार की सुबह शहर का दौरा किया। उन्होंने शहर में साफ-सफाई देखी। सार्वजनिक शौचालय और पिंक टॉयलेट की व्यवस्था का जायजा लिया है। ऋतु माहेश्वरी ने हाजीपुर गांव का दौरा किया है। सेक्टर.5 में बनाई गई अंडर ग्राउंड पार्किंग का निरीक्षण किया है। शहर के अलग.अलग सेक्टरों में बन रहे नालों की जांच की। रखरखाव बेहद घटिया मिला। ठेकेदारों पर 20.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। शहर के विभिन्न हिस्सों में सफाई ठीक नहीं मिली है। सफाई कर्मचारियों और सुपरवाइजर का एक-एक सप्ताह का वेतन काटने का आदेश दिया है। सीईओ ने अथॉरिटी अफसरों को आदेश दिया सड़क पर उतरकर काम करें। दफ्तरों में बैठकर वक्त बर्बाद कर कर रहे अधिकारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

माहेश्वरी ने हाजीपुर गांव का निरीक्षण किया। गांव में सड़क, सीवर और सफाई की जांच की। गांव के लोग सीईओ से मिलने आए। ग्रामीणों ने शिकायत की। बताया की सफाई नियमित रूप से नहीं हो रही है। गांव की गलियों में कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। इस पर सीईओ ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई है। ऋतु माहेवरी ने सफाई कर्मचारियों और सुपरवाइजर का एक सप्ताह का वेतन काटने का आदेश दिया है।

माहेश्वरी ने शहर में मुख्य सड़कों, सेंट्रल वर्ज और ग्रीन बेल्ट का रखरखाव देखा है। सड़क के किनारों पर फुटपाथ और हरित पट्टी के उचित रखरखाव के निर्देश दिए हैं। फुटपाथ और हरित पट्टी का मेंटीनेंस ठीक नहीं मिला है। सेक्टर-5 में अंडर ग्राउंड पार्किंग का निरीक्षण किया।

## एक ही परिवार के तीन लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार, बच्चे की मौत

**नोएडा।** थाना फेस-3 क्षेत्र के मामूरा गांव में रहने वाले 3 लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए।

इस घटना में 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। थाना फेस.3 के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि मामूरा गांव में रहने वाली राधिका अपने बेटे यश 5 वर्ष तथा आर्यन के साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि बीती रात को मां ने अपने दो बेटों संग खाना खाया। उसके बाद तीनों के पेट में तेज दर्द शुरू हुआ। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर यश 5 वर्ष की मौत हो गई। राधिका और आर्यन की हालत नाजुक बनी हुई है।

# बकाएदारों के आवंटन रद्द करने के सीईओ ने दिए निर्देश

- भूखंडों पर कब्जा कर नई स्कीमों के जरिए आवंटित होंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बकाया भुगतान जमा नहीं करने वाले आवंटियों के भूखंड आवंटन जल्द ही रद्द किए जाएंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने संपत्ति से जुड़े सभी विभागों की समीक्षा कर आवंटन शीघ्र रद्द करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अब तक जिन आवंटियों के भूखंड आवंटन निरस्त हुए हैं, उन भूखंडों पर तत्काल कब्जा प्राप्त कर नई स्कीमों के जरिए आवंटित करने को भी कहा है।



सीईओ ने औद्योगिक, संस्थागत, आईटी, बिल्डर और वाणिज्यिक विभाग की समीक्षा की। प्राधिकरण का बकाया न जमा करने वाले आवंटियों के आवंटन रद्द करने के निर्देश पूर्व में भी दिए थे, उसके बाद से अब तक कितने आवंटन रद्द किए गए हैं, सीईओ ने इसकी भी जानकारी ली। बकाएदारों के खिलाफ अब तक की कार्रवाई से असंतुष्टि जाहिर करते हुए सीईओ रितु माहेश्वरी ने विभागाध्यक्षों को कड़ी फटकार लगाई। सीईओ ने बिल्डर विभाग से कहा कि बकाया भुगतान न देने वाले बिल्डरों की सभी अनसोल्ड प्रॉपर्टी जब्त करें। उनसे बकाया धनराशि की रिकवरी करें। अगर प्लॉट पर निर्माण नहीं हुआ है तो आवंटन रद्द कर कब्जा प्राप्त कर लें।

इसी तरह जो उद्यमी उद्योग लगाने के नाम पर भूखंड लेकर बैठे हैं। उद्योग लगाने की समयसीमा बीत चुकी है। प्राधिकरण का बकाया भी नहीं जमा कर रहे हैं। उनका आवंटन रद्द कर उन भूखंडों को नई योजनाओं में शामिल करें, ताकि उनका नए सिरे से आवंटन हो सके। वहां उद्योग लग सकें और लोगों को रोजगार के अवसर मिलें। सीईओ ने बोर्ड से अप्रूव्ड री.शेड्यूलमेंट पॉलिसी का कार्यालय आदेश शीघ्र जारी कर लागू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी कहा है कि अगर बकाएदार री.शेड्यूलमेंट पॉलिसी के अंतर्गत भी आवेदन नहीं कर प्राधिकरण का बकाया भुगतान नहीं करते हैं, तो उनका आवंटन तत्काल निरस्त कर दिया जाए। सीईओ ने ग्लोबल इनवेस्टर समिट के लिए हुए एमओयू की भी समीक्षा की। सभी विभागों को और अधिक एमओयू कराने के निर्देश दिए। साथ ही इन एमओयू को अब निवेश में कनवर्ट कराने के लिए भी कहा है।

## संक्षिप्त समाचार


स्कूलों की बिल्डिंग के ऊपर व पास से गुजर रही विद्युत लाइन को शिफ्ट करने के संबंध में विद्युत विभाग तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक देती हापुड़ की जिलाधिकारी।

### पुण्यतिथि पर लाल बहादुर शास्त्री को नमन

**गाजियाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि है। इस अवसर पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में देश के पूर्व प्रधानमंत्री को नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि लाल बहादुर शास्त्री देश के दूसरे प्रधनमंत्री थे। साफ सुथरी छवि और सादगी के लिए उन्हें जाना जाता है। उन्होंने देश को जय जवान जय किसान नारा दिया। इस मौके पर प्रदेश सचिव नसीम खान, विजयपाल चौधरी, सुरेन्द्र शर्मा, राजकुमार गेरा, राजाराम, राजेन्द्र, राम प्रकाश कश्यप, अहसान अली, सलमान मंसूरी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे। उधर, महानगर कांगेस कमेटी कार्यालय पर भी अध्यक्ष लोकेश चौधरी के नेतृत्व में लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का माल्यार्पण करते हुए कांग्रेसियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### शुरू हुआ किसान संदेश अभियान का दूसरा चरण

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल आजकल गन्ना किसानों का लाभकारी मूल्य घोषित कराने के लिए किसान संदेश अभियान चला रहा है। प्रथम चरण में अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक लाख पत्र भेजने का लक्ष्य रखा गया था। अभियान का पहला चरण 9 जनवरी को पत्र लेखन और उन्हें डाकघरों में पोस्ट करने के साथ समाप्त हो चुका है। रालोद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी और कार्यकारी अध्यक्ष मनजीत सिंह के निर्देशानुसार इस अभियान का दूसरा चरण भी आरंभ कर दिया है। यह जानकारी रालोद के प्रदेश प्रवक्ता चौधरी अजयवीर सिंह एडवोकेट ने दी है। दूसरे चरण का उद्देश्य भी मुख्यमंत्री ज्यादा से ज्यादा संख्या में किसान संदेश पत्र प्रेषित करने हैं ताकि फसल का समर्थन मूल्य जल्द से जल्द घोषित कर सकें। अभियान के तहत 14 जनवरी को सोशल मीडिया पर पार्टी के नेता हैशटैग कराएंगे।

### एलएलबी में दाखिले के नाम पर छात्रा से दुष्कर्म

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर.12 में रहने वाले एक व्यक्ति ने एक छात्रा को एलएलबी में एडमिट दिलाने के नाम पर अपने घर बुलाया। उसके बाद छात्रा के साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत कर मुकदमा दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि गाजियाबाद की रहने वाली एक छात्रा ने थाना सेक्टर-24 में मुकदमा दर्ज करवाया है। छात्रा ने बताया कि महेश सिंह ने उनको एलएलबी में दाखिला कराने के लिए अपने पास बुलाया था। पीड़िता का आरोप है कि महेश ने उसको अपने घर बुलाया और वहां पर उसके साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी महेश को गिरफ्तार कर लिया है।

### वकीलों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

**गाजियाबाद।** यूपी शासन की प्रमुख सचिव वीना कुमारी द्वारा गाजियाबाद और नोएडा के अधिक्ताओं को संगठित गिरोह कहे जाने के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन के नेतृत्व में तीसरे दिन भी हड़ताल जारी है। अधिवक्ता और बैनामा लेखक कार्य से विरक्त होकर धरने पर बैठे हैं। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा और सचिव विकास त्यागी का कहना है उनकी मांगे मान लिए जाने तक हड़ताल जारी रहेगी। धरनास्थल पर अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# फर्जी आईएएस बन शादी और लिव-इन का खेल

- दहेज में लिए 40 लाख और लग्जरी कार ली, अब पहुंचा जेल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

आगरा पुलिस ने गाजियाबाद से एक फर्जी आईएएस गिरफ्तार किया है। उसकी कहानी भी काफी दिलचस्प है। उसने खुद को आईएएस बताकर शादी की। साथ ही दहेज में 40 लाख कैश, लग्जरी कार और 350 ग्राम सोने की ज्वेलरी ले ली। फिर अपनी पत्नी को घर से भगा कर नोएडा में एक दूसरी युवती के साथ लिव-इन में रहने लगा।



बाद में उसकी खोजबीन करते हुए जब उसके ससुर नोएडा पहुंचे, तो उन्हें अपने घर न बुलाकर दूसरी जगह मुलाकात की। मगर, उसकी पोल खुल गई और ससुर ने उसे गिरफ्तार करवा दिया। आगरा के एत्माद्दौला के कालिंदी विहार के रहने वाले श्रीनिवास ने बेटी खुशबू की शादी 15 मार्च, 2021 को आरोपी संजय सिंह से की थी। संजय मथुरा का रहने वाला है। उसने खुद को ट्रेनी आईएएस बताया था। भरोसे के लिए आईएएस का अपना फर्जी आईडी कार्ड भी उन्हें दिखाया। पुलिस अधिकारियों के साथ उसके फोटो देखकर ससुराल वालों को उसके आईएएस होने का विश्वास हो गया था। खुशबू के ससुराल पहुंचने पर संजय और ससुरालवालों ने नोएडा में फ्लैट की डिमांड करने लगे। इस दौरान आरोपी ने पत्नी का अबॉर्शन भी करा दिया। विरोध करने पर पति और ससुरालवालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। खुशबू के पिता श्रीनिवास को पता चला कि दामाद संजय नोएडा में किसी महिला के साथ रहता है। 8 जून को श्रीनिवास और खुशबू संजय से मिलने नोएडा गए। उसने अपना पता नहीं दिया। खुद आकर मिला। दोबारा मिलने का प्रयास करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि ससुर रनवीर सिंह और सास शिव कुमारी ने धमकी दी। ससुर ने राइफल से फायर कर दिया। लेकिन, वह किसी तरह से बचकर भाग निकले। श्रीनिवास ने 30 जुलाई 2022 को एत्माद्दौला थाने में संजय, रनवीर और शिव कुमारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

# निगम ने लेखाधिकारी को थमाया तीन लाख का रिकवरी नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

तबादला होने के 18 महीने बाद भी नगर निगम के पूर्व लेखा अधिकारी अरूण कुमार मिश्रा द्वारा मकान खाली नहीं करने के मामले में नगर आयुक्त ने अब सख्त तेवर दिखाए हैं।

नगर आयुक्त ने लेखाधिकारी को तीन लाख चार हजार 157 रुपये का रिकवरी नोटिस जारी कर दिया। साथ ही एक सप्ताह के अंदर नगर निगम का सरकारी आवास भी खाली करने का निर्देश जारी किया गया है। नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ के निर्देश पर यह नोटिस संपत्ति अधीक्षक भोलानाथ गौतम की ओर से किया गया है। लेखाअधिकारी अरूण कुमार मिश्रा लंबे समय तक गाजियाबाद नगर निगम में तैनात रहे हैं। करीब 18 महीने पहले इनका तबादला नगर निगम मुरादाबाद में लेखाधिकारी के पद पर कर दिया गया। इसके बाद भी वह नगर निगम के गांधीनगर स्थित सरकारी मकान में रह रहे हैं।

लेखाधिकारी पर आरोप है कि इसके लिए वह नगर निगम की अनुमति भी नहीं ले है।

# दो सिपाहियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज

- पीसीआर में तैनाती के दौरान कर रहे थे धन उगाही, निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि 8 जनवरी को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को एक मेल प्राप्त हुई। उस मेल में एक वीडियो अपलोड की गई थी। जिसमें यह दर्शाया गया कि थाना फेस. वन क्षेत्र के झुंडपुरा चौकी क्षेत्र में पीसीआर 34 पर ड्यूटीरत कर्मचारियों द्वारा अवैध धन की उगाही की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जांच में पाई गई आख्या से यह स्पष्ट हुआ कि पीसीआर पर नियुक्त कर्मचारियों द्वारा जनता से अवैध धन उगाही की गई है। पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम ने चौकी प्रभारी झूंपुरा संजय पूर्निया को निलंबित कर दिया है। इस मामले में थाना फेस. वन के वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह की शिकायत पर थाने में कांस्टेबल अरविंद कुमार तथा कांस्टेबल अमित कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों कांस्टेबल फरार हैं।

उन्हें पुलिस उपायुक्त द्वारा निलंबित कर दिया गया है। थाना फेस.वन क्षेत्र में अवैध उगाही की वीडियो वायरल होने और पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस विभाग में तरह.तरह की चर्चा है।

चर्चा है कि थाना फेस वन क्षेत्र में सट्टा, नशे का सामान, अवैध शराब, देह व्यापार, गैस की कालाबाजारी सहित कई अवैध कारोबार चल रहे हैं। 25 से 30 लाख रुपया प्रतिमाह अवैध उगाही करता है। थाना स्तर से लेकर बड़े अधिकारियों तक हर माह मोटी रकम पहुंचती है। वहीं कुख्यात गांजा तस्कर तारा को भी नए चौकी प्रभारी संजय ने जेल भेज दिया था।



सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर पदोन्नति होने वाले पुलिस अधिकारियों को सम्मनित करती पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

# पहली रैपिड रेल गाजियाबाद में मार्च से दौड़ेगी

- पहले फेज में इस साल गाजियाबाद के दुहाई डिपो से साहिबाबाद तक रेल चलेगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नए साल पर पहले फेज में इस साल मार्च से गाजियाबाद के दुहाई डिपो से साहिबाबाद तक रैपिड रेल चलेगी। यह दूरी 17 किमी है। दूसरा फेज का भी काम चल रहा है। जिसमें साहिबाबाद से मेरठ तक का रूट फाइनल हो रहा है। इस ट्रैक पर मार्च 2024 तक संचालन शुरू हो जाएगा।

जबकि तीसरा फेज 2025 तक पूरा होगा। इस फेज में दिल्ली के सराय काले खां से मोदीपुरम डिपो तक रैपिड ट्रेन दौड़ने लगेगी। रैपिड ट्रेन में हवाई जहाज जैसी सुविधाएं होंगी। दिल्ली से मेरठ की दूरी की यात्रा का समय एक घंटा कम हो जाएगा। स्पीड 180 प्रतिघंटा होगी।



82 किमी लंबे रूट पर 2890 पिलर बनने हैंए इसमें 41 किलोमीटर ट्रैक पर 1700 पिलर बन चुके हैं। करीब 14 हजार मजदूर और 1100 इंजीनियर दिन.रात इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। पहला स्टेशन दिल्ली में सराय काले खां और आखिरी स्टेशन मेरठ का मोदीपुरम डिपो होगा। इस पूरे रूट पर कुल 25 स्टेशन होंगे। वहीं सराय काले खां से मेरठ तक 70 किमी लंबे एलिवेटिड कॉरिडोर पर हर दो स्टेशनों के बीच 16 इमरजेंसी गेट तैयार किए जाएंगे। वहीं 12 किमी लंबे भूमिगत ट्रैक पर हर 250 मीटर दूरी पर यात्रियों को दूसरी सुरंग तक ले जाने के लिए एक क्रास पैसेज बनाया जाएगा। रैपिड रेल कॉरिडोर के तहत मेरठ शहर में साढ़े तीन किलोमीटर लंबी जुड़वा सुरंग बनाई जा रही हैं। यह निर्माण तीन हिस्सों में हो रहा है। इस तरह से कुल छह सुरंग बनेंगी।

सभी की लंबाई मिलाकर लगभग सात किलोमीटर होगी। इन सभी छह सुरंगों का निर्माण जल्द ही पूरा हो जाएगा। रैपिड रेल की सुरंग नंबर एक भैंसाली से मेट्रो प्लाजा तक की है। यह रेलवे रोड चौराहे के पास पहुंचने वाली है। 1.84 किमी लंबी इस सुरंग का शुभारंभ इसी साल नौ अप्रैल को हुआ था। सुरंग नंबर तीन पर गांधी बाग से बेगमपुल तक काम चल रहा है। दूसरी सुरंग का कार्य भैंसाली से मेट्रो प्लाजा तक चल रहा है।

# यूपीपीसीबी ने दो बिल्डरों पर लगाया 1.82 करोड़ का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने ग्रेटर नोएडा में दो बिल्डरों पर मंगलवार को 1.82 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। दोनों बिल्डरों की सोसाइटी में मल जल शोधन संयंत्र (एसटीपी) बंद पाया गया था, जिसके बाद यह कार्वाई की गई है। इससे पूर्व भी निरीक्षण में एसटीपी मिला था।

यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी राधेश्याम ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आरसिटी इंफ्रास्ट्रक्चर का आरसिटी रीजेंसी पार्क प्रोजेक्ट है। जहां अभी 300 परिवार रहते हैं। सोसाइटी के निरीक्षण के दौरान वहां 290 एलडी क्षमता का एसटीपी लगा हुआ मिला जो चालू अवस्था में नहीं था और उसमें दूषित पानी भरा था। उन्होंने बताया कि जुलाई 2022 में बिल्डर पर 82.90 लाख जुर्माना लगाकर नोटिस जारी किया गया लेकिन बिल्डर ने नोटिस का जवाब नहीं दिया। इसके बाद सितंबर 2022 में सोसाइटी का फिर से निरीक्षण किया गया, तब भी एसटीपी बंद मिला। बिल्डर पर अब जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत 49.68 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी गई है। उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित ला रेसिडेंशिया डेवलपर्स की ला रेजिडेंशिया सोसाइटी में 1000 से अधिक परिवार रहते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# राहत: पानी बिल निपटान के लिए आएगी एकमुश्त समाधान योजना

● उपमुख्यमंत्री ने जल बोर्ड अधिकारियों को एक सप्ताह में पूरी योजना तैयार करने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रेस वार्ता के दौरान उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया व जल बोर्ड उपाध्यक्ष सौरभ।

पानी के भारी भरकम बिलों की लगातार आ रही शिकायतों पर दिल्ली सरकार ने संज्ञान लिया है। राज्य सरकार का कहना है कि पानी के भारी भरकम बिल की शिकायतों का मुद्दा जायज है। वह इसका समाधान निकालने की कोशिश कर रही है।

एक हफ्ते के भीतर दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी वन टाइम सेटलमेंट योजना बनाएंगेएं । इस योजना के जरिए लोगों की शिकायतों का निपटारा किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता में दिल्ली जल बोर्ड की 164वीं बोर्ड बैठक में अहम फैसला लिया गया। इसके अलावा बैठक में सीवर, पानी के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर विस्तार से चर्चा हुई है। साथ ही 24 घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करानेको लेकर भी बातचीत हुई है। इस बैठक में अनधिकृत कालोनियों में पानी व सीवर सिस्टम के विकास को लेकर मंथन हुआ।

मनीष सिसोदिया ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बोर्ड बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली सरकार 2025 तक यमुना की सफाई पूरी करने, हर घर को 24 घंटे नल से साफ पानी देने और सभी अनाधिकृत कॉलोनियों के घरों को सीवर लाइन से जोड़ने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। उपभोक्ताओं के पानी के बिल से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए फैसला लिया गया कि दिल्ली सरकार लोगों की वाटर बिल से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना पर काम कर रही है। जिसका खाका एक सप्ताह के अंदर तैयार करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड को निर्देश दिए गए हैं। काफी लोगों की परेशानी थी कि पानी के बिल ज्यादा आ रहे है।

कुछ लोगों की गलत बिल आने की समस्या थी। आज निर्णय लिया गया है कि वन टाइम सेटलमेंट योजना लाई जाएगी। जिन लोगों को लगता है कि उनका गलत बिल आ रहा है, उनका सेलटमेंट किस तरह से किया जाए। क्योंकि बहुत लोगों की शिकायतें जायज हैं। क्योंकि उनके यहां या तो मीटर रीडर नहीं गया है या फिर मीटर खराब पड़ा है।

उसके आधार पर उनके बिल की राशि बेहद ज्यादा है। ऐसे सभी मसलों का वन टाइम सेटेलमेंट करके आगे बढ़ने और लोगों पर पेंडिसी न रहे और वे समय समय पर बिल देते रहें, इसे लेकर एक सप्ताह के अंदर डीजेबी की ओर से योजना तैयार की जाएगी। योजना को तुरंत इम्पलिमेंट किया जाएगा। जिन लोगों को लगता है कि उनके बिल गलत आए हैं, उनकी समस्या का समाधान होगा।

अब उपभोक्ता स्वयं भी मौजूदा नॉन फंक्शनल वॉटर मीटर्स (नए वॉटर कनेक्शनों के अलावा) का रिप्लेसमेंट कर सकेंगे।

साथ ही करोल बाग, पटेल नगर, राजेंद्र नगर, आनंद पर्वत, जखीरा में 300 किमी की नई पाइपलाइन डाली जाएगी, ताकि लोगों को 24 घंटे पानी की सप्लाई सुनिश्चित हो सके। बुराड़ी,करावल नगर और नरेला विधानसभा क्षेत्र में 280 किमी लंबी सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी।

सीवर लाइन बिछने के बाद 44 अनाधिकृत कॉलोनियों व 14 गांव के करीब 4.17 लाख लोगों को सीवर की समस्या से राहत मिलेगी। करावल नगर में भी सीवर लाइन बिछने से 2.3 लाख लोगों को सीवर की समस्या से राहत मिलेगी। वर्तमान में दिल्ली में 26 लाख वॉटर कनेक्शन है। उनमें 18 लाख कनेक्श में किसी तरह की समस्या नहीं है। पिछली जल बोर्ड की बैठक में फैसला लिया गया था कि 100 फीसद लेट पेमेंट सरजार्ज माफ किया जाएगा। उसका फायदा उठाते हुए करीब 4.5 लाख लोगों ने 252 करोड़ रूपये के बिल जमा किए हैं। 31 जनवरी तक पानी के बिल पर लेट पेमेंट सरचार्ज की यह स्कीम को बढ़ा दिया गया है। ज्ञात हो सरकार के इस कदम से राजधानी की लाखों उपभोक्ताओं को लाभ होगा।


## 10 नए भूमिगत जलाशय बनाए जाएंगे

दिल्ली में 10 नए भूमिगत जलाशयों का निर्माण करेगी। इस परियोजना के तहत ओखला स्थित बटला हाउस और अबुल फजल में 2.2 एमजी और 3.7 एमजी क्षमता वाले भूमिगत जलाशयों (यूजीआर) का निर्माण किया जाएगा। इन दोनों यूजीआर के लिए दिल्ली जल बोर्ड की ओर से जमीन उपलब्ध है। इस परियोजना से 20 लाख अनाधिकृत कालोनियों के करीब 4 लाख लोगों को लाभ होगा। इसके अलावा 8 अन्य यूजीआर दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में बनाए जाएंगे, जिससे करोल बाग, पटेल नगर, राजेंद्र नगर, आनंद पर्वत, जखीरा आदि इलाकों के लोगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इन इलाकों में भूमिगत जलाशय बनने से कुल 22 लाख की आबादी को फायदा होगा।

# शहीद एएसआई के परिवार को मिलेंगे एक करोड़

● मोबाइल झपटमार के हमले में मारे गए गए थे एएसआई शंभू दयाल


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस के शहीद एएसआई शंभू दयाल के परिवार को केजरीवाल सरकार एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यह घोषणा करते हुए कहा कि जनता की रक्षा करते हुए एएसआई शंभु दयाल ने जान की परवाह किए बिना फर्ज को अंजाम दिया।

हमें उन पर गर्व है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि शंभू दयाल के जान की कोई क़ीमत नहीं है, पर उनके सम्मान में हम उनके परिवार को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देंगे। समाज और लोगों की सुरक्षा के लिए एएसआई शंभु दयाल ने अपना कर्त्तव्य निभाया अब हम सभी का फर्ज है कि ऐसे जांबाज पुलिसकर्मी के परिवार का खयाल रखें। केजरीवाल ने मोबाइल छीनने के आरोपी के हमले में अपनी जान गंवाने वाले मायापुरी थाने के जांबाज़ एएसआई शंभू दयाल को लेकर आज एक वीडियो ट्वीट किया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज ऐसे बहुत कम ऑफिसर देखने को मिलते हैं, जो जनता, समाज और देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान तक दांव पर लगा देते हैं। एएसआई शंभू दयाल पर पूरी दिल्ली और पूरे देश को गर्व है। ऐसे मौके पर उनको सम्मान देने के लिए दिल्ली सरकार उनके परिवार को एक करो ? रुपये की सम्मान राशि देगी। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि वो शंभु दयाल की आत्मा को शांति दें और उनके पूरे परिवार व उनके चाहने वालों को यह दुख सहन करने की शक्ति दें।

### दिल्ली महिला आयोग भी करेगा परिवार का सम्मान



स्वाति मालीवाल

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) मार्च में अपने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार समारोह में सहायक पुलिस उप-निरीक्षक शंभू दयाल के परिवार को सम्मानित करेगा। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने एक ट्वीट में कहा कि बहुत बहादुरी से दिल्ली पुलिस के एएसआई शंभू दयाल अपराधी को काबू करते हुए शहीद हो गए। हम उनको सलाम करते हैं। इस वर्ष डीसीडब्ल्यू उनके परिवार को सम्मानित करेगा।

### मुस्लिम नहीं आरोपी, मामले को सांप्रदायिक न बनाएं : पुलिस

**दिल्ली पुलिस ने एक ट्वीट कर एएसआई शंभु दयाल की हत्या करने वाले आरोपी का नाम अनीश राज पुत्र प्रह्लाद बताया है। ज्ञात रहे कि हत्यारोपी के नाम को लेकर मामले को सांप्रदायिक रंग दिया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि यह एक अपराधी है। पुलिस ने कहा कि मोबाइल फोन चोरी के आरोप में पकड़ने के दौरान इसने चाकू से हमला किया था और यह मामला सांप्रदायिक नहीं है। सोशल मीडिया में कुछ हैंडल्स द्वारा गलत व भ्रामक जानकारी दी जा रही है।**



गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के दौरान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी एनसीसी कैडेटों की हौसला अफजाई करते हुए।

# तीन दिन का विधानसभा सत्र गैरकानूनी : नेता प्रतिपक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने 16 जनवरी से तीन दिवसीय विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विधानसभा का केवल तीन दिन का सत्र बुलाए जाने को गैरकानूनी करार दिया है। उन्होंने उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि तीन दिन के इस सत्र को रद्द करके नियमानुसार शीतकालीन अधिवेशन बुलाने का निर्देश दें जिसमें प्रश्नकाल और अन्य सारी कानूनी व्यवस्थाएं हों।

बिधूड़ी ने कहा कि विधानसभा का केवल तीन दिन का सत्र 16 जनवरी से बुलाने की सूचना भेजी गई है। नियमानुसार एक कैलेंडर वर्ष में तीन पूर्णकालिक अधिवेशन बजट अधिवेशन, मानसून अधिवेशन और शीतकालीन अधिवेशन बुलाना आवश्यक होता है लेकिन केजरीवाल सरकार ने इस बार शीतकालीन अधिवेशन नहीं बुलाया। यह नियम संसद द्वारा बनाया गया है और दिल्ली की विधानसभा पर भी लागू होता है।

अब विधानसभा की जो तीन दिन की बैठक बुलाई जा रही है उसे पिछले सत्र का ही अगला हिस्सा बना दिया गया है। यह पूरी तरह से नियम विरुद्ध है।



### निगम हंगामे को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

*नई दिल्ली। भाजपा के द्वारा दिल्ली में 16 अलग-अलग जगहों पर एक साथ आम आदमी पार्टी के खिलाफ पोस्टर बैनर अभियान के माध्यम से विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की गई। प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने खुद तड़के आईटीओ पर पार्टी कार्यकर्ताओं के* साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर केजरीवाल सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। उन्होंने कहा कि एमसीडी के सदन में आप नेताओं और पार्षदों के द्वारा जो गुंडागर्दी की गई है, उसके लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल माफी मांगे। सचदेवा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## एमसीडी महापौर का चुनाव 30 को होने की संभावना

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर का चुनाव 30 जनवरी को होने की संभावना है। निगम सचिव के कार्यालय से इस तारीख का प्रस्ताव पत्र बुधवार को दिल्ली के उपराज्यपाल को भेजे जाने की उम्मीद है। महापौर का चुनाव पहले 6 जनवरी को होना था, जब 250 वार्ड के लिए चार दिसंबर को हुए चुनाव के बाद सदन की पहली बैठक हुई थी।

एमसीडी के अधिकारियों के अनुसार, यह निगम के इतिहास में पहली बार था कि नवनिर्वाचित सदन अपनी पहली बैठक में महापौर और उप महापौर का चुनाव करने में विफल रहा। हमने सदन के नए सत्र को आयोजित करने के लिए एक नई तारीख का प्रस्ताव दिया है, जिसके दौरान महापौर का चुनाव किया जाना है। इस प्रस्तावित तारीख की मंजूरी के लिए पत्र उपराज्यपाल कार्यालय को भेजे जाने की संभावना है।

# टर्मिनल 3 के गेट पर पेशाब करता युवक पकड़ा

● आरोपी को कुछ घंटे बाद जमानती मुचलके पर किया गया रिहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल तीन के प्रस्थान वाले हिस्से में द्वार पर पेशाब करने के आरोप में 39 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि बिहार निवासी जौहर अली खान नशे में था और घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किए जाने के कुछ घंटे बाद उसे जमानती मुचलके पर रिहा कर दिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें रविवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर टर्मिनल तीन के प्रस्थान वाले हिस्से में द्वार संख्या छह पर पेशाब कर दिया है।

पुलिस के अनुसार, खान नशे में लग रहा था और उसने सार्वजनिक स्थल पर हंगामा किया तथा लोगों को अपशब्द कहे। उन्होंने बताया कि खान को सऊदी अरब के दम्माम शहर के लिए रवाना होना था। पुलिस उपायुक्त हवाईअड्डा) रवि कुमार सिंह ने बताया कि सफदरजंग अस्पताल में खान की जांच की गई और वह अल्कोहल के नशे में पाया गया।

### एयर इंडिया मामले में आरोपी को जमानत नहीं

एक अदालत ने एयर इंडिया की उड़ान में एक बुजुर्ग महिला सहयात्री पर पेशाब करने के आरोपी शंकर मिश्रा को बुधवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोमल गर्ग ने आरोपी की जमानत अर्जी यह कहते हुए खारिज कर दी कि उसे इस समय जमानत पर रिहा करना उचित नहीं है।

इससे पहले, पिछले साल 26 नवंबर को इंडिया की उड़ान में नशे की हालत में एक व्यक्ति ने एक महिला सहयात्री पर पेशाब कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार



डेजल मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता के विजेता।

### अंजलि चौधरी बनीं डेजल मिसेज इंडिया यूनिवर्स

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आयोजित डेजल मिसेज यूनिवर्स के आयोजन में प्रतियोगी महिलाओं को अपना सपना साकार करने का अवसर मिला। पश्चिम विहार में आयोजित डेजल मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता में नासिक की अंजलि चौधरी डेजल मिसेज इंडिया यूनिवर्स का ताज अपने नाम किया। जबकि उप विजेता का ताज असम की पूजा वर्मा के नाम रहा। एलीट श्रेणी में फरीदाबाद की डॉ. पारुल महाजन विजेता बनी तो दिल्ली की मधुबाला सिंह उप विजेता चुनी गई। मिस श्रेणी में दिल्ली की ही पारुल सिंह डीजल मिस इंडिया यूनिवर्स चुनी गई। प्रतियोगिता की आयोजक परीसा कम्यूनिकेशन की निदेशक तबस्सुम हक बताया कि ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से 23 महिलाओं का चयन किया गया था। जिन्हें लाइफ कोच प्रशासनिक सेवा अधिकारी संजीव पांडेय, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. कनिका शर्मा सूद, डॉ. दीपा मुखुन्दन, डॉ. रीनू यादव ने प्रशिक्षित किया। जबकि कोरियोग्राफी का प्रशिक्षण गायत्री जगनमोहन ने दिया।

### उपहार अग्निकांड पर बनी वेब सीरीज को रोका जाए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में 1997 में हुए उपहार सिनेमा अग्निकांड में दोषी पाए गए रियल एस्टेट कारोबारी सुशील अंसल ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष कहा कि वेब सीरीज ट्रायल बाई फायर उनके व्यक्तित्व पर सीधा प्रहार करती है। सुशील अंसल ने वेब सीरीज ट्रायल बाई फायर की रिलीज पर रोक के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। नेटफ्लिक्स पर 13 जनवरी को रिलीज होने वाली यह श्रृंखला उपहार कांड पर आधारित बताई जा रही है। उपहार सिनेमा में 13 जून, 1997 को हिंदी फिल्म बॉर्डर के प्रदर्शन के दौरान भीषण आग लग गई थी जिसमें 59 लोग मारे गए थे। अंसल ने अदालत से वेब सीरीज की रिलीज के खिलाफ व्यवस्था देने का आग्रह किया है। वेब सीरीज के टीजर को चार दिनों के भीतर 15 लाख बार देखा जा चुका है, जिससे इसके तत्काल प्रभाव का पता चलता है।रियल इस्टेट क्षेत्र के उद्यमी अंसल (83) ने यह मांग भी की है कि पुस्तक ट्रायल बाई फायर-द ट्रैजिक टेल ऑफ द उपहार ट्रेजेडी के वितरण और प्रकाशन पर रोक लगाई जाए।

# 'तय करना होगा सेवाओं को कौन नियंत्रित करेगा'

● क्रेंद-दिल्ली विवाद : शीर्ष अदालत ने कहा संतुलन बनाना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सामूहिक जिम्मेदारी, सहायता और सलाह को लोकतंत्र का आधार करार देते हुए उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि उसे एक संतुलन बनाना होगा और फैसला करना होगा कि दिल्ली में सेवाओं पर नियंत्रण केंद्र या दिल्ली सरकार के पास होना चाहिए अथवा बीच का रास्ता तलाशना होगा।



प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सेवाओं के नियंत्रण को लेकर केंद्र-दिल्ली सरकार के विवाद पर सुनवाई फिर से शुरू करते हुए कानूनी स्थिति के बारे में भी जानना चाहा और पूछा कि किसी अधिकारी को अगर केंद्रशासित प्रदेश कैडर आवंटित किया जाता है तो क्या आम आदमी पार्टी नीत सरकार के पास पदस्थापना का अधिकार होगा। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें दी कीं कि वह उस धारणा को दूर करने की कोशिश करेंगे, जिसे बनाने की कोशिश की गई है कि उपराज्यपाल सब कुछ कर रहे हैं, अधिकारियों की निष्ठा कहीं ओर है और दिल्ली सरकार सिर्फ प्रतीकात्मक है। पीठ में न्यायमूर्ति एम आर शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा भी शामिल थे।

मेहता ने पीठ से कहा, 1992 से अब तक, उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच मतभेद का हवाला देते हुए केवल सात मामलों को राष्ट्रपति के पास भेजा गया है और कानून के अनुसार कुल 18,000 फाइल उपराज्यपाल के पास आईं और सभी फाइल को मंजूरी दे दी गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार (केंद्र द्वारा) को आवंटित अधिकारियों की एसीआर (वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट) लिखते हैं।

## इंस्टाग्राम पोस्ट को लेकर झगड़ा, 3 को चाकू मारा

**नई दिल्ली।** के जहांगीरपुरी में सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी पोस्ट करने को लेकर दो गुटों के बीच हुए झगड़े में तीन लोगों पर चाकू से हमला कर दिया गया। इस मामले में आठ लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें ज्यादातर नाबालिग हैं।

पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने कहा कि हम मौके पर पहुंचे और पाया कि तीन लोगों को चाकुओं से किए गए हमले के कारण चोटें आई हैं। 0 पूछताछ के दौरान यह पाया गया कि इंस्टाग्राम पर कुछ अपमानजनक सामग्री पोस्ट करने को लेकर नाबालिग लड़कों के दो समूहों के बीच बहस हुई, जो बाद में हिंसक हो गई। जहांगीरपुरी पुलिस थाने में 307 मामला दर्ज किया गया है।

# दिल्ली दंगा : ताहिर हुसैन के खिलाफ आरोप तय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार ने पूर्व नेता ताहिर हुसैन के खिलाफ आरोप तय कर दिए है।

तीन नवंबर को अदालत ने फरवरी, 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज धनशोधन मामले में हुसैन के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश पारित किया था।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने कहा, तदनुसार, धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की धारा-3 के तहत अपराध के लिए आरोपी ताहिर हुसैन के खिलाफ आरोप तय किया जाता है, अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 10 फरवरी को करना तय किया।

अदालत ने पहले कहा था कि आरोप तय करने के लिए प्रथम दृष्टया पर्याप्त सामग्री है, जो हुसैन के खिलाफ गंभीर संदेह पैदा करती है। अदालत ने कहा था कि हुसैन ने फर्जी लेन-देन के जरिए अपने स्वामित्व या नियंत्रण वाली कुछ कंपनी के खातों से पैसे निकाले।

अदालत ने कहा था कि फर्जी एंट्री ऑपरेटर्स ने फर्जी बिल का इस्तेमाल किया और उसे लाभार्थी बनाया जिसका उद्देश्य इस पैसे का इस्तेमाल दंगों के लिए करना था।

## शराब घोटाले के आरोपियों को बचाने को सरकारी कोष से 25 करोड़ देने का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार राजधानी के शिक्षकों व चिकित्सकों को वेतन नहीं दे रही है लेकिन आबकारी घोटाले के आरोपियों को बचाने के लिए उसने सरकारी कोष से 25 करोड़ रुपए विधिक फीस के रूप में दे दिए।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जैसे आरोपी मंत्री को बर्खास्त करने के बजाय, अरविंद केजरीवाल द्वारा उन्हें बचाने के लिए जनता के पैसे के इस्तेमाल से ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आप को उनकी पार्टी के आरोप का 24 घंटे में जवाब देना चाहिए।

# नजफगढ़ में बनेगा 4.8 किमी का एलिवेटेड कॉरिडोर

## दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने दी पहले फेज के निर्माण को मंजूरी

● प्रेम नगर, न्यू गोपाल नगर, एक्सटेंशन, लोकेश पार्क सहित 200 कॉलोनियों को मिलेगी राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नजफगढ़ को जाममुक्त करने के लिए जल्द वहां 4.8 किलोमीटर एलिवेटेड कोरिडोर का निर्माण होगा।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने नजफगढ़ से विधायक मंत्री कैलाश गहलोत व पीडब्ल्यूडी अधिकारीयों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में इसके पहले फेज के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस फ्लाई ओवर के बन जाने बाद नजफगढ़ रोड पर लगने वाले ट्रैफिक में भारी कमी आएगी और लोगों को लम्बे ट्रैफिक जाम से नहीं जूझना पड़ेगा। एलिवेटेड कोरिडोर के निर्माण के बाद फिरनी रोड,कापसहेड़ा रोड, ढासा रोड, बहादुरगढ़ रोड व नांगलोई रोड पर चलने वाले वाहन इस एलिवेटेड रोड का इस्तेमाल कर सकेंगे उन्हें और उन्हें लम्बे ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार शहर की सड़कों को ट्रैफिक जाम से मुक्त करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही है।

इस दिशा में नजफगढ़-फिरीनी रोड जो दिल्ली और हरियाणा के बीच आने-जाने वाले लोगों के मुख्य मार्गों में से एक है और यहाँ पीक आवर्स के दौरान भारी जाम हो जाता है इसे जाममुक्त बनाने के लिए यहाँ एलिवेटेड कोरिडोर का निर्माण किया जायेगा। इस नए एलिवेटेड कॉरिडोर के पूरा हो जाने के बाद वाहनों को दिल्ली से हरियाणा- हरियाणा से दिल्ली आने जाने के लिए नजफगढ़ में प्रवेश नहीं करना पड़ेगा। वे एलिवेटेड कॉरिडोर का उपयोग कर और अपना समय बचा पाएंगे। एलिवेटेड रोड की कुल लम्बाई 4.8 किमी होगी।

वन-वे कैरिजवे के साथ एलिवेटेड रोड पर जाने के लिए कुल 7 अप-डाउन रैंप होंगे। रैंपस की कुल लम्बाई 1.68 किमी होगी। फिरनी रोड, कापसहेड़ा रोड, ढासा रोड, बहादुरगढ़ रोड व नांगलोई रोड से नजफगढ़ की ओर आने वाले वाहन और दिल्ली तथा हरियाणा के बीच आवाजाही करने वाले वाहन बिना नजफगढ़ में जाए आवाजाही कर सकेंगे और उन्हें ट्रैफिक से निजात मिलेगा। एलिवेटेड रोड के बनने के बाद नजफगढ़, प्रेम नगर, न्यू गोपाल नगर, गोपाल नगर एक्सटेंशन, लोकेश पार्क सहित 200 से अधिक अन्य कॉलोनियों के लोगों को ट्रैफिक से राहत मिलेगी।

# गुरुग्राम में जितना भू-जल दोहन हो रहा, उससे कम ही जा रहा है वापस

## केंद्रीय मंत्री राव ने जताई गुरुग्राम के गिरते जल स्तर पर चिंता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में भू-जल को लेकर सेक्टर-44 स्थित जीएमडीए कार्यालय में अधिकारियों से बैठक करते मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**गुरुग्राम** के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम जिला में घटते भू-जल स्तर पर चिंता जाहिर की। उन्होंने अधिकारियों को भू-जल रिचार्ज करने के उपाय करवाने के निर्देश दिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए जहां एक ओर पौधारोपण का महत्व है, वहीं दूसरी ओर वैटलैंड यानी जलाशयों का होना भी जरूरी है। इस विषय पर बुधवार को उन्होंने गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के सेक्टर-44 स्थित कार्यालय परिसर में संबंधित अधिकारियों की बैठक भी ली।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम जिला में भू-जल स्तर को रिचार्ज करने के विषय पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वे गुरुग्राम जिला में वैटलैंड को लेकर इम्पेक्ट असेसमेंट करवाएं कि इसके नहीं होने से क्या दुष्प्रभाव होते हैं और ऐसा होने से प्रकृति व यहां रहने वाले लोगों को क्या लाभ होंगे। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गुरुग्राम जिला में जितनी जलाशयों का पुनर्रूद्धार सकें, उतना करें। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम सहित हरियाणा प्रदेश के 19 जिले भू-जल की उपलब्धता के लिहाज से डार्क जोन में पड़ते हैं। जिस गति से गुरुग्राम जिला में भू-जल का दोहन हो रहा है, उससे काफी कम मात्रा में पानी जमीन में वापिस डाला जा रहा है। ऐसे में जमीन में खोखलापन होने से जमीन धंसने का खतरा रहता है, इसलिए भू-जल रिचार्ज करने के उपाय किए जाने चाहिए। बैठक में नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त सुभाष यादव ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि गुरुग्राम नगर निगम के क्षेत्र में 75 तालाबों के जीर्णोद्धार तथा पुनर्निमाण का कार्य प्रगति पर है। इनमें से 34 तालाबों का जीर्णोद्धार कार्य पूरा हो चुका है।

**बरसाती पानी को व्यर्थ नहीं बहने देने पर भी विचार**

**बैठक** में बरसाती पानी का भरपूर सदुपयोग करने तथा इसे व्यर्थ नहीं बहने देने पर भी विचार विमर्श किया गया। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाकर ज्यादा से ज्यादा बरसाती पानी को जमीन के अंदर डालने के प्रयास गंभीरता से किए जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में बहुत सारी बड़ी-बड़ी इमारतें हैं। बरसात में उनकी छत का पानी रेन वॉटर हारवेस्टिंग स्ट्रक्चर की मदद से जमीन में डालना सुनिश्चित किया जाए। नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों ने बताया कि निगम क्षेत्र में लगभग 400 रेन वॉटर हारवेस्टिंग स्ट्रक्चर हैं तथा नियमानुसार 500 वर्ग गज या इससे अधिक बड़े आकार के प्लॉट में बने भवनों के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाना जरूरी है। बैठक में इन स्ट्रक्चरों को चैक करवाने का निर्णय लिया गया।

# राहुल गांधी आरएसएस की शाखा से जुड़कर देश की संस्कृति और सभ्यता का लें ज्ञान : डा. संजय शर्मा


डा. संजय शर्मा।

## भाजपा मीडिया प्रमुख ने कांग्रेसियों को दी सलाह

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टीज़ हरियाणा के सोशल एवं मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अभी अल्पज्ञानी हैं, इसलिए पप्पू वाली छवि से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। राहुल गांधी को चाहिए कि वे कुछ दिन आरएसएस की शाखा से जुड़कर देश की संस्कृति और सभ्यता का ज्ञान लें।

उन्होंने कहा कि राहुल की भारत जोड़ों यात्रा एक ढोंग है और वे इस यात्रा के माध्यम से देश में नफ्रत फैला रहे हैं। पुजारियों पर सवाल उठाकर करोड़ों भारतियों की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। राहुल को सलाह देते हुए डा. शर्मा ने कहा कि राहुल पहले ज्ञान अर्जित करें तब यात्रा पर निकलें, अभी फिलहाल उन्हें यात्रा रोककर बिखरी हुई कांग्रेस को जोड़ने की जुगत करनी चाहिए। डा. शर्मा ने कहा कि भाड़े की भीड़ राहुल को सिर्फ भ्रम में डाल रही है, जिससे वे उत्तेजित होकर अनाप-शनाप बोलने लगते हैं। मीडिया प्रमुख ने कहा कि 70 सालों से कांग्रेस ने देश जलाने का काम किया है और भेदभाव बढ़ाया है। डा. शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी को न तो ज्ञान है और ना कुछ देश के बारे में पता है। अनाप शनाप असभ्यतापूर्वक बोलना राहुल गांधी का आचरण हो गया है इसलिए देश की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। कांग्रेस पार्टी कितनी सेक्यूलर है। देश की जनता भली भांति जानती है। राहुल गांधी का पुजारियों पर भड़कने से कांग्रेसी भी परेशान हो गए कि वो जनता में जाकर क्या जवाब देंगे। यात्रा में जुड़ी भीड़ पर सवाल उठाते हुए डा. शर्मा ने कहा कि टिकट मांगने के लिए यह भीड़ सिर्फ पैसे के दम पर लाकर प्रदर्शन मात्र थी।

# भाजपा राज में साइबर सिटी के मनोहर सपने हो रहे साकार : जीएल शर्मा


जीएल शर्मा।

**गुरुग्राम।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने कहा कि भाजपा राज में साइबर सिटी के नाम से प्रसिद्ध गुरुग्राम के मनोहर सपने साकार हो रहे हैं। प्रदेश के साथ ही गुरुग्राम जिला के संरचनात्मक आधारभूत ढांचे में लगातार इजाफा हो रहा है। जो परियोजनाएं कभी असंभव लगती थी, आज वह साकार हो रही है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली, पानी जैसी मूल सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सशक्त नेतृत्व में गुरुग्राम विकास की नई डगर पर आगे बढ़ रहा है। विकास की यह रफ्तार आने वाले दिनों में दोगुनी गति से बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश के साथ गुरुग्राम में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है। द्वारका एक्सप्रेसवे, दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे, दिल्ली जयपुर हाईवे का नवीनीकरण के तहत मानेसर में एलिवेटेड रोड, सोहना-गुरुग्राम हाईवे जैसी बड़ी सड़क परियोजनाएं शहर के विकास को नई रफ्तार देगी। इन परियोजनाओं के जरिए गुरुग्राम की सड़क मार्ग से हर बड़े शहर से सीधी कनेक्टिविटी होगी। इसके साथ ही शहर के अंदरुनी हिस्से में भी यातायात को रफ्तार देने के लिए कई अहम परियोजनाओं की सौगात मिली। महावीर चौक अंडरपास और वॉक-वे, अतुल कटारिया चौक फ्लाईओवर-अंडरपास, बसई चौक फ्लाईओवर की सौगात शहर को मिली। जल्दी ही हीरो-होंडा चौक से उमंग भारद्वाज चौक तक एलिवेटेड रोड और बख्तावर चौक पर अंडरपास का निर्माण होगा।

# मिलेनियम सिटी को स्वच्छता, सुंदरता का तमगा दिलाने को तैयारियां तेज



गुरुग्राम में एक फ्लाईओवर के पिलर पर स्वच्छता को लेकर की गई पेंटिंग।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## ख तक की आबादी वाले 423 शहरों में है गुरुग्राम

**खुद** को स्वच्छ, सुंदर दिलाने के लिए इंसान हर समय प्रयास करता है। अच्छा पहनावा, अच्छा खान-पान करता है। यहां इंसान नहीं बल्कि शहर को स्वच्छ और सुंदर दिखाने की होड़ है। मिलेनियम सिटी गुरुग्राम का लक्ष्य है कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में टॉप-10 स्वच्छ शहरों की सूची में उसे स्थान मिले। इसके लिए यहां के नगर निगम की तैयारियां तेज कर दी हैं। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा करवाए जाने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 की परीक्षा यानी नियम एवं शर्तों की बात करें तो इसके लिए 9500 अंक निर्धारित किये गये हैं, जिनमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए 4525 अंक, सर्टिफिकेशन के लिए 2500 अंक तथा सिटीजन वॉइस के लिए 2475 अंक हैं।

इस बार नगर निगम गुरुग्राम का लक्ष्य है कि टॉप-10 स्वच्छ शहरों की सूची में गुरुग्राम का नाम हर हाल में शामिल हो। स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में 10 लाख तक की आबादी वाले 423 शहरों में गुरुग्राम शामिल है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में गुरुग्राम ने 423 शहरों में 19वीं रैंक हासिल की थी। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा को विश्वास है कि पूर्व की भांति गुरुग्राम के नागरिकों के भरपूर सहयोग के साथ गुरुग्राम स्वच्छता की लंबी छलांग लगाएगा। टॉप-10 स्वच्छ शहरों की सूची में बेहतर पायदान हासिल करेगा। सर्टिफिकेशन में गुरुग्राम को पहले से ही ओडीएफ प्लस प्लस सर्टिफिकेट हासिल है। गारबेज फ्री सिटी के लिए इस बार 5 स्टार रैंकिंग के लिए आवेदन किया गया है।

**स्वच्छता के महायज्ञ में सभी की आहुति जरूरी** : निगमायुक्त ने गुरुग्रामवासियों से कहा कि स्वच्छता के इस महायज्ञ में सभी की आहुति का होना बहुत ही जरूरी है। नागरिकों को इसमें अपना भरपूर सहयोग देना है।

इसके लिए अपने घरों में कचरे को अलग-अलग करना, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग बन्द करना, स्वच्छता एप का अधिक से अधिक उपयोग करना तथा जीरो वेस्ट इवेंट आयोजित करना शामिल है। नागरिक ना तो स्वयं इधर-उधर कचरा फैलाएं और ना ही दूसरों को फैलाने दें। यह शहर हम सभी का है तथा इसे स्वच्छ, सुंदर एवं बेहतर बनाने की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। अगर कोई व्यक्ति इधर-उधर कचरा फैलाता है या प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करता है, तो उसे ऐसा करने से रोकें। इसके साथ ही स्वयं भी कचरे को गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक कचरे की श्रेणियों में अलग-अलग करें तथा दूसरों को भी इस बारे में प्रेरित करें। गीले कचरे से खाद तैयार करके उसका उपयोग पौधों में करें और शहर को हरा-भरा बनाने में भी अपना योगदान दें।

# चेयरपर्सन का चुनाव 17 जनवरी को होगा

**सोहना।** पंचायत समिति चेयरपर्सन और उपचेयरपर्सन पद का चुनाव मंगलवार 17 जनवरी को होगा। इससे पहले 20 दिन तीन तय की गई तारीख में चेयरपर्सन का चुनाव नहीं हो सका है। सोहना पंचायत समिति चेयरपर्सन चुनाव की चौथी बार तिथि तय की गई है। अब 17 जनवरी को चुनाव तय होने की तिथि रखी गई है।

इससे पहले तीन रखी गईं तारीख में 22 और 28 दिसम्बर तथा 4 जनवरी रही है। 22 दिसम्बर को 14 में से एक भी समिति सदस्य नहीं पहुंचा था। 28 दिसम्बर को 14 में से 8 सदस्य ही पहुंचने के कारण कालम पूरा न हो सका था। 4 जनवरी को एसडीएम के न पहुंचने के कारण रदद किया था।

# राशन कार्ड कट गया है तो 18001802087 व 1967 नंबर पर करें कॉल

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में दर्ज परिवारों के विवरणों को अपडेट करने के लिए जिला, खण्ड व गांव स्तर पर विशेष कैंप लगाकर डाटा अपडेट किया जा रहा है। इसके अलावा विकास सदन स्थित अंत्योदय भवन में भी विशेष काउंटर की व्यवस्था की गयी है, जहां पर नागरिक सरलता से पीपीपी डाटा को अपडेट करवा सकेंगे।

पीपीपी से जुड़े विषयों को लेकर विकास सदन में आयोजित पत्रकार वार्ता में एडीसी ने कहा कि यदि किसी परिवार का राशन कार्ड पीपीपी में डाटा अपडेशन के दौरान कट गया है, तो ऐसे नागरिक 18001802087 और 1967 टोल फ्री नंबरों पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं, उनकी शिकायतों पर वेरिफिकेशन करवाकर कार्यवाही की जाएगी। सरकार की ओर से परिवार पहचान पत्र से संबंधित डाटा अपडेट करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। सरकार से मिले निर्देशों के तहत पीपीपी में डाटा के अपडेशन के कार्य में तेजी लाकर सभी समस्याओं का समाधान 25 जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## 25 जनवरी तक पीपीपी से संबंधित समस्याओं का समाधान करने का है लक्ष्य


गुरुग्राम में पत्रकारों से बात करते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

एडीसी ने मीडिया के माध्यम से राशन कार्ड कटने के कारणों को स्पष्ट करते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र में ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार से ज्यादा है, जिनका वार्षिक बिजली नौ हजार से अधिक है। ऐसा व्यक्ति जो पिछले तीन वर्षों से आयकर रिटर्न भर रहा है। ऐसे किसान जिन्होंने मेरी फसल मेरी ब्यौरा के माध्यम से एक वर्ष में चार लाख से अधिक की फसल बिक्री की है। इसके अतिरिक्त ऐसे प्राइवेट कर्मचारी जिनकी वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार से अधिक है। उन्हें बीपीएल सूची से बाहर रखा गया है। एडीसी श्री मीणा ने कहा कि जिला में जो लोग बीपीएल सूची से बाहर हुए है। उनमें से 65 प्रतिशत लोग नए नियमों से सहमत है। वहीं बाकी बचे 35 प्रतिशत लोगों की शिकायतों का मेरा परिवार पोर्टल के माध्यम से निवारण किया जा रहा है।

**25 जनवरी तक ठीक की जाएंगी पीपीपी से जुड़ी त्रुटियां** : अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि गुरुग्राम जिला में अभी तक कुल 3500 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें 1500 शिकायत ऑफलाइन व 2000 शिकायतें ऑनलाइन माध्यम से मिली है। उन्होंने कहा कि जिला में पीपीपी से जुड़ी त्रुटियों को दूर करने के लिए 20 ऑपरेटर्स की टीम काम कर रही है। जिनकी जोनल मैनेजर व डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के माध्यम से मोनिटरिंग की जा रही है। इसके अतिरिक्त वे स्वयं भी सभी शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया पर नजर बनाए हुए हैं। सभी त्रुटियों को 25 जनवरी से पहले ठीक किया जाएगा। उसके बाद भी यदि किसी बीपीएल परिवार की शिकायत का निवारण होने तक उनको मिलने वाला राशन मिलता रहेगा।

# अनाज मंडी में अवैध कब्जा करने की लगी होड़

## किसान और जनता को होने वाली परेशानी पर कमेटी अधिकारी के बने मूक दर्शक

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


अनाज मंडी में आढ़तों के सामने टीम शैड व चबूतरे बनाकर किए गए अवैध कब्जे।

**अनाज** मंडी की सरकारी अवैध कब्जा करने वालों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। मार्केट कमेटी विभाग अधिकारी अपनी आंखें बंद करके बैठे हुए हैं। जिससे अवैध कब्जाधारियों का हौसला बढ़ता जा रहा है। अनाज मंडी के आम रास्तों से लेकर यहां के फड़ और गंदे पानी के नाले पर अवैध कब्जा करने की स्थानीय बूथ व आढ़त मालिकों में होड़ मची है। दुकानदारों ने सरकारी जमीन पर 15 से 20 फुट तक सीमेंट की फ र्श और टीन शैड डालकर अवैध कब्जे किए हुए है। गंदे पानी के नाले पर पक्का फ र्श डालकर कब्जा किए हैं। जिसके कारण गंदे पानी की नियमित रुप से सफाई नहीं हो पा रही। सरकारी जमीन पर पक्के 3 से 5 फुट तक चबूतरे बनाए हुए हैं। जिससे मंडी परिसर के आम रास्ते दिन प्रति दिन सिकुड़ते जा रहा हैं।

**बरामदों में खींच ली पक्की दीवार** : आढ़तों के सामने नियम में तहत छोड़े गए बरामदों को बूथ व आढ़तियों ने दीवारें बनवाकर पूरा नामोनिशान ही मिटा दिया है। इसके बावजूद आढ़तियों ने 15 से 20 फुट आगे फ ड पर टीन शैड डालते हुए पक्के चबूतरा बना लिए हैं। जिसमें अन्य कारोबार जमा लिए हैं।

**चुप्पी साधे बैठा मार्केट कमेटी प्रशासन** : स्थानीय मंडी में मार्केट कमेटी का कार्यालय है। जहां पर सचिव समेत अन्य अधिकारी कार्यरत रहते हैं, लेकिन मंडी परिसर में हो रहे अवैध कब्जों को देखते हुए भी अनदेखा कर रहे हैं। यही कारण है कि अवैध कब्जा करने वालों पर किसी प्रकार की लगाम नहीं लग पा रही है।

> “ **मार्केट** कमेटी मंडी परिसर का पूरा जिम्मेदार अधिकारी होता है। विभाग की अन्य सैल के अधिकारी सचिव के आदेश पर ही अन्य प्रकार की कार्यवाही करते हैं। मार्केट कमेटी सचिव को ही अवैध कब्जों को रोकने का अधिकार होता है।
>
> **सुरेश लाठर**
> **( एक्सइएन निर्माण सैल मार्केट कमेटी )**

# पोर्टल के माध्यम से खरीदें मुख्यमंत्री को मिले उपहार

**गुरुग्राम।** अपने घर, संस्थान को वीआईपी उपहारों से सजाने के अगर आप इच्छुक और शौकीन हों तो देर मत कीजिये। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर को मिले उपहारों को आप खरीदकर अपनी यह इच्छा पूरी कर सकते हैं। उपहार पोर्टल पर जाकर मुख्यमंत्री को मिले उपहारों की ऑनलाइन खरीद की जा सकती है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान सामाजिक संस्थाओं या व्यक्तियों द्वारा सम्मान स्वरूप भेंट किए गए उपहारों को नीलाम करने का निर्णय लिया है। इसके लिए उपहार पोर्टल की शुरुआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अपने जीवन में मिले उपहारों की नीलामी पोर्टल के माध्यम से की थी। इससे मिली धनराशि को नमामि गंगे सफाई अभियान में लगाया। उनका अनुसरण करते हुए अब हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी उपहारों की नीलामी का निर्णय लिया। इनकी बिक्री से प्राप्त धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रयोग में लाने का निर्णय लिया है।

# छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय स्काउट एंड गाइड सम्मेलन में किया प्रतिभा प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


एनएसएस कैंप का उद्घाटन से पूर्व सरस्वती की वंदना करते मुख्यअतिथि।

**स्थानीय** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की नौ छात्राओं ने राजस्थान के जिला जम्बूरी के पाली में हुआ अंतरराष्ट्रीय स्काउट एण्ड गाइड सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में हुई 12 से 15 प्रकार की प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने भाग लिया।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के प्रधानाचार्य जयवीर सिंह ने बताया कि चार वर्ष में एक बार राजकीय स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्काउट एण्ड गाइड के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन होता है। इस बार राजस्थान का जिला जम्बूरी के शहर पाली में इस बार आयोजन हुआ। जिसमें उनके स्कूल से 9 छात्राओं ने भाग लेते हुए वहां पर हुई 12 से 15 प्रतियोगिताओं में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि उनके स्कूल में स्काउट एण्ड गाइड के प्रभारी प्राध्यापक पूनम छात्राओं को लेकर पाली गई थी। उन्होंने बताया कि रंगोली से लेकर पैराग्लाइडिंग, घुड़सवारी, नौकायान, तीरंदाजी जैसे प्रतियोगिताएं हुईं। जिनमें उनके स्कूल की छात्राओं ने दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिसके लिए छात्राओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

**एनएसएस का कैंप शुरू हुआ** : बुधवार से स्थानीय स्कूल में छात्राओं का सात दिवसीय कैंप शुरू किया। जिसका उद्घाटन स्कूल प्रधानाचार्य जयवीर सिंह सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एनएसएस के शिविर छात्राओं को समाज सेवा और देश के प्रति कर्तव्यता की ज्ञान सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्राओं को एनएसएस की महत्वता के विषय में जागरुक किया जाएगा।

# बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस और पंजाब एंड सिंध बैंक ने महत्वपूर्ण साझेदारी की

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ



**सार्वजनिक** क्षेत्र के अग्रणी बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक (***PSB***), जिसका मुख्यालय दिल्ली में है, और बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी कॉर्पोरेट एजेंसी साझेदारी की घोषणा की है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्वरूप कुमार साहा और बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तरुण चुघ ने आज नई दिल्ली में साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए। पंजाब एंड सिंध बैंक ने ऐसा 25वां शेड्यूल कमर्शियल बैंक है। जो बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के जीवन लक्ष्य-आधारित उत्पाद सूट को वितरित करने के लिए इसके साथ साझेदारी कर रहा है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्वरूप कुमार साहा ने कहा, पंजाब एंड सिंध बैंक को हमारे ग्राहकों को उनकी जीवन बीमा जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण समाधान प्रदान करने हेतु एक प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ता के साथ साझेदारी करने की खुशी है। बैंक अपने थर्ड पार्टी उत्पाद पोर्टफोलियो के विविधीकरण के चरण में है और इस करार के साथ हमें हमारे ऋण ग्राहकों के लिए क्रेडिट लाइफ सुरक्षा पेश करते हुए प्रसन्नता हो रही है। बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस का हमारे ऋण ग्राहकों के लिए क्रेडिट लाइफ कवर और सेवाओं सहित, इसके व्यापक उत्पाद हमारी शाखाओं में हमारे उपभोक्ताओं को उनके जीवन लक्ष्यों की दिशा में निवेश करने में मदद करने के लिए प्रभावी होंगे। इस साझेदारी के बारे में बताते हुए, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तरुण चुघ ने कहा, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस में हम सभी के लिए यह प्रतिष्ठित क्षण है। बैंक के ग्राहकों को विभिन्न खंडों में उनके जीवन लक्ष्यों को हासिल करने हेतु आनंदायक अनुभव प्रदान करने के लिए, हमारे पास व्यापक रूप से उत्पाद एवं सेवाएं उपलब्ध हैं, जो प्रौद्योगिकी समर्थित हैं। बैंक की सभी टीमों के लिए हमारी बीस्पोक बैंकिंग पेशकशें इस साझेदारी को दीर्घकालिक एवं सफल बनाने में हमें और अधिक सक्षम बनाएंगी और हम साथ मिलकर अधिकाधिक जीवन लक्ष्यों को पूरा करने में सहायता कर सकेंगे। इस साझेदारी के जरिए पंजाब एंड सिंध बैंक के नए और मौजूदा ग्राहक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के विभिन्न प्रकार के खुदरा जीवन बीमा उत्पादों का लाभ उठा सकेंगे, जिनमें अवधि, बचत, सेवानिवृत्ति और निवेश विकल्प शामिल हैं। जीवन बीमाकर्ता, बैंक के साथ मिलकर काम करेगा ताकि ग्राहकों को निर्बाध सेवा मिल सके और उन्हें योजनाबद्ध तरीके से उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सके।

# ठंड में ठिठुरते बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं को नवकल्प का मिला सहारा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में ठंड में ठिठुरते लोगों को कंबल वितरित करते नवकल्प फाउंडेशन व रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य।

**कड़ाके** की ठंड में ठिठुरते लोगों के लिए नवकल्प फाउंडेशन सहारा बनकर आया है। पिछले कई दिनों से सुविधाओं से वंचित लोगों को घूम-घूमकर कंबल व जूते बांटकर उन्हें सर्दी से बचाने के प्रयास नवकल्प ने किए हैं। बीते दो सप्ताह में 500 कंबल और 1200 जोड़ी जूते वितरित किए जा चुके हैं। यह अभियान जारी है।

नवकल्प ने अपने आओ हाथ बढ़ाएं अभियान के तहत ऐसे ही सहृदय संवेदनशील सदस्यों के सहयोग से कंबल ओढ़ाकर अपना दायित्व पूर्ण करने की तिनका भर कोशिश की है। स्कूली बच्चों को कपड़े के जूते पहनाए जा रहे हैं। मंगलवार की रात को भी टीम नवकल्प ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी की टीम के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सूरत नगर, राजीव चौक, मोर चौक सहित रास्ते में भी जो जरूरतमंद इंसान ठंड से ठिठुरते मिले, उन्हें भी कंबल दिये गये। नवकल्प फाउंडेशन के फाउंडर अनिल आर्य ने बताया कि संस्था को कंबल उपलब्ध कराने में नूंह के समाजसेवी गौरी शंकर मंगला, जमुना ऑटो की सीएसआर हेड संयम मराठा, बादशाहपुर से समाजसेवी राजेश यादव, सिग्नेचर सत्वा के चेयरमैन व नवकल्प के सीनियर उपाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, प्रमुख बाल रोग चिकित्सक डा. महावीर जैन, सुचित जैन आदि ने विशेष सहयोग किया है। नवकल्प टीम की ओर से सभी का आभार है। सचिव विकास कुमार ने कहा कि नवकल्प फाउंडेशन कोरोना काल से लेकर अब तक समाजसेवा के जो कार्य कर रहा है, वह अनुकरणीय हैं। नवकल्प के महासचिव डा. सुनील आर्य ने कहा कि नवकल्प ठंड का प्रकोप जानलेवा हो रहा है। लोग खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर हैं।

# एमजी मोटर इंडिया ने ऑटो एक्सपो 2023 में अपने विजन Drive.Ahead को पेश किया

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा



**एमजी** मोटर इंडिया ने आज ऑटो एक्सपो 2023 में भविष्य की गतिशीलता के लिए अपने विजन ***Drive.Ahead*** को पेश किया। कंपनी ने भारत में एमजी के विजन के तहत इस प्रदर्शनी में अपने पोर्टफोलियो से प्रॉडक्शन के लिए तैयार 14 वाहनों का प्रदर्शन किया, जो स्थायी, सजग और नई टेक्नोलॉजी पर ब्रैंड के फोकस का प्रसार करती है।

इस कार्यक्रम में एमजी मोटर इंडिया के प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक राजीव चाबा ने कहा, हम एक ऐसी दुनिया का निर्माण करने की दिशा में काम कर रहे हैं, जो स्थायी, मानवीय और सहज तकनीक से लैस हो। हमारा मकसद एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना है, जहां दिमागी सतर्कता और जागरूकता जिंदगी जीने के तरीके बन जाए। हमारे यहां डिस्प्ले किए गए ईवी और एनईवी रेंज के प्रॉडक्ट्स एमजी की प्रतिबद्धता और भारत में पर्यावरण के अनुकूल आवागमन के स्थायी तरीकों को अपनाने के हमारे प्रयासों को दर्शाते हैं। कंपनी ने शो के दौरान ऑटो टेक ब्रैंड के अपने नजरिये का समर्थन करते हुए तकनीकी रूप से बेहद उन्नत, भरपूर सुरक्षा और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाले दो इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को पेश किया। इन दोनों इलेक्ट्रिक वाहनों में एक एमजी4, एक प्योर-इलेक्ट्रिक हैचबैक ईवी है, जबकि दूसरा वाहन एमजी ईएचएस एक प्लग-इन हाइब्रिड एसयूवी है।

ये दोनों वाहन देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की आदत को तेजी से बढ़ाने और उसे मजबूत बनाने की एमजी की प्रतिबद्धता की झलक देते हैं। ये दोनों वाहन दूसरे वाहनों की तरह एमजी पैवेलियन में मौजूद लाइन-अप का हिस्सा हैं। दोनों वाहनों का निर्माण भविष्य को ध्यान में रखकर किया गया है और दोनों वाहन नए-नए फीचर्स, नवीतनतम तकनीक और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति अनुकूलता का बेजोड़ संगम है। इस साल ऑटो एक्सपो के लिए एमजी की थीम ***Drive.Ahead*** के साथ प्रदर्शनी में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के फोकस पर बिल्कुल खरे उतरते हैं। दोनों वाहन आधुनिक सुरक्षा फीचर्स के साथ मिलते हैं और ड्राइवर को ड्राइविंग का बेहतर सुविधा प्रदान करते हैं। एमजी4 ईवी हैचबैक के केबिन में बैठने के लिए पर्याप्त और खुली जगह है। यह पांच अलग-अलग चार्जिंग के ऑप्शंस से ड्राइविंग में भरपूर सुविधा सुनिश्चित करते हैं। 2022 में लॉन्चिंग के बाद से एमजी4 ईवी हैचबैक की 20 से ज्यादा यूरोपियन मार्केट में बिक्री की गई है, जिसमें जर्मनी, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन), इटली, स्पेन, नॉर्वे और स्वीडन शामिल हैं। एमजी ईएचएस प्लग-इन हाइब्रिड विशाल इंटीरियर्स और स्पोर्टी एक्सटीरियर के साथ शानदार दक्षता और परफॉर्मेंस प्रदान करती है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 12 जनवरी, 2023



# कत्ले आम की कहानी सुनकर आज भी कांपती है रूह

कविता। फरीदाबाद

**आमतौर** पर पूजा स्थल अपने आराध्य की पूजा अर्चना के लिए बनाएं जाते हैं, लेकिन यहां के एनएच पांच में एक गुरुद्वारा ऐसा भी है, जो भारत पाकिस्तान के समय हुए कत्ले आम की याद दिलाता है। इस गुरुद्वारे को गुरुद्वारा शहिदाने गुजरात ट्रेन के नाम से जाना जाता है।

भारत पाकिस्तान बंटवारे के दौरान भारत आते समय शहीद हुए 2600 लोगों की याद में इस गुरुद्वारा को बनवाया गया था। गुरूद्वारे प्रत्येक वर्ष शहीदी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस साल 75वां शहीदी दिवस मनाया जा रहा है।

## शहीदों की याद में गुरुद्वारे में मनाया जा रहा 75वां शहीदी दिवस

**यह है इतिहास :** एनएच पांच बी ब्लॉक स्थित यह गुरुद्वारा आस्था के साथ देश भक्ति का भी प्रतीक है। इस गुरुद्वारे का निर्माण 1951 में बंटवारे के दौरान शहीद हुए लोगों की याद में करवाया गया था। गुरुद्वारा शहिदाने गुजरात ट्रेन प्रबंधक कमेटी के सदस्यों का कहना है कि भारत पाकिस्तान विभाजन के बाद हिन्दू और सिक्ख समुदाय के लोग भारी संख्या में पाकिस्तान छोड़ यहां आ रहे थे। 10 जनवरी 1948 को एक ट्रेन पाकिस्तान के



बन्नू शहर से भारत के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन में करीब 3600 हिन्दू और सिक्ख समुदाय के लोग सवार थे। ट्रेन पर सवार लोगों की सुरक्षा के लिए 60 सैनिक थे। रास्ते में कबाईलियों ने इस ट्रेन का रास्ता बदल दिया। ट्रेन 12 जनवरी 1948 को यानी आज के दिन पाकिस्तान स्थित गुजरात स्टेशन पर पहुंची।

ट्रेन जैसे ही रुकी वह पहले घात लगाए जालिमों ने ट्रेन पर सवार लोगों पर गोलियों की बौछार कर दी। तभी ट्रेन में सवार सैनिकों ने जवाब में फायरिंग शुरू कर दी। कुछ समय तक मुकाबला करने के बाद सैनिकों का असला भी खत्म हो गया और सभी सैनिक लड़ते-लड़ते शहीद हो गए। इसके तुरंत बाद हमलावरों ने बंदूकों, तलवारों और अन्य हथियारों के साथ ट्रेन पर सवार लोगों पर हमला कर दिया। हमलावरों ने बड़ी बेरहमी के साथ 2600 लोगों की हत्या कर दी। इनमें युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल थे। बाकी बचे लोग किसी तरह अपनी जान बचा कर भारत पहुंचे थे।

बाद में पाकिस्तान से भारत आए लोगों के रहने के लिए फरीदाबाद में व्यवस्था की गई तो उन बचे हुए लोगों में से बहुत से लोग यहां आ गए। उन्होंने ट्रेन में शहीद हुए लोगों की याद में एनएच पांच बी ब्लॉक में इस गुरुद्वारे का निर्माण करवाया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा उन शहीदों की याद में हर साल 12 जनवरी को शहीदी दिवस भी मनाया जाता है। इस मौके पर गुरुद्वारे में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

# सर्दी में पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों ने किया नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन

## कई महीनों से पानी की समस्या को लेकर परेशान है सेक्टर तीन के निवासी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बल्लभगढ़ नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन देते सेक्टर 3 के निवासी।

**महीनों** से पीने के पानी की किल्लत व अन्य समस्याओं से जूझ रहे सेक्टर 3 वार्ड 40 के निवासियों ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय बल्लभगढ़ पर आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा, सचिव रतनलाल राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मपाल चहल, आवास कल्याण समिति के प्रधान राजेंद्र सिंह भाटी व रामनिवास शर्मा आदि पदाधिकारी कर रहे थे।

सेक्टर 62 आरडब्ल्यूए के उप प्रधान श्रीपाल सिंह भाटी ने भी आंदोलन एवं मांगों का पुरजोर समर्थन किया। प्रदर्शनकारी नागरिक सेक्टर-3 से निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर निगम कार्यालय बल्लभगढ़ पहुंचे। पूर्व नोटिस के बावजूद आफिस में संयुक्त आयुक्त सहित कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। जिससे गुस्साए नागरिकों ने अधिकारियों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। कार्यकारी अभियंता ने फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा को फोन कर आश्वासन दिया कि 36 वर्ग गज के क्षेत्र को आज ही रेनीवेल की लाईन से जोड़ दिया जाएगा। जिससे उस क्षेत्र निवासियों को पानी की किल्लत से निजात मिल जाएगी। निगम के जेई ने मौके पर पहुंच इसकी तस्दीक भी करवाई। कार्यकारी अभियंता ने आश्वासन दिया कि बाकी लंबित समस्याओं का शुक्रवार को बातचीत कर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

सेक्टर-3 रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा व सचिव रतनलाल राणा ने बताया कि फेडरेशन ने 9 सूत्री मांग पत्र निगम अधिकारियों को दिया था। 9 सूत्री मांग पत्र पर अधीक्षण अभियंता ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक भी हुई थी। जिसमें अधिकतर मांगे मान भी ली गई थी, परंतु धरातल पर किसी भी तरह की कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। निगम अधिकारियों के इस उपेक्षित एवं लापरवाही पूर्ण रवैया से गुस्साए वार्ड 40 के लोगों को निगम कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

फेडरेशन के सचिव रतन लाल राणा ने बताया कि वर्तमान समय में सेक्टर-3 के अंदर पांच पानी के पंप स्थाई तौर पर बंद हो गए हैं ।उनकी जगह कोई नया पानी का पंप नहीं लगाया गया है। इसके अलावा सेक्टर में अदानी, अंबानी व एयरटेल द्वारा कार्य करते समय जगह जगह ड्रिलिंग मशीन से पानी और सीवरेज की लाइन डैमेज कर दी है। जिसके कारण सेक्टर के कुछ हिस्सों जैसे पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 36 वर्ग गज के घरों में पीने के पानी के साथ सीवरेज का पानी मिक्स होकर आता है। इसके अलावा सेक्टर के बीचो बीच बह रहे गंदे नाले को बंद करने, बरसाती पानी की निकासी के उचित प्रबंध करने, सेक्टर के कुछ हिस्सों में इंटरलॉकिंग टाइल लगाने,नाहर सिंह पैलेस के सामने बची हुई सड़क को पूरा करने, पुराने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और 100 वर्ग गज के सामने खाली मैदान से मलबा उठाने बारे एक ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया की 13 जनवरी को बल्लभगढ़ नगर निगम कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। अगर इस बैठक के बाद भी निगम अधिकारी समस्याओं का समाधान नहीं निकालते हैं तो फेडरेशन और आवास कल्याण समिति को नगर निगम आफिस पर अनिश्चितकालीन धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। आक्रोश प्रदर्शन में राजेंद्र सिह भाटी , धर्म पाल चहल, रामनिवास शर्मा, उम्मेद सिंह , सरदार पलविंदर सिंह, यू. एस. शेखावत, राजेश, प्रकाश चोटीए, रविन्द्र मेहता, बोदेश गुप्ता, शेखावत, सुरेन्द्र चौहान, सतबीर, शंकर दास, नीलम , गीता, दर्शना आदि सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने भाग लिया।

# जूता व्यापारी पर जानलेवा हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोडा के आदेश व पुलिस उपायुक्त अपराध मुकेश कुमार मल्होत्रा व सहायक पुलिस आयुक्त अपराध सुरेंदर श्योराण के दिशानिर्देशों के तहत कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्मप्रकाश की टीम ने बल्लभगढ़ के सावरिया बाग बाजार में जूते की दुकान के मालिक रामकुमार पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गोलू उर्फ तालिब (20) तथा मोइन (22) का नाम शामिल है। जो फरीदाबाद की मुकेश कॉलोनी के रहने वाले हैं और भाई हैं। इस मामले में अभी पांच अन्य आरोपी फरार चल रहे हैं जिनकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। 22 दिसंबर 2022 को आरोपियों ने अपने 5 अन्य साथियों के साथ मिलकर बल्लभगढ़ के सांवरिया बाग बाजार में जूते के व्यापारी रामकुमार पर जानलेवा हमला किया था। आरोपियों ने व्यापारी के सिर, छाती तथा कमर में चाकू से 3 वार किए तथा पत्थर से उसकी छाती और सिर में चोट मारी जिसकी वजह से व्यापारी बुरी तरह घायल हो गया। वहां पर इकट्ठे हुई भीड़ को देखकर आरोपी अपनी मोटरसाइकिल वहां पर छोड़कर फरार हो गए, जिसे पुलिस द्वारा जब्त किया गया। व्यापारी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। व्यापारी द्वारा पुलिस को दिए गए बयानों के आधार पर शहर थाना बल्लभगढ़ में आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास तथा संगत अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की।

क्र इम ब्रांच की टीम ने मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा ने मामले में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए जिसके तहत क्राइम ब्रांच की टीम ने आगे कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल आरोपियों को 9 जनवरी को अज्जी कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गोलू पहलवानी करता है और आरोपी मोहित बीए फाइनल ईयर का छात्र है।

# घर से नाराज होकर निकले किशोर को परिजनों से मिलाया

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने घर से नाराज होकर निकली नाबालिग लड़की को उसके परिजनों तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है।



पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 5 जनवरी को लड़की के परिजनों ने पल्ला थाने में लड़की की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। लड़की के परिजनों ने बताया कि उनकी लड़की घर से बिना बताए कहीं चली गई है। उन्होंने उसे ढूंढने की हर संभव कोशिश की परंतु उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। लड़की के परिजनों ने बताया कि उन्होंने लड़की के दोस्तों तथा अपने रिश्तेदारों में हर जगह पूछताछ की परंतु उन्हें लड़की के बारे में कोई सुराग नहीं मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाने में मुकदमा दर्ज करके लड़की की तलाश के लिए टीम गठित की गई और क्राइम ब्रांच कैंट टीम को लड़की की तलाश करने के लिए सूचित किया गया। क्राइम ब्रांच की कैंट टीम ने मामले में तकनीकी सहायता तथा गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कड़ी मशक्कत करते हुए लड़की के फरीदाबाद के सेक्टर 30 में होने का पता लगाया। पुलिस ने सूचना के आधार पर युवती को बताए गए स्थान से सकुशल बरामद किया और उसके परिजनों को बुलाकर लड़की से बातचीत करवाई। लड़की ने बताया कि उसके परिजन उसके साथ झगड़ा करते हैं और उसे डांटते हैं इसलिए वह नाराज होकर बिना किसी को बताए घर से चली गई थी।

# तोड़फोड़ के खिलाफ अदालत जाएंगे रेहड़ी पटरी के दुकानदार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



प्रशासन और नगर निगम का विरोध करते बाटा चौक रेहड़ी पटरी वाले दुकानदार।

**बाटा** चौक रेहडी पटरी मार्केट के सभी दुकानदारों ने तोड़फोड़ शाखा, नगर निगम का विरोध करने के लिए अपनी समस्त मार्केट की दुकान बंद रखी। नगर निगम प्रशासन का विरोध करने के लिए सभी दुकानदार एकजुट होकर लामबंद हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 2014 के स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी कानून का फरीदाबाद प्रशासन उच्च अधिकारी नगर निगम आयुक्त वह जिला उपायुक्त खुला उल्लंघन कर रहे हैं।

आम सहमति से सभी ने कहा कि इन अधिकारियों की पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में शिकायत की जानी चाहिए, क्योंकि हम सभी दुकानदार दलित समुदाय और अल्पसंख्यक समुदाय से गरीब लोग हैं। प्रशासन राजनीतिक षड्यंत्र के तहत हम गरीब लोगों की 40 साल पुरानी मार्केट को कानून से हटकर जानबूझकर तोड़फोड़ करना चाहता है।

इसका हम रोड पर और उच्च न्यायालय में पूरी तरह विरोध करेंगे। लगातार मांग करने के बाद भी आज तक हमारे मार्केट के दुकानदारों का सर्वे नहीं किया गया है और ना ही मार्किट को स्थाई दुकानें देकर बसाया गया है तथा वेंडिंग जोन भी आज तक घोषित नहीं किया गया है। जोकि सोची समझी साजिश है। प्रधान दीनदयाल गोतम ने बतायाकि तोड़फोड़ दस्ते का लगभग दोपहर दो बजे तोड़फोड़ का कार्यक्रम स्थगित हुआ। सभी दुकानदारों ने रेहडी पटरी विकास संघ के बैनर तले लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ने के लिए निर्णय लिया गया।

# सीएम के मंत्रणा कार्यक्रम की सभी तैयारियां हुई पूरी

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 12 जनवरी आज गुरूवार को जिला पलवल के गांव बघौला स्थित टिवोली रिजॉर्ट में प्रात:11 बजे जिला पलवल और फरीदाबाद के सरपंचों, पंचायत समिति और जिला परिषद के सदस्यों के साथ मंत्रणा करेंगे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मंत्रणा कार्यक्रम के संदर्भ में बुधवार को उपायुक्त नेहा सिंह तथा फरीदाबाद के उपायुक्त विक्रम सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के मंत्रणा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करवाने के दृष्टिगत जिप पलवल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार को कार्यक्रम का ऑवरऑल इंचार्ज बनाया गया है।

# परिवार पहचान पत्र शुद्धिकरण को नहीं होना पड़ेगा परेशान : अपराजिता

## परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने का कार्य निरंतर जारी

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**परिवार** पहचान पत्र की जिला नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि जिला में परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने का कार्य किया जा रहा है तथा इसके लिए फील्ड वेरिफिकेशन का कार्य भी निरंतर जारी है।

उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा विभिन्न तरीकों से लोगों द्वारा उनके परिवार पहचान पत्र में घोषित आय की जांच की जा रही है व अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को व्यर्थ में परेशान होने की जरूरत नहीं है तथा उन्हें सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं व योजनाओं का लाभ मिलेगा। एडीसी अपराजिता ने कहा कि पीपीपी को



एडीसी अपराजिता पत्रकारों को बीपीएल और परिवार पहचान पत्र बारे जानकारी देते हुए।

ऑनलाइन अपडेट कराने का कार्य अटल सेवा केन्द्रों, सरल केंद्रों और सीएससी सेंटरों पर किया जा रहा है। एडीसी अपराजिता आज बुधवार को अपने कार्यालय में मीडिया कर्मियों को सम्बोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में आय वेरिफिकेशन के साथ-साथ किसी का नाम जोड़ना, दिव्यागों का स्टेट्स अपडेट कराना, जन्मतिथि में सुधार करना आदि के कार्य भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 55 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्ति के जन्मतिथि में सुधार के लिए वोटर आईकार्ड लाना अनिवार्य है। वोटर कार्ड वर्ष 2017 के पहले का होना जरूरी है।

**हेल्पलाइन नंबर जानकारी:** एडीसी अपराजिता ने बताया कि प्रशासन ने पीपीपी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0129-2792999 जारी किया है। कोई भी नागरिक सुबह नौ से शाम पांच बजे तक फोन कर परिवार पहचान पत्र से संबंधित जानकारी ले सकता है।

एडीसी अपराजिता ने आगे बताया कि पीपीपी विभागीय अधिकारियों की मानें तो फरीदाबाद में 5,92,625 परिवारों के पीपीपी बन चुके हैं। इनमें बल्लभगढ़ एरिया में 41,778, फरीदाबाद ब्लॉक में 25,395 तथा तिगांव में 28,562 परिवार शामिल हैं। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में कुल 4,96,918 लोगों के पहचान पत्र बन चुके हैं। वहीं 18,400 बीपीएल और अंत्योदय परिवार शामिल हैं।

# ऑनलाइन से मिलेगा उच्च शिक्षा एवं रोजगार का अवसर

**फरीदाबाद।** राजकीय महिला बहु तकनीकी संस्थान में एनओसीएन, यूके के इंडिया के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मिस्टर ग्राहम हास्टिग इवांस, एनओसीएन एंबेसडर मिसेज मेगी हास्टिंग इवांस, एनओसीएन के इंडिया हेड सुनील अबरोल ने इंटरनेशनल डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन के लिए सिलेक्टेड छात्राओं से व इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन के स्टाफ से मिले।

प्रधानाचार्य मीनू वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने आए हुए अतिथियों का शॉल और मोमेंटो देकर स्वागत किया। इस अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा के अंतर्गत छात्राओं को 5 माड्यूल्स की पढ़ाई ऑनलाइन करनी होगी और इसे करने के बाद उन्हें विदेश में उच्च शिक्षा एवं रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। ओआई इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीति भंडारी ने इस कोर्स के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। सुनील अब्रॉल ने छात्राओं को इस कोर्स का उद्देश्य बताया।

# रोज गार्डन में महिलाओं से छेड़छाड़ करते मनचले गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया व दुर्गा शक्ति की टीम ने रोज गार्डन में महिलाओं को परेशान करने वाले छह मनचलों को काबू किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दुर्गा शक्ति की टीम ने मनचलों द्वारा रोज गार्डन में महिलाओं को परेशान करने के मामले में महिला पुलिस ने 6 मनचलों को काबू किया है। दुर्गा शक्ति पीसीआर 5 की टीम रॉज गार्डन के बाहर सादी वर्दी में उपस्थित थी कि कुछ लड़के गेट के बाहर बिना वजह खड़े हुए थे। जब लड़कियां पार्क से बाहर आने लगी तो मनचलों ने लड़कियों को देखकर उनपर कमेंट करना शुरू कर दिया। दुर्गा शक्ति की टीम लड़कों द्वारा की जा रही इस हरकत को देख रही थी जिन्होंने लड़कों को मौके से काबू कर लिया। मनचलों को महिला थाना लाया गया और उनके माता-पिता को थाने बुलाकर उनके लड़कों द्वारा की, इस नीच हरकत के बारे में उन्हें बताया। थाना प्रभारी ने लड़कों को समझाया कि उनकी वजह से लड़कियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनकी वजह से लड़कियों के माता-पिता उन्हें स्कूल भेजने से झिझकते हैं। लड़कों द्वारा की जाने वाली इस प्रकार की छिछोरी हरकतें लड़कियों को आहत करती हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## सीए के परीक्षा परिणाम में युवाओं का रहा शानदार प्रदर्शन



इंस्टीटयूट ऑफ चार्टर्ड अकउटैंट्स आफ इंडिया की परीक्षा पास करने वाले छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित करते फरीदाबाद शाखा के चेयरमैन सीए हर्ष कुमार व अन्य।

**फरीदाबाद।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकउंटैंट्स ऑफ इंडिया द्वारा घोषित सीए के फाइनल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। फाइनल परीक्षा में अनुष्का शर्मा ने 800 में से 550 अंक हासिल कर फरीदाबाद जिले में पहला, इशांत गोयल ने 800 में से 505 अंक हासिल कर जिले में द्वितीय, दीपांशु बंसल ने 800 में से 483 अंक हासिल कर जिले में तीसरा, ध्रुव अग्रवाल ने 800 में से 483 अंक हासिल कर जिले में चौथा, और अविनाश ने 800 में से 463 अंक हासिल कर पांचवा स्थान हासिल किया। शुक्रवार को 20ए स्थित आईसीएआई भवन में फरीदाबाद शाखा के चेयरमैन सीए हर्ष कुमार मित्तल, शाखा के वाइस चेयरमैन सीए नितिश पराशर, शाखा के सचिव सीए राजेंदर सिंह ढिल्लो, शाखा के कोषाध्यक्ष सीए मोहित कुमार अग्रवाल और शाखा के एग्जीक्यूटिव मेम्बर्स सीए संजय गुप्ता, सीए शिव कुमार शर्मा, सीए मनुज गर्ग, सीए संदीप शर्मा ने ग्रोइंग प्लांट व उपहार भेंट कर उपस्थित स्टूडेंट का अभिनन्दन किया। सीए बने युवको को शाखा के चेयरमैन सीए हर्ष कुमार मित्तल ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शहर में संस्कृत प्रचार-प्रसार केंद्र का उद्घाटन किया



**फरीदाबाद।** भारत संस्कृत परिषद (विहिप) के सौजन्य से संस्कृत प्रचार-प्रसार केंद्र का उद्घाटन सैक्टर-28 रघुनाथ मंदिर, फरीदाबाद में किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता डॉ. गीता आर्या के द्वारा की गई। जिला अध्यक्ष राकेश शास्त्री ने बताया फरीदाबाद के रघुनाथ मंदिर में निरन्तर संस्कृत शिक्षण के कक्षाएं चलाई जाएंगी। जिसमें संस्कृत सम्भाषण व गीता श्लोकों का उच्चारण सिखाया जाएगा। कक्षाओं में छात्रों के साथ व्यस्कों को सामिल किया गया है, जोकि साप्ताहिक लगाई जाएंगी। भारत संस्कृत परिषद की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब संस्कृत भाषा आम जन की भाषा हो जाएगी। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद से प्रांतीय सहसंपर्क मंत्री के.डी. गर्ग, भारत संस्कृत परिषद के जिला मंत्री रघु वत्स, सहयोगी सदस्या सन्जू यादव ने उद्घाटन समारोह में अपने विचार रखे।

## प्रोफेसर बलकार सिंह की बहाली की उठाई मांग


**फरीदाबाद।** सेवा स्तम्ब व हजरस व अन्य संगठनों ने संयुक्त रूप से मीरपुर यूनिवर्सिटी में पहुंचकर निलंबित प्रोफेसर डॉ बलकार सिंह के दलित सत्याग्रह को अपना समर्थन दिया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में प्रदेश सरकार से डॉ. बलकार सिंह को बहाल करने की मांग की। सेवा स्तंभ प्रधान भगतसिंह सांभरिया व महासचिव आरपी सिंह दहिया ने डॉ बलकार सिंह से हुई वार्ता के अनुसार बताया कि यूनिवर्सिटी में हुई सहायक प्रोफेसर की भर्ती में हुई धांधली को उजागर करने की उन्हें ये सजा मिली है। उन पर लगे सभी आरोपों को उन्होंने बेबुनियाद बताया। हजरस प्रधान रमेश अहरोदिया व पूर्व प्रधान होशियार सिंह अहरोदिया ने कहा कि डॉ. बलकार सिंह जातिगत दुर्भावना के शिकार हैं। उन पर लगे सभी आरोपों से उन्हें बरी करते हुए उनकी सेवा बहाल की जाए।

## हरिद्वार में शानदार प्रदर्शन कर लौटी छात्राएं की सम्मानित



**फरीदाबाद।** राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस का छह दिवसीय कैंप का आयोजन हरिद्वार में स्थित अनंत प्रेम नंगली बेला आश्रम में निर्देशक रामाशीश मंडल के नेतृत्व में किया गया। जिसमें हरियाणा राज्य के 16 जिलों ने अपनी भागीदारी प्रदर्शित की। जिला फरीदाबाद के सराय ख्वाजा स्थित गर्वमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पांच छात्राओं ने भी भागीदारी की। छात्राओं ने अध्यापक एवं काउंसलर सोनिया की अगुवाई में भाग लिया। इनमें छात्रा सपना, दीक्षा, एकता, वंदना और सजना शामिल रही। इस मौके पर सोनिया को 31 काउंसलरों में बेस्ट कोर्डिनेटर का बेस्ट अवार्ड मिला। सोनिया ने बताया कि कई प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सोलो डांस में सपना पहले स्थान पर रही। संजना भाषण प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रही, जबकि ग्रुप सांग में भी ये पांचों छात्राएं तीसरे स्थान पर रही। कैंप से लौटने पर सराय ख्वाजा स्कूल के प्रिंसीपल रविंद्र कुमार मनचंदा को सोनिया ने कैंप रिपोर्ट सौंपी। प्रिंसीपल ने अध्यापक व छात्राओं की हौसलाअफजाई की। इस मौके पर अध्यपापक पंकज, धर्मपाल, दीपक, प्रज्ञा, दुर्गेश और समस्त अध्यापक मौजूद थे।

## सौभाग्य का उपहार, गरीबों के द्वार : स्वामी निजामृतानंद



**फ़रीदाबाद।** बीती रात्रि पांच सौ से भी अधिक मजदूर परिवारों को अम्मा के अनुपम आशीर्वाद, स्वामी निजामृतानंद जी का मार्ग दर्शन एवं हर्षामृत जी के दिव्य सानिध्य व भीषण सर्दी में आरामदायक ऊष्मा, आनंद लेकर आयी। आयुध की युवा टीम के सदस्य सैकड़ों कम्बल लेकर हर झोपडी में देने आये। अमृता हॉस्पिटल में कार्यरत सभी ई व्हीकल महिला चालकों, अन्य कर्मियों व अमृता हॉस्पिटल में कार्यरत पांच सौ से अधिक लेबर परिवारों को आरामदायक, गर्मीदायक कम्बल प्रदान किये गये। टीम आयुध के युवाओं के मन में असीम उत्साह था। उपस्थित सदजनों में हर्षमृता जी के साथ सत्यपाल, जसवीर, एपी सिंह, व अमृता अस्पताल के नर्सिंग कॉलेज, आईटी टीम, अम्माची लैब, एओसी उपस्थित थे।

## रविन्द्र फागना अकादमी ने सात विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** एक अन्य प्रैक्टिस मैच रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली और विटैलिटी क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने विटैलिटी क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से शिकस्त दी। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया यह मैच 40 ओवर का था और विटैलिटी क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। विटैलिटी क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 21.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर मात्र 126 रन का लक्ष्य दिया। विटैलिटी क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कुश गौतम ने 24 गेंदों पर 5 चौकों और एक छक्के की मदद से 27 रन, नीरज ने 32 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 25 रन और फैजान ने 12 गेंदों पर 3 चौकों और 2 छक्के की मदद से 25 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्ष फागना ने 6 ओवर 2 मैडेन 15 रन देकर 6 विकेट, अचल सिंगला ने 6 ओवर 1 मैडेन 26 रन देकर 3 विकेट हासिल किये। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने मात्र 19 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 129 रन बनाकर जीत हासिल की।


पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 12 जनवरी, 2023



# तमिलनाडु प्रकरण

## राज्यपाल पर सवाल

**संभवत:** भारत का कोई ऐसा राज्य नहीं जहां किसी न किसी प्रकार की समस्या न हो। विडंबना है कि सत्ता में बैठे लोगों को जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए एकजुट प्रयास करने चाहिए, पर अनेक मामलों में वे अपने व्यवहार से अनावश्यक विवाद पैदा कर देते हैं। तमिलनाडु का हालिया प्रकरण इसका एक उदाहरण है। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने सुझाव किया कि तमिलनाडु का नया नाम 'तमिझगम' होना चाहिए क्योंकि वह ज्यादा उपयुक्त होगा। सुझाव देने तक तो बात ठीक कही जा सकती है, पर उन्होंने इसका प्रयोग आधिकारिक संप्रेषण में करना शुरू कर दिया। कहने की आवश्यकता नहीं कि इससे तमिलनाडु के विधायक नाराज हो गए, क्योंकि इस राज्य में क्षेत्रीय भावनायें बहुत मजबूत हैं और वहां कुछ साल पहले 'हिंदी-विरोधी' व 'उत्तर भारत-विरोधी' आंदोलन तक हो चुके हैं। उस राज्य का नाम बदलने का सुझाव आसानी से स्वीकार्य नहीं हो सकता है। उनके सुझाव से राजनीतिक भावनायें भड़कना स्वाभाविक है, लेकिन इस विषय पर उनकी राय पर विचार भी किया जाना चाहिए। राजभवन द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य में कहा गया है, 'सभी लोगों को लाभान्वित करने वाली हर चीज से इनकार करने की गलत आदत या प्रतिगामी राजनीति फैल रही है। इन लोगों में अकादमीशियन भी शामिल हैं जो अपने निहित स्वार्थों पर आंखें बंद कर चलते हुए राज्य को भारत का अखंड अंग मानने से इनकार करते हैं।' यह सही हो सकता है, पर क्या राज्यपाल का काम किसी राज्य की राजनीति में बदलाव करना है? यदि राज्यपाल कोई ऐसी चीज चाहता है जिसे 'राजनीतिक' कहा जा सकता हो तो क्या उसे इस मामले में राज्य की सरकार को विश्वास में नहीं लेना चाहिए?



मजेदार बात है कि राज्यपाल रवि पूर्व भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं। वे किसी राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता नहीं रहे हैं जिसके सत्ता में आने से उनको कोई लाभ हुआ हो। राज्यपाल से संयमित व्यवहार की उम्मीद की जाती है, पर राजभवन में रहते हुए भी उसे राज्य की जनता की भावनाओं से अलग कर नहीं देखा जा सकता है। राज्यपाल से यह उम्मीद भी नहीं की जानी चाहिए कि वह राज्य सरकार के 'कामकाज' के बारे में पूर्णत: मौन रहे। हालांकि, इसके कारण राज्यपालों के व्यवहार पर विपक्षी दल सवाल उठाते रहे हैं। निकट अतीत में आम जनता के हितों के प्रति मुखर होने के कारण पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ को आलोचनाओं का शिकार बनना पड़ा। हालांकि, देश के उप-राष्ट्रपति बनने के बाद भी उन्होंने अपनी 'स्पष्टवादिता' छोड़ी नहीं है। केरल के राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान भी अपनी स्पष्टवादिता के कारण अक्सर सत्तारूढ़ माकपा के निशाने पर रहते हैं, लेकिन यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि उनकी 'पंथनिरपेक्ष छवि' तथा 'विद्वता' पर कोई सवाल नहीं उठाए जा सकते हैं। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने भी द्रविण राजनीति के 'नकारात्मक पक्ष' देखे और समझे हैं। उन्होंने एक खबरिया एजेंसी से कहा, 'तमिलनाडु में एक अलग किस्म का विमर्श रचा जा रहा है। पूरे देश पर लागू होने योग्य चीज से तमिलनाडु इनकार कर देता है। यह आदत बन गई है। अनेक सिद्धान्त गढ़े गए हैं जो सभी झूठे व सारहीन हैं। यह स्थिति बदलनी चाहिए और सत्य स्वीकारा जाना चाहिए।' लेकिन राज्यपाल के कथन पर द्रमुक नेता टी.आर. बालू का कहना है कि 'रवि के बयान तथ्यात्मक रूप से गलत तथा अत्यधिक खतरनाक हैं।' इस टकराव के परिणामस्वरूप राज्य में संवैधानिक गतिरोध की स्थिति पैदा हो गई है। इस स्थिति से बचने के लिए राज्यपालों के पदों पर बैठे लोगों का पद के साथ ही व्यक्तिगत रूप से सम्मान व उनके द्वारा उठाए मुद्दों पर विचार-विमर्श जरूरी है। अनेक राजनेताओं ने राज्यपाल द्वारा उठाए मुद्दों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया है।

# सरकार गठन में सफल प्रचंड

प्रचंड ने प्रधानमंत्री बनने के लिए कई पार्टियों से समर्थन लिया। उन्होंने अपने विरोधी रहे व संदिग्ध पहचान वाले नेताओं को भी खुश किया।



**अशोक के. मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त ले. जनरल हैं)



नेपाल की राजनीति में पहले ऐसा कभी नहीं हुआ जैसा अब हो रहा है। पहले कभी किसी दोषसिद्ध व जेल में बंद राजनेता से मिलने इतने विख्यात लोग नहीं गए जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री माधव नेपाल, नेपाली कांग्रेस के कद्दावर नेता तथा पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पत्नी अर्जू राना तथा प्रधानमंत्री प्रचंड व अनेक नेताओं के संदेशवाहक शामिल हैं। नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के रेशम चौधरी इन दिनों जेल में आजन्म कारावास की सजा काट रहे हैं। उनको वर्ष 2015 में टीकापुर या प्रांत संख्या 7 में अपने साथी थारुओं को सात पुलिसजनों की हत्या के लिए उकसाने का दोषी पाया गया है। उनकी पार्टी के तीन सांसद हैं जिनका समर्थन प्राप्त करने के प्रयास हुए। अब पार्टी का संचालन रेशम चौधरी की पत्नी व पिता कर रहे हैं। बताया जाता है कि समर्थन के बदले रेशम को अध्यादेश के माध्यम से रिहा कराने का वादा किया गया। हालांकि, सभी जानते हैं कि ऐसा संभव नहीं होगा। लेकिन नेपाली कांग्रेस-नेका व सीपीएन-यूएमल के दो प्रमुख गठबंधनों तथा खासकर प्रचंड को अपनी सीटों की संख्या बढ़ाने की इतनी ललक थी कि उन्होंने ऐसा वादा किया। प्रचंड को 32 सीटें मिली हैं, पर वे अपने समर्थकों की संख्या 138 तक पहुंचाना चाहते थे ताकि सरकार बना सकें।

इसके पहले कभी अकेली सबसे बड़ी पार्टी को जीतते-जीतते हार का सामना करना पड़ा। यह पार्टी देउबा नीत नेपाली कांग्रेस का गठबंधन है जिसमें प्रचंड शामिल थे। स्पष्ट रूप से देउबा ने प्रचंड की इच्छा और आकांक्षा को बहुत कम कर आंका जिन्होंने अडिग रूप से राज्य व राजतंत्र के खिलाफ क्रांति का नेतृत्व किया था। 89 सीटें पाने के बाद महत्वाकांक्षी देउबा छठी बार प्रधानमंत्री बनना चाहते थे। कहा जाता है कि ज्योतिषियों ने उनके सात बार प्रधानमंत्री बनने की भविष्यवाणी की थी। देउबा ने केवल 32 सीटें पाने वाले प्रचंड को पहले प्रधानमंत्री का पद देने से इनकार कर दिया, जबकि इस प्रकार से सत्ता में साझा नेपाल में आम बात हो गई है। हालांकि, ऐसे समझौतों के संदिग्ध चरित्र व उनके क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाइयों ने विद्रोह और राजनीतिक उठापटक को न्योता दिया है। प्रचंड ने अपनी राजनीतिक गणित ठीक से की थी और उन्होंने देउबा को उपयुक्त संकेत भी दिए थे। लेकिन शेर बहादुर देउबा के इनकार करने पर वे फौरन बालाकोट स्थित बालूवाटर में पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. ओली के सीपीएन-यूएमल गठबंधन में शामिल होने पहुंच गए। इससे देउबा की रणनीति विफल हो गई।

प्रचंड के 'प्लान बी' ने नेपाली कांग्रेस में देउबा के खिलाफ विद्रोह पैदा कर दिया और वे इसका पूर्वानुमान नहीं कर सके। देउबा के पास कोई प्लान बी नहीं था। राना की रणनीति में ओली-नीत गठबंधन तोड़ना शामिल था जिसमें राजेन्द्र लिंगडेन, आरपीपी के 14 सांसद, उपेन्द्र यादव, जनता समाजवादी पार्टी के 12 सांसद, रबी लमिछाने की आरएसपी के 21 सांसद, रेशम चौधरी की नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के 3 सांसद, सी.के. राउत की जमात पार्टी के 5 सांसद तथा अनेक निर्दलीय सांसद शामिल थे। इनकी संख्या 166 हो जाती। 26 दिसंबर को प्रचंड तथा 6 मंत्रियों को शपथ दिलाने के बाद राना ने यह महागठबंधन तोड़ने का प्रयास किया। मंगलवार 10 जनवरी को प्रचंड के विश्वास मत प्राप्त करने के पहले सप्ताहान्त को अंतिम प्रयास करते हुए नेपाली कांग्रेस ने प्रधानमंत्री लिंगदेन तथा सीपीएन-यूनाइटेड सोशलिस्ट के 10 सीटों वाले माधव नेपाल को एक-एक साल प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव रखा। नेपाली कांग्रेस ने ऐसा ही प्रस्ताव लमिछाने के समक्ष रखा जिन्होंने कहा कि वे पहले ही उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री हैं। जेएसपी-एन के यादव को उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री बनाने का प्रस्ताव रखा गया तथा उनको 6 महीने के भीतर सदन में निर्वाचित कराने का वादा किया गया। जब ओली के हस्तक्षेप के बाद लिंगदेन ने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया तो पूरा आपरेशन विफल हो गया। इस प्रकार विश्वास मत बाधित करने की गणित भी निरर्थक सिद्ध हो गई। यदि ऐसा न होता तो राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी अकेली सबसे बड़ी पार्टी के नेता देउबा को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करतीं। पिछले शनिवार को प्रचंड द्वारा न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार करने के बाद आरपीपी व जेएसपी-एन ने विश्वास मत समर्थन का वादा किया था। यह प्रस्ताव ओली के नेतृत्व वाली उच्चाधिकार प्राप्त राजनीतिक व्यवस्था को पेश किया गया। प्रचंड के लिए राजनीतिक मांगों को स्वीकार करना आसान नहीं था क्योंकि गठबंधन सहयोगियों की मांगें व महत्वाकांक्षायें बहुत बढ़ी हुई थीं। इसी प्रकार विश्वास मत प्राप्त करना भी उनके लिए आसान नहीं था। लेकिन नेपाल के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले पुष्प कमल दाहल 'प्रचंड' राजनीतिक विरोधाभासों से निपटने के मामले में कोई नौसिखिया नहीं हैं। उन्होंने यह राजनीतिक कला प्रधानमंत्री रहते हुए अच्छी तरह सीखी है।

नेपाल की वर्तमान राष्ट्रपति सुश्री विद्या देवी भंडारी का कार्यकाल मार्च में समाप्त हो जाएगा। वर्तमान समझौते के अनुसार सीपीएन-यूएमएल को राष्ट्रपति व संसद अध्यक्ष के पद मिलेंगे। राष्ट्रपति पद के लिए पूर्व अध्यक्ष सुभाष नेमबांग का नाम चर्चा में है, हालांकि इसमें थोड़ी घरेलू परेशानी भी है। यदि माधव नेपाल ओली गठबंधन में शामिल होते तो यह एक प्रकार से उनकी उसी प्रकार 'घर वापसी' होती जिस प्रकार प्रचंड की वापसी हुई है। ऐसी स्थिति में वे संभवत: राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होते। वर्तमान समय में नेपाली राजनीति के विजेता गठबंधन में प्रांतों में भी सरकार बनाने के लिए गठबंधनों के बारे में चर्चा हुई है। सात प्रांतों में से सीपीएन-यूएमएल को चार मुख्यमंत्री बनाने का अवसर दिया गया है। वह प्रांत संख्या 1, 4, 5 व 7 में अपने मुख्यमंत्री बनाएगा। लेकिन प्रांत संख्या 7 में बिना रेशम चौधरी के कोई सरकार नहीं बन सकती है। माओवादी प्रांत संख्या 3 व 6 में अपनी सरकारें बनाएंगे। लेकिन विडंबना है कि प्रांत संख्या 3 में आरपीपी के बिना कोई सरकार बनना संभव नहीं है। मजेदार बात है कि प्रांत संख्या 2 में राजतंत्र-विरोधी पंच सरकार के कट्टर समर्थकों के साथ सत्ता में बैठेंगे, लेकिन केवल मधेश प्रदेश, जेएसपी-एन व जमात पार्टी मुख्यमंत्री पद का साझा करेंगी।

कहा जाता है कि भारत सरकार के कहने पर नेपाली कांग्रेस गठबंधन ने विश्वास मत में पुष्प कमल दहल प्रचंड का एकमत होकर समर्थन किया। लेकिन विडंबना है कि जनता का सबसे बड़ा जनादेश पाने वाली यह पार्टी अब विपक्ष में बैठेगी। यह उसकी सबसे बड़ी राजनीतिक विफलता कही जा सकती है। वे विपक्ष में माधव नेपाल के साथ बैठेंगे जो कोई उचित निर्णय नहीं कर सके। इसके साथ ही विपक्ष में लगातार बिखर रही मधेशी पार्टी तथा वयोवृद्ध महन्त ठाकुर के नेतृत्व वाली लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी भी विपक्ष में बैठेगी। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के चार सांसद हैं। रणनीतिक गलतियों तथा मामूली अंतर से बहुमत से पीछे रह जाने वाली नेपाली कांग्रेस-नेकां अब कह रही है कि वह लोकतांत्रिक राजनीति करती है और केवल सत्ता की दौड़ में शामिल नहीं है। लेकिन नेपाली कांग्रेस के अनेक नेताओं की यह राय नहीं है और वे पार्टी की वर्तमान स्थिति से बिल्कुल संतुष्ट नहीं हैं।

जहां तक वर्तमान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड का मामला है, उनका तीसरा प्रधानमंत्री कार्यकाल फिलहाल अनिश्चितताओं में घिरा हुआ है। नेपाली संविधान के अनुसार कम से कम अगले साल तक प्रचंड सरकार के खिलाफ संसद में अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता है। लेकिन प्रचंड के खिलाफ खतरा विपक्ष में बैठे दलों के बजाय उनके गठबंधन के भीतर से हो सकता है।

# भागवत का संदेश आवश्यक और अपरिहार्य

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी, लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के लिए अपने वक्तव्यों को लेकर चर्चा व विवादों में रहना कोई नई बात नहीं है। उन्होंने एक बार फिर अपने इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए देश के मुसलमानों से कहा है कि उन्हें भारत में डरने की जरूरत नहीं है। यह कथन सामान्य है लेकिन आगे जो संघ प्रमुख ने कहा वह महत्वपूर्ण भी है और बात कुछ ऐसी है जो निकली है तो दूर तक जाएगी। भागवत ने बिना किसी लाग लपेट के दो टूक 20 करोड़ से ज्यादा आबादी वाले कथित अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय से कहा है कि वे अपने श्रेष्ठ होने का दावा छोड़ें।

मोहन भागवत की इस नसीहत पर मुस्लिम समाज को बेहद संजीदगी से गौर करना चाहिए कि वे ही सही है और बाकी सब गलत और अब इस विचार का भी कोई स्थान नहीं कि वे फिर इस देश पर शासन कर सकते हैं। उन्हें यह अस्तित्व को समझना और इस पर अमल करना चाहिए। मुसलमान अपने धार्मिक विश्वास पर टिके रहें और चाहें तो अपने पूर्वजों की आस्था में लौट सकते हैं। हिंदुओं पर हिंसा के जरिए अपनी श्रेष्ठता जाहिर करने की मंशा रखने काले अकबरुद्दीन ओवैसी न पहले शख्स हैं और न आखिरी। इस देश पर शासन करने की बात जब तब याद दिलाई जाती है और इस काम में सबसे बढ़ चढ़ कर हिस्सा मुस्लिम समाज के वे धार्मिक लोग लेते हैं जिनसे सौहार्द और भाई चारे को बढ़ावा देने की उम्मीद की जाती है। हिन्दू देवी देवताओं से लेकर भगवा रंग को बिरयानी में डालने और सिनेमा में भगवा रंग को विरूपित करने के प्रयास सबके सामने मुंह बाए गोया हिंदुओं को चिढ़ा रहे हैं।

संघ प्रमुख ने मुस्लिमों से श्रेष्ठता व वर्चस्व का दावा छोड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने जिसे दावा कहा है वह व्यावहारिक रूप से दम्भ है और यह सर्वविदित भी है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के विधायक भाई अकबरुद्दीन ओवैसी का कुख्यात कथन ''पंद्रह मिनट के लिए पुलिस हटा लो तो पता चल जाएगा कि हम 100 करोड़ हिंदुओं का क्या करेंगे'' इसी दम्भ से उपजा था जिसे खाद बीज हिंसा की श्रेष्ठता से मिलता है।

जाहिर है कि मोहन भागवत ने परोक्ष रूप से संघ की इस अवधारणा को पुन: रेखांकित किया है कि इस देश में रहने वाले सभी नागरिकों का डीएनए एक है। भागवत ने बहुसंख्यक हिंदुओं में आई आक्रामकता को जायज व स्वाभाविक बताया और उनका यह रुख स्वागत



योग्य है हालांकि यह भी सच है कि हिन्दू आज भी आक्रामक न होकर सहिष्णु है और यह जब तक देश के विभिन्न हिस्सों में दिखाई भी देता रहता है। शताब्दियों से हिन्दू समाज ने जो आक्रमण व अत्याचार झेला है उसके मद्देनजर विगत सालों में उनके भीतर आया परिवर्तन किसी तरह की आक्रामकता न होकर महज मध्यम सी चेतना है जिसने हिदू विरोधी सामाजिक व राजनीतिक ताकतों को बदहवास कर दिया है। केवल 59 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कमान संभालने वाले सबसे कम उम्र के सरसंघचालक मोहन भागवत बहुधा अपने बयानों को लेकर सामाजिक ही नहीं राजनीतिक व धार्मिक क्षेत्रों में भी लोगों के दिल और दिमाग में उलझन पैदा करते रहे हैं। स्मरण रहे कि 2015 में बिहार विधान सभा चुनाव के ऐन बीच उन्होंने आरक्षण की समीक्षा करने की बात कहकर भाजपा को असहज करते हुए भाजपा विरोधियों को यह कहने का अवसर दे दिया कि भाजपा आरक्षण विरोधी है। हालांकि बाद में भागवत ने बात को संभालने की कोशिश में बयान दिए लेकिन तब तक जो सियासी नुकसान होना था वह हो चुका था।

जाहिर है कि अतीत में अपने कई वक्तव्यों से बहुसंख्यक हिंदुओं को उलझन में डाल चुके संघ प्रमुख मोहन भागवत के ताजा बयान ने विचारधारा और इसके अनुपालन के स्तर पर संघ के प्रति विश्वास व निष्ठा को बनाए रखा है। ऐसा नहीं है कि पहले भागवत ने इस दृष्टि से कुछ कहा न हो। वह जनसंख्या नीति बनाई जाने पर निरंतर जोर देते रहे हैं और साथ ही इस ओर भी ध्यान आकृष्ट कराते रहे हैं कि धर्म विशेष पर आधारित जनसंख्या वृद्धि ने कैसे भारत सहित दुनिया के कई हिस्सों में भौगोलिक सीमाओं में उलटफेर किया है। उनकी इस अवधारणा पर भी संघ विरोधी विचारधारा की ओर से हमले हुए लेकिन इससे विचलित होने का न कोई कारण था और न ही विचलन हुआ। मोहन भागवत ने 20 करोड़ से ज्यादा की कथित अल्पसंख्यक आबादी को सह अस्तित्व का बोध कराया है जो आवश्यक भी है और राष्ट्र व सनातन हिंदुत्व के विकास व प्रसार के लिए अपरिहार्य भी।

विवादित बयानों की श्रृंखला में यह न तो पहला बयान था न ही अंतिम। कई बार ऐसे अवसर भी आए जब हिन्दू समाज उनके वक्तव्य से असहज हो गया। सबका डीएनए एक है जैसे वक्तव्य इसी श्रेणी में है। ऐसे ही हिंदुओं को तब भी निराशा हुई थी जब उन्होंने कहा था कि संघ अब किसी मंदिर आंदोलन का नेतृत्व नहीं करेगा। ऐसे ही उनका यह वक्तव्य भी अधिसंख्य हिंदुओं को अखरा था जब उन्होंने कहा था कि हर मस्जिद में शिवलिंग मिलने का भी क्या अभिप्राय है। मस्जिदों व मदरसों का भ्रमण व विभिन्न अवसरों पर मुस्लिमों से संवाद, मेल मिलाप के दौरान उनका रुख हिंदुओं को उलझन में अवश्य डालता रहा। अपने ताजा वक्तव्य में मोहन भागवत ने समलैंगिकता का भी समर्थन किया है और इस सम्बंध में उन्होंने पौराणिक ग्रंथों से उदाहरण भी दिया। उल्लेखनीय है कि दुनिया के कई देशों ने समलैंगिकता को सामाजिक ही नहीं बल्कि कानूनी मान्यता भी दी है और भारत में भी सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ ने छह सितंबर 2018 को समलैंगिकता को कानूनी मान्यता दे दी। अंग्रेजी राज में अस्तित्व में आई आईपीसी की धारा 377 के तहत समलैंगिकता अपराध था और इसके लिए दस साल तक की सजा का प्रावधान भी था। बहरहाल आरएसएस ने समलैंगिकता का समर्थन किया है तो संघ विरोधी इसे मुद्दा बनाएंगे इसकी भरपूर संभावना है।

## आप की बात

### अदालत से उम्मीद

**जोशीमठ** के जमीन दरकने के मामले का संज्ञान तत्काल लेने से मना करने पर न्यायालय को लेकर आमजन में थोड़ी नाराजी है। कोर्ट का मानना है कि इसके लिए सरकार है, वहीं हल्द्वानी के गफूर बस्ती प्रकरण पर न्यायालय ने तत्काल संज्ञान लेकर पीड़ितों को राहत दे दी है। एक ही राज्य के दो अलग अलग स्थानों को लेकर न्यायालय का रवैया फिलहाल जनता की समझ से परे है। आमजन जोशीमठ में भी अतिक्रमण के शिकार होकर परेशानी झेल रहे हैं और उनकी जान पर बन आयी है। अतिक्रमण के शिकार स्थानीय लोगों के प्रति उदासीन रवैया और अभी गफूर बस्ती एवं कुछ समय पूर्व दिल्ली स्थित जहांगीरपुरी में अतिक्रमण करने वालों के प्रति त्वरित प्रतिक्रिया कहीं न कहीं देश वासियों को परेशान कर देती है और इस दोहरे रवैये से असमानता का भाव उत्पन्न होता है। या तो त्वरित प्रतिक्रिया सभी के लिए सुलभ हो या किसी के लिए नहीं। ऐसा ही उदाहरण कुछ वर्षों पहले एक आतंकी की याचिका की सुनवाई के लिए भी सामने आया था जब न्यायालय ने आधी रात अपने दरवाजे खोल दिए थे। न्यायपालिका की निष्पक्षता पर कोई सवाल नहीं उठा सकता है, पर उसे जनता में पारदर्शी रूप से निष्पक्ष दिखना भी चाहिए। अदालतों से बहुत उम्मीद है।

**मनोज,** मेरठ

### सभ्य व्यवहार जरूरी

**नशे** में यात्री ने एयर इण्डिया के उड़ते विमान में ही सभ्य महिला यात्री पर पेशाब कर दी। जब महिला यात्री के साथ ही अन्य यात्रियों ने विरोध किया तो वह गाली-गलौज और मारपीट पर उतर आया। दूसरी घटना में दिल्ली के इंदिरागांधी इंटरनेशनल हवाई अड्डे टर्मिनल क्षेत्र के गेट ही सबके सामने पेशाब कर दी। यात्रियों के विरोध करने पर वह भी मारपीट, गाली-गलौज व हंगामा करने लगा, जिसे सुरक्षाकर्मियों ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। आखिर ये विमान हैं या विमानतल अथवा पेशाबघर? इधर देशभर में जिन प्रदेशों में शराबबंदी नहीं है वहां शराबबंदी की मांग की जा रही है। उधर दिल्ली में नई शराब नीति की तैयारी चल रही हैण् जहाँ व्यापारी सुझाव दे रहे हैं कि पीने की उम्र 25 से घटाकर 21 कर दी जाये व ग्राहकों को अच्छा अनुभव देने के लिए बड़े बाजारों व निजी शराब स्टोर्स खोलने की अनुमति दे दी जाए। बाजार व मॉल भी रात 1 बजे तक खुले रखे जाएँ जिससे ग्राहक अन्यत्र रुख न करें। मतलब शराब का शबाब बढ़ाने की कवायद वहां की जा रही है। ताकि निजी आमदनी भी बढ़ सके और सरकारी राजस्व भी। लेकिन मदिरापान के साथ सभ्य व्यवहार भी जरूरी है।

**महेश नेनावा,** इंदौर


### सराहनीय कदम

**न्यायिक** प्रक्रिया का डिजिटलीकरण अपने आप में एक अनोखा प्रयास है जो न्याय को गति देने का अवसर प्रदान करेगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने इलेक्ट्रॉनिक सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट्स, परियोजना शुरू करने की घोषणा की। इस परियोजना का उद्देश्य वकीलों, कानून के छात्रों और आम जनता को सर्वोच्च न्यायालय के 34000 फैसलों तक पहुंच प्रदान करना है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट उसके मोबाइल ऐप और नेशनल ज्यूडिशरी डाटा ग्रिड के जजमेंट पोर्टल पर उपलब्ध होंगे। यह देश भर के सभी वकीलों के लिए मुक्त सेवा होगी। सुप्रीम कोर्ट ने ईएससीआर के डाटा में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के साथ एक रिसर्च इंजन विकसित किया है। फिलहाल 1 जनवरी 2023 तक घोषित फैसलों को उपलब्ध कराया जाएगा तथा फेसबुक को 24 घंटे के भीतर ऑनलाइन कर दिया जाएगा। इस पर काम करने के लिए तीन न्यायाधीशों वाली एक समिति भी बनाई गई है। इस तरह न्याय प्रक्रिया को आधुनिक सुविधाओं के साथ जोड़ा जाना बेहद सराहनीय कदम है।

**एस कुमार,** वैशाली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**प्रवासी** भारतीयों को मैं विदेशों में ब्रांड एंबैसडर व भारत का राष्ट्रदूत समझता हूं। आपकी भूमिका विविधतापूर्ण है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**सुगठित** आतंक-विरोधी रणनीति के अभाव में आतंकवाद खतरनाक रूप से बढ़ रहा है और वह सुरक्षा बलों को निशाना बना रहा है।

– **इमरान खान**
पूर्व पाकिस्तानी राष्ट्रपति



**गुजरात** के मुख्यमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी का 12 साल का कार्यकाल बहुत अच्छा था।

– **गौतम अडानी**
उद्योगपति

# गंगा विलास क्रूज: विविध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों की एक यात्रा

## टाम क्रूज पर्यटन को 13 जनवरी को प्रधानमंत्री दिखायेंगे हरी झंडी

काशी भारत के सबसे पुराने शहरों में से एक है और सप्तपुरी का हिस्सा है। शिव की नगरी आध्यात्मिक, पौराणिक के साथ-साथ पर्यटन का विश्व में एक प्रमुख स्थान है। जिसका भव्यता एवं दिव्यता में प्रधानमंत्री के यहाँ से सांसद बनने के बाद से निरन्तर इजाफा हो रहा है,पर्यटन विकास का कार्य चल रहा है। अब दर्शकों हेतु भगवान भोले के दर्शन के लिए अब गंगा से सीधे काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर को जोड़ दिया गया है। जिससे पर्यटकों/श्रद्धालुओं को अब और सुगमता से दर्शन होते हैं। अब काशी में विश्व स्तरीय होटल रिसार्ट पर्यटकों के ठहरने एवं भोजन की उच्च गुणवत्ता की व्यवस्था उपलब्ध है। काशी नगरी कवि, लेखक भारतीय दार्शनिक तथा संगीतकारों आदि की जननी है। काशी आदि समय से धर्म के साथ-साथ संगीत का भी केन्द्र रहा है,जो आज भी विद्यमान है। काशी की भव्यता एवं दिव्यता में एक कड़ी और जोड़ते हुए टाम क्रूज पर्यटन को भारत के प्रधानमंत्री 13 जनवरी 2023 को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। एमवी गंगा विलास क्रूज दुनिया के सामने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार किया गया है। विश्व विरासत स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों, नदी घाटों बिहार में पटना, झारखण्ड में साहिगंज पश्चिम बंगाल



मे कोलकाता, बांग्लादेश मे ढाका और असम में गुवाहाटी जैसे प्रमुख शहरों सहित 50 पर्यटन स्थलों पर 51 दिन की यात्रा रहेगी। जिसमें तीन देशों स्वीटजरलैण्ड, जर्मनी के 36 पर्यटकों विराजमान होंगे। यह सुखद एवं सफल कार्यक्रम का अनुभव उत्तर प्रदेश को मिल रहा है, प्रधानमंत्री की प्रेरणा से सम्भव हो रहा है। टाम क्रूज काशी से चल कर 27 नदियों के माध्यम से 50 पर्यटन स्थल के साथ-साथ 3200 किमी की दूरी की यात्रा तय करेगा। वैश्विक स्तर पर हमारी समृद्ध विरासत इस यात्रा के साथ बहुत आगे बढ़ेगी क्योंकि विदेशी पर्यटक भारत की आध्यात्मिक, शैक्षिक, कल्याण, सांस्कृतिक और साथ ही जैव विवधता की समृद्धि का अनुभव करने में सक्षम होंगे। यह उत्तर प्रदेश पर्यटन का गौरवमयी क्षण प्रधानमंत्री के दिशा निर्देश एवं प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में काशी के नये युग की शुरूआत है। भारत में नदी क्रूज पर्यटन का नया अध्याय होगा तथा भविष्य में यह उत्तर प्रदेश के विभिन्न नदियों मंदाकिनी नदी-चित्रकूट, गंगा-यमुना नदी प्रयागराज, यमुना नदी-मथुरा, राप्ती नद-गोरखपुर, सोन नदी-सोनभद्र, घाघरा नदी-अयोध्या इत्यादि अन्य नदियों को जोड़ा जायेगा। इस योजना से प्रदेश के अन्य स्थान जुड़ेंगे, जिससे विदेशी/देशी पर्यटक उत्तर प्रदेश के विभिन्न पौराणिक, आध्यात्मिक स्थलों पर जल मार्ग से पर्यटन का लाभ ले सकेंगे।

काशी की गंगा आरती विश्व में प्रसिद्ध है, पवित्र गंगा नदी की एक झलक पाने के लिए पूरे विश्व से लोग यहाँ आते हैं। अब काशी कारिडोर की भव्यता एवं दिव्यता के कारण विगत एक वर्ष में लगभग 7 करोड़ श्रद्धालु यहाँ दर्शन के लिए आ चुके है यह एक नया कीर्तिमान है और नित्य नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। शाम होते ही गंगा तट पर वातावरण भक्ति विभोर हो जाता है। पुजारियों की भीड़ में दीपक की ज्वाला जो मानों आसमान को छूने की कोशिश करती है। शंखनाद, डमरू की आवाज, माँ गंगा के जयकारे आरती में शामिल भक्तों का मेला लगा रहता है। पूरे काशी में प्रवास करने वाले देशी एवं विदेशी पर्यटक शाम को गंगा घाट पर ही गंगा आरती देखने के लिए आतुर रहते हैं और गंगा आरती में सम्मिलित होते हैं।काशी में ही सारनाथ गंगा तट के उत्तर पूर्व में स्थित उत्तर प्रदेश के जिला वाराणसी मुख्यालय से लगभग 10 किमी पूर्वोत्तर में प्रमुख बौद्ध एवं हिन्दू तीर्थ स्थल है। ज्ञान प्राप्ति के पचात् भगवान बुद्ध ने यहाँ पर अपना प्रथम उपदेश दिया था। जिसे धर्म चक्र प्रर्वतन का नारा दिया गया जो बौद्ध धर्म का प्रचार प्रसार का प्रारम्भ था। यह स्थान बौद्ध धर्म के चार प्रमुख स्थलों में से एक है व अन्य तीन लुम्बिनी, बोधगया और कुशीनगर पूरे विश्व में जो सभी स्थल प्रसिद्ध है। बौद्ध धर्म के लगभग 50 करोड़ अनुयायी विश्व के विभिन्न देशों में है, सारनाथ में जैन धर्म के महत्व के दृष्टिगत है। जैन ग्रन्थों में इसे सिंहपुर कहा गया है और माना जाता है कि जैन धर्म के ग्यारहवें तीर्थंकर श्रेयांशनाथ का जन्म यहीं पर हुआ था। यहां पर सारगनाथ महादेव का मंदिर भी है। सारनाथ में ओक का चर्तुभुज सिंह स्तम्भ भगवान बुद्ध का मंदिर धामरेक स्तूप, चौखण्डी स्तूप आदि अन्य विश्व स्तरीय तीर्थ स्थल विद्यमान है। भारत का राष्ट्रीय चिन्ह भी यहीं के ओोक स्तम्भ के मुकुट से लिया गया। एमवी गंगा विलास के यात्रा कार्यक्रम को ऐतिहासिक सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के स्थानों पर रूकने के साथ वाराणसी के बाद सर्वप्रथम गाजीपुर में रूकेगी वहाँ पर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग के अधिकारी यहाँ के प्रसिद्ध स्थलों पर दर्शन एवं जैव विविधता को दिखलायेंगे तथा नदी के किनारे बसे सभ्यता एवं संस्कृति के साथ-साथ पर्यटन भी करवाया जायेगा। यह पूर्णत: स्वदेशी तकनीक से निर्मित टाम क्रुज अपने आप में एक प्रमुख उपलब्धि है। जिसके संचालन से रोजगार का सृजन भी बढ़ेगा और आगे गंगा नदी उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों टाम क्रूज पर्यटन का संचालन किया जायेगा, वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज, कानपुर इत्यादि शहर जोड़े जायेंगे।

**( लेखक-जयवीर सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री हैं )**

## वाराणसी-डिब्रूगढ़ क्रूज हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का अवसर: प्रधानमंत्री

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह 13 जनवरी को गंगा नदी में जिस क्रूज को हरी झंडी दिखाकर 51 दिनों की यात्रा पर रवाना करेंगे, वह देश की सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और उसकी विविधता के खूबसूरत पहलुओं की खोज करने का एक अनूठा अवसर है। मोदी दुनिया के सबसे बड़े रिवर क्रूज को लेकर केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के ट्वीट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। सोनोवाल ने अपने ट्वीट में कहा था, दुनिया की कुछ सबसे महान नदियों पर भारत की प्राचीन विरासत की यात्रा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 13 जनवरी को विश्व के सबसे लंबे रिवर क्रूज गंगा विलास को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस शानदार यात्रा में शामिल हों। मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से रवाना होने के लिए तैयार यह क्रूज असम के डिब्रूगढ़ में अपनी यात्रा समाप्त करने से पहले कई राज्यों से गुजरते हुए 51 दिनों में करीब 3,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगा।

## यात्रा के लिए वाराणसी पहुंचे विदेशी पर्यटक

भाषा। वाराणसी, लखनऊ

**ऐतिहासिक** रिवर क्रूज गंगा विलास की यात्रा का साक्षी बनने के लिए 32 विदेशी पर्यटकों का दल वाराणसी के रामनगर टर्मिनल पहुंचा जहां उनका स्वागत शहनाई की धुन पर मलाएं पहनाकर किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से वाराणसी में गंगा नदी के किनारे दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज, गंगा विलास को हरी झंडी दिखाएंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज गंगा विलास को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। नए भारत की गति, शक्ति और सामर्थ्य की प्रतीक यह रिवर क्रूज-यात्रा एक भारत-श्रेष्ठ भारत में एकात्मता के नए अध्याय जोड़ेगी। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि ऐतिहासिक रिवर क्रूज यात्रा का साक्षी बनने के लिए 32 विदेशी पर्यटकों का दल मंगलवार को शाम वाराणसी के रामनगर टर्मिनल पहुंचा। यात्रा का हिस्सा बनने के लिए विदेशी पर्यटक काफी उत्साहित दिखे। एमवी गंगा विलास को रामनगर टर्मिनल से फिर रविदास घाट पर लाया जाएगा। 13 जनवरी को रविदास घाट से डिब्रूगढ़ के लिए नदी के रास्ते यात्रा की शुरुआत होगी।

क्रूज के निदेशक राज सिंह ने बताया कि इस चलते फिरते पांच सितारा होटल में 18 सुइट कमरे हैं, जिसमें 36 पर्यटक ठहर सकते हैं। इस के अलावा इसमें चालक दल के 40 सदस्यों के रहने की भी व्यवस्था है। इस क्रूज में स्पा, सैलून और जिम जैसी भी सुविधाएं भी हैं। सिंह ने बताया कि पर्यटकों को प्रतिदिन 25 से 50 हजार रुपए किराया देना होगा। उन्होंने बताया, गंगा विलास क्रूज प्रदूषण मुक्त प्रणाली और शोर नियंत्रण तकनीक से लैस है। इस क्रूज में एसटीपी प्लांट है, जिससे किसी भी तरह का मल जल गंगा में नहीं जाएगा। क्रूज में फिल्ट्रेशन प्लांट लगा है जिससे गंगा जल को शुद्ध कर के उसे नहाने और दूसरे काम में लिया जाएगा। इस क्रूज में 40 हजार लीटर का ईंधन टैंक और 60 हजार लीटर का ताजा पानी का टैंक है। सिंह ने बताया कि एमवी गंगा विलास वाराणसी से अपनी यात्रा शुरू कर 51 दिनों में लगभग 3,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगा और बांग्लादेश होते हुए असम के डिब्रूगढ़ पहुंचेगा। इस दौरान यह क्रूज भारत एवं बांग्लादेश से गुजरने वाली 27 नदी प्रणालियों के रास्ते अपनी मंजिल तक पहुंचेगा।

# गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने में जनप्रतिनिधियों का योगदान जरूरी: योगी



राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट करते मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ

● निराश्रित गोवंश प्रबंधन में रुचि लें जनप्रतिनिधि, बरेली में तैयार करें मॉडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सांसद** और विधायक गणों के साथ प्रदेशहित में संचालित विकास परियोजनाओं की पड़ताल की जारी शृंखला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली और देवीपाटन मंडल की समीक्षा की। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने एक एक कर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच और बलरामपुर जिलों आए सांसद व विधायक गण से उनके क्षेत्र की विकास योजनाओं की जानकारी ली। शीतलहर के बीच आम जनमानस के साथ साथ खेती किसानी और गोवंश आदि की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में पूछा और आवश्यकतानुसार दिशानिर्देश भी दिए।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने नवीन विकास कार्यों के बारे क्षेत्रीय जनाकांक्षाओं से भी अवगत कराया और इस संबंध में अपने प्रस्ताव भी दिए। मुख्यमंत्री सांसद और विधायक गणों के इन प्रस्तावों पर तत्काल कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को निर्देशित भी किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि गण क्षेत्र में संचालित विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करते रहें। यह योजनाएं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की छवि निर्माण में सहायक हैं। गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने में जनप्रतिनिधियों को योगदान करना होगा। सीएम ने कहा कि प्रदेश में धान खरीद सुचारु रूप से चल रहा है। जब तक एक भी किसान क्रय केंद्र पर आएगा खरीद जारी रहेगी। शीतलहर के बीच क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं का जनप्रतिनिधि भी निरीक्षण करते रहें। निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए राज्य सरकार के स्तर पर निराश्रित गो आश्रय स्थल निर्माणए सहभागिता योजनाएं तथा कुपोषित परिवारों को गाय उपलब्ध कराने की तीन योजनाएं चल रही हैं। जनप्रतिनिधियों को रुचि लेकर इन योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना चाहिए। संभ्रांत परिवारों को भी गो-पालन के प्रति प्रेरित किया जाना चाहिए। गौ-आधारित प्राकृतिक खेती से किसानों को जोड़ने का प्रयास करें। बदायूं के वृहद गोसंरक्षण केंद्र परिसर में गाय के गोबर से पेंट निर्माण का अच्छा प्रयास किया गया है। इससे अन्य जिलों में भी गोआश्रय स्थलों को जोड़ा जाना चाहिए। निराश्रित गोवंश प्रबंधन में हर जनप्रतिनिधि का सहयोग आवश्यक है। बरेली इस दिशा में एक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है। छोटे छोटे गो आश्रय स्थलों के स्थान पर बड़े आश्रय स्थल का विकास किया जाना उचित होगा। प्रबंधन की दृष्टि से यह उपयोगी होगा। यहां बायो फ्यूल प्लांट लगाए जा सकेंगे। सांसद और विधायक गण क्षेत्रीय जरूरतों के अनुसार इसके लिए भूमि उपलब्ध कराने में सहयोग करें। निजी संस्था, ट्रस्ट को प्रोत्साहित करें। शासन स्तर से हर संभव मदद दी जायेगी।

## बीजेपी प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

**लखनऊ।** बीजेपी के शिक्षक व स्नातक विधान परिषद सदस्य प्रत्याशियों के नामांकन में गुरुवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य झांसी तथा बृजेश पाठक कानपुर में सम्मिलित होंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 जनवरी गुरुवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी झांसी-प्रयागराज से शिक्षक क्षेत्र विधान परिषद सदस्य के लिए पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी प्रत्याशी डॉ बाबूलाल तिवारी के नामांकन में सम्मिलित होंगे। नामांकन जुलूस सुबह 11 बजे बुंदेलखंड महाविद्यालय झांसी से प्रारंभ होगा। श्री मौर्य ने बताया कि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक तथा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल कानपुर उन्नाव क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य स्नातक के लिए पार्टी प्रत्याशी अरुण पाठक तथा विधान परिषद सदस्य शिक्षक के लिए पार्टी प्रत्याशी वेणु रंजन भदौरिया के नामांकन में सम्मिलित होंगे। नामांकन जुलूस सुबह 11 बजे गोकुल प्रसाद धर्मशाला, सरसैया घाट, जेल चौराहा से प्रारंभ होगा।

## अधिकारी क्षेत्रों में जाकर जानें समस्याएं: धर्मवीर प्रजापति

● होमगार्ड्स मंत्री ने आवंटित बजट का शत-प्रतिशत उपयोग करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने होमगार्ड्स विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करके चालू वित्तीय वर्ष-2022-23 में विभिन्न विषयों पर होमगार्ड्स मुख्यालय द्वारा शासन को प्रेषित प्रस्ताव के आलोक में विभिन्न मदों में प्राविधानित बजट एवं उसके सापेक्ष निर्गत स्वीकृतियों तथा क्रियान्वकयन पर विस्तापूर्वक चर्चा करते हुए अपेक्षित बजट का आवंटन एवं आवंटित बजट का शत-प्रतिशत उपभोग कराए जाने के निर्देश दिए।

वर्ष-2023-24 में होमगार्ड्स मुख्यातलय द्वारा विभिन्न मदों में बजट का प्राविधान कराए जाने के संबन्ध में भेजे गए प्रस्तावों के सापेक्ष विभागीय बजट का प्राविधान कराए जाने पर भी विस्तार से चर्चा की। धर्मवीर प्रजापति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वरिष्ठ अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों व क्षेत्रों का नियमित रूप से भ्रमण करें और अधिकारियों, कर्मचारियों एवं होमगार्ड्स स्वयंसेवकों की समस्याओं को सुनते हुए उनका त्वरित समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि जिला कमांडेंट, होमगार्ड्स शहरी-ग्रामीण कम्पनियों व ड्यूटी स्थलों का नियमित रूप से भ्रमण करते रहें और उनकी समस्याओं का समाधान समय से कराएं।

अधिकारी, कर्मचारी एवं होमगार्ड्स जवान अपने नियत दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं लगन तथा पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करें, ताकि विभाग की छवि आम जनमानस में बेहतर हो। बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स विभाग अनिल कुमार, पुलिस महानिदेशक होमगार्ड्स विजय कुमार मौर्य, पुलिस महानिरीक्षक होमगार्ड्स धर्मवीर, संयुक्त सचिव होमगार्ड्स विभाग पद्माकर शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## यंग इंडिया रन कार्यक्रम आज

**लखनऊ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जयंती पर सभी संगठनात्मक जिला स्तर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए यंग इंडिया रन का आयोजन कर रहा है। यंग इंडिया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सभी विद्यालयों में जाकर रजिस्ट्रेशन के माध्यम द्वारा उन सभी युवाओं को जोड़ा गया है। युवा मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी धनंजय शुक्ला ने बताया कि यंग इंडिया रन के माध्यम से 5 किमी की दौड़ का आयोजन कर रहा है। जिसमें बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी डा भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट स्टेडियम बलिया मोड मऊ में आयोजित कार्यक्रम यंग इंडिया रन को हरी झंडी दिखाएंगे।

## प्राकृतिक खेती को पशुधन से जोड़ने की आवश्यकता: चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चीनी** उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा की धरती की उर्वरता बनाये रखने, गुणवत्ता एवं पौष्टिकता से परिपूर्ण फसलों के उत्पादन के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गौ आधारित कृषि पर विशेष जोर दिया है।

उन्होंने कहा कि उर्वरकों एवं रासायनिक खाद के अंधाधुंध प्रयोग से धरती की उपजाऊ शक्ति लगातार कम होती जा रही है। इसके साथ ही पर्यावरण एवं पारिस्थितिक तंत्र पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के लिए पशुधन भी आवश्यक है। इसलिए प्राकृतिक खेती को पशुधन से जोड़ने की आवश्यकता है। गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने यह बात बुधवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने सम्बन्ध में लोक भारती संगठन एवं गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। गन्ना विकास मंत्री ने कहा कि गन्ना उत्तर प्रदेश की प्रमुख फसलों में से है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गन्ना की खेती का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाने से पशुधन खासतौर से गौवंश का संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता आयेगी। गोबर के प्रयोग से उच्च गुणवत्ता की फसलें पैदा होंगी जो मनुष्य को विभिन्न बीमारियों से बचाव की क्षमता रखती हैं। प्राकृतिक रूप से उत्पादित फसलों से लोगों में प्रतिरोधक क्षमता का विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या एवं नई-नई बीमारियों को देखते हुए प्राकृतिक खेती पर विशेष जोर देने की आवश्यकता है।

उन्होंने लोक भारती संगठन द्वारा प्राकृतिक खेती के लिए अभियान चलाये जाने तथा लोगों में जागरूकता फैलाने की सराहना की। चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि प्राकृतिक खेती के द्वारा गन्ना का उत्पादन बढ़ाया जाए और इसका आंकलन किया जाए कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से पानी की बचत कैसी की जा सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक खेती के द्वारा गन्ने में मिट्टी की उत्पादकता में वृद्धि, कार्बन की मात्रा में वृद्धि और जीवाणु खेती के लाभकारी जीवाणुओं एवं केंचुओं में वृद्धि का प्रतिशत बढ़ाये जाने के सम्बंध में गहन चर्चा की।

चौधरी ने कहा कि प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए आगामी 15 फरवरी को मेरठ, कृषि विश्वविद्यालय में प्रगतिशील किसानों का एक प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इसके अलावा इन शिविरों का समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर आयोजन किया जाता रहेगा।

## विवेकानंद की जयंती पर यूपी के 21 जिलों में निकाली जाएगी यात्रा

**लखनऊ।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के राष्ट्रीय चेतना जागृत करने वाले विचारों को जन-जन तक ले जाने के लिए विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में एवं भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा स्वामी की जयंती 12 जनवरी से लखनऊ से रामकृष्ण मठ निराला नगर से प्रारंभ होकर नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी तक उत्तर प्रदेश के 21 जिलों का भ्रमण करते हुए लखनऊ में लखनऊ विवि के मालवीय सभागार में समाप्त होगी।

यात्रा को लेकर मीडिया से बात करते हुए प्रांत संचालक दयानंद लाल ने इस यात्रा में युवाओं के लिए योग व्यायाम, स्वामी के विचारों पर आधारित बौद्धिक विमर्श, शोभा यात्रा द्वारा प्रचार प्रसार आदि कार्यक्रम संचालित किए जायेंगे।

## व्यावसायिक शिक्षा व कौशल विकास विभाग ने 5189.87 करोड़ का निवेश प्राप्त किया

● 33 निवेशकों के साथ 4267.83 करोड़ रुपये का हुये एमओयू

पायनियर समाचार सेव। लखनऊ



**प्रदेश** के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर ले जाने का संकल्प लिया है जिसके अन्तर्गत फरवरी में यूपी ग्लोबल इन्वेसटर्स समिट 2023 का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के लिए 3 हजार करोड़ रूपये का निवेश का लक्ष्य दिया गया था। जिसके क्रम में अब तक 62 निवेशकों के माध्यम से 5189.87 करोड़ रूपये का निवेश प्राप्त हुआ है तथा 33 निवेशकों के साथ 4267.83 करोड़ रूपये का एमओयू हो गये है।

प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के सभागार में औद्योगिक, व्यावसायिक, कौशल प्रशिक्षण क्षेत्र में इडंस्ट्री पार्टनर्स के साथ निवेश पर आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में निवेशकों के लिए कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा का बेहतर वातावरण विकसित किया गया है। उन्होने कहा कि उप्र में व्यापारियों को संरक्षण देने के साथ साथ सम्मान देने का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मंत्रीमण्डल विदेश में जाकर उत्तर प्रदेश के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया गया है। विदेशों नये उत्तर प्रदेश की तारीफ हो रही है और बहुत सी कंपनियां उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिये आ रही है। उत्तर प्रदेश में निवेश को आमंत्रित करने के क्रम में विदेश के बाद देश की कंपनियों को भी उप्र में आमंत्रित किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप उप्र में उद्योग के विस्तार होने के साथसाथ रोजगार का माहौल सृजित होगा। कौशल विकास मंत्री ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुये कहा कि व्यावसायिक एवं कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में निवेश की अपार सम्भावनायें हैं। 150 आईटीआई को टाटा के सहयोग से उच्चीकृत करने जा रही है। उन्होंने निवेशकों को नए-नए विचार के साथ आने को आमंत्रित किया है और कहा कि प्रदेश सरकार आपके विचारों को फलीभूत करने के लिये काई कसर नहीं रखेगी। उन्होने कहा कि उपस्थित उद्योगपतियों का आभारी हूं कि वे यहां आये। उन्होने विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों व संचालित योजनाओं के बारे में बताते हुये कहा कि इसके साथ साथ उन्होंने कहा कि आप निवेश के नवीन रास्ते सुझाएं, प्रदेश सरकार उनको लागू करने के आपको बेहतर अवसर तथा भौतिक एवं वित्तीय संसाधन उपलब्ध करायेगी। प्रशिक्षण का क्षेत्र एक अलग प्रकृति में आता है जिसमें किये गये निवेश का परिणाम देश को युगों तक मिलता है। प्रमुख सचिव सुभाष चन्द्र शर्मा ने कहा कि उप्र सरकार ने अगले 5 वर्षों 2022-27 की अवधि में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए शासन द्वारा प्रदेश स्तर पर इन्वेस्ट यूपी के नाम से एक विशिष्टि इकाई को स्थापित किया है। लक्ष्य की पूर्ति से सम्बन्धित कार्ययोजना को तैयार करने व उसके अनुरुप कार्यवाहियां सम्पादित करने के दृष्टिगत के लिये डेलॉयट इंडिया को कन्सलटेंसी एजेंसी नियुक्त किया है।

## लेवाना अग्निकांड के बाद भी अवैध होटलों पर कार्यवाही करने में एलडीए असफल: कोर्ट

विधि संवाददाता। लखनऊ

**होटल** में देर रात डीजे बजाने से रोकने व पुलिस बुलाने पर मेजर अभिजीत सिंह की कार जलाने के मामले का हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने संज्ञान लिया है। पीठ ने कहा कि अखबारों की खबर के मुताबिक जिस होटल में डीजे बज रहा था, वह अवैध है। इससे स्पष्ट है कि होटल लेवाना अग्निकांड के चार माह बाद भी शहर में अवैध होटल चल रहे हैं और एलडीए उन पर कार्यवाही करने में असफल है। पीठ ने एलडीए को विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया और मामले की अगली सुनवाई 30 जनवरी के लिए नियत कर दी।

चीफ जस्टिस राजेश बिंदल एवं जस्टिस बृजराज सिंह की पीठ ने यह आदेश अखबारों में प्रकाशित मेजर की कार जलाने की खबरों पर संज्ञान लेते हुए दिया है। पीठ के समक्ष तीन जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हो रही थी। इन याचिकाओं में मैरिज हॉल में लाउडस्पीकर लगाकर शोर करने, मोडिफाइड साइलेन्सर व प्रेशर हॉर्न द्वारा ध्वनि प्रदूषण फैलाने तथा शहर में प्रतिबंधित समय में बड़े वाहनों के प्रवेश का मुद्दा उठाया गया है। पीठ ने सुनवाई के दौरान ही कहा कि अखबारों में होटल में डीजे बजाकर शोर करने के विरुद्ध पुलिस बुलाने पर शिकायतकर्ता की कार जलाने की खबर छपी है। खबर के मुताबिक होटल अवैध तरीके से संचालित किया जा रहा था।

# जिला अस्पताल में 'कागजों' पर डायलिसिस का बड़ा 'खेल'!

संवाददाता। सीतापुर

**दशकों** से डायलिसिस की राह तक रहे मरीजों के लिए नौ माह पहले सीतापुर के जिला अस्पताल में शुरू की गई सुविधा कमाई का जरिया बन गई है। इस सुविधा ने मरीजों को बड़ी राहत दी थी, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि कमाई के चक्कर में जिम्मेदार ही सरकार को लाखों की चपत हर माह लगा रहे हैं। कमाई के इस खेल के आरोप किसी और पर नहीं डायलिसिस यूनिट के मैनेजर पर ही लग रहे हैं। जिसका खुलासा किसी और ने नहीं बल्कि यूनिट के टेक्नीशियन ने खुद किया है। इस खुलासे के बाद जिला अस्पताल में हड़कंप मच गया है। मामले की जानकारी होने के बाद जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरके सिंह भी हैरान रह गए हैं। अवैध रूप से महीनों से की जा रही इस कमाई के खेल को उजागर करने वाले टेक्नीशियन ने बतौर साक्ष्य बिलिंग के साथ मामले को जिम्मेदारों के सामने पेश किया है। उसने डीएम अनुज सिंह से भी इस मामले की शिकायत की है। औसतन एक दिन 10

- यूनिट चलाने वाला ही बताया जा रहा खेल का खिलाड़ी, मोटी रकम ऐंठने के लिए कई महीनों से चल रहा था तामझाम
- यूनिट के टेक्नीशियन ने ही किया हैरान करने वाला खुलासा साक्ष्य के साथ टेक्नीशियन ने डीएम-सीएमएस से की शिकायत

से 11 मरीजों की डायलिसिस होती है, लेकिन आलम देखिए कि कागजों पर एक दिन में 18-18 डायलिसिस कर दी जाती है। एक डायलिसिस के लिए सरकार की ओर से 1400 से 1500 रुपये कंपनी को दिए जाते हैं। इस तरह से आप समझ सकते हैं कि ऐसा खेल करके महीनों में कितने लाख का चूना लगाया जा रहा होगा। कानून की बात करें तो ऐसा करना आईपीसी के तहत अपराध की श्रेणी में भी आता है। शिकायतकर्ता डायलिसिस टेक्नीशियन मोहम्मद सालकीन ने बताया कि कि कैसे यह पूरा खेल चलता था। इस मामले में चौंकाने वाली एक बात और सामने आई है। आपको याद होगा कि, नवंबर माह में जिला अस्पताल स्थित डायलिसिस यूनिट में आग लग गई थी, इससे 14 से 20 नवंबर तक यूनिट बंद रही थी। इस अवधि में भी यहां के जिम्मेदारों ने मरीजों की कागजों पर डायलिसिस कर दी। अब इसी से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि जिला अस्पताल में मरीजों के इलाज के नाम पर किस कदर लूट मची है। ऐसा तब है, जब योगी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हुए भ्रष्टाचार करने वालों पर बुलडोजर चला रही है। योगी सरकार के मंत्री व स्वास्थ्य विभाग का विभाग संभाल रहे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक लगातार अस्पतालों के औचक निरीक्षण के साथ कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी राजधानी से महज 90 किमी दूर सीतापुर जिले में किस कदर इलाज के नाम पर करप्शन की डायलिसिस चलाई जा रही है। यह मामला महज एक बानगी है। अब देखना यह होगा कि योगी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक इस मामले को संज्ञान में लेकर क्या कार्रवाई करते हैं। वैसे मंत्री जी की कार्यशैली को देखकर तो यही लगता है कि वह जरूर इस मामले में एक्शन लेंगे। क्योंकि, अक्सर वह अपने ट्विटर हैंडल से कार्रवाई का मैसेज देते रहते हैं। अब जब मामला उनकी अपनी सरकार के राजस्व को चूना लगाने का है तो वह भला शायद ही चुप बैठेंगे। और अगर वह कार्रवाई करते हैं तो यह यूपी में ऐसी पहली बड़ी कार्रवाई भी होगी। जिस कंपनी की ओर से गड़बड़ियां की जा रही है, पूरे प्रदेश के 14 जिलों में उसकी डायलिसिस यूनिटें संचालित हो रही हैं। सीतापुर में इस यूनिट के मैनेजर की जिम्मेदारी प्रफुल्ल मिश्रा की है। हमने उनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इस मामले में जिला अस्पताल के

- हर माह सरकार को तीन लाख रुपये की चपत लगाने का आरोप मरीज आए कम, लेकिन कागजों में ज्यादा दिखाने का किया खेल

**टेक्नीशियन के खुलासे के बाद जिला अस्पताल में मचा हड़कंप, सीएमएस आरके सिंह ने मामले का लिया संज्ञान, बिठाई जांच**

सीएमएस डॉ. आरके सिंह ने कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। कहा कि अभी तक ऐसा मामला सामने नहीं आया था। इसमें जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। इस खेल का बड़ा खुलासा करने के साथ ही हमने मरीजों से भी बात की तो वह भी इस व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करते दिखाई दे रहे हैं। मरीजों का कहना है कि, डायलिसिस यूनिट में जांच नहीं कराई जाती।

# भट्टा संचालकों को विनियमन शुल्क जमा करने के निर्देश

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

- तहसील मे 40 भट्ठों में अभी तक 13 का ही विनियमन शुल्क जमा हुआ, रात में खनन नहीं होने के दिए गए कड़े निर्देश

**निदेशक** भूतत्व एवम खनिकर्म निदेशालय द्वारा जारी निर्देश में उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि सभी ईट भट्टा स्वामी वर्ष 2022-2023 में अपने विनियमन शुल्क जमा कर दें। शुल्क जमा करने के उपरांत ही मिट्टी का खनन और उसके बाद ही ईंट पथाई का काम करें। यदि कोई भट्टा स्वामी बिना विनियमन शुल्क जमा किए ईंट पथाई या मिट्टी खनन का काम करता हुआ पाया जाता है तो निश्चित रूप से भट्टे पर कार्यवाही की जाऐगी। उन्होंने बताया कि तहसील मे 40 भट्टे हैं जिनमें अभी तक 13 भट्टों का ही विनियमन शुल्क जमा हुआ है। रात में खनन नहीं होगा। सभी को निर्देशित किया गया है।

विनियमन शुल्क न जमा करने वाले ईटा भटटे एचएलएसपी ब्रिक फील्ड सियरहा, एलएलएलपी ब्रिक फील्ड घाघपुर, एनके ब्रिक फील्ड मोहम्मदपुर ताजपुर, मोदक ब्रिकस् फरेन्द्र, त्रिवेदी ब्रिक फील्ड मगरेना, मिलन ब्रिक फील्ड बेहटी अफगान, सिंडीकेट ब्रिक फील्ड दिलावरपुर, रामाश्रम ब्रिक फील्ड खुर्रमनगर, राजेन्द्र ब्रिक फील्ड मोहम्मदी, शंकर फील्ड बहादुर नगर, शुक्ला ब्रिक फील्ड पसगवां, सावरी ब्रिक फील्ड मोहम्मदपुर ताजपुर, सोनल ब्रिकस जे बी गंज, दुर्गा ब्रिक फील्ड पाल अभयकचनार, वासुदेव एंण्ड कं धर्मपुर, जमुना ब्रिक प्रोडेक्ट बरबर, न्यू नरेन्द्र ब्रिक फील्ड कमालसराय, न्यू अजमेरी ब्रिक फील्ड मोहम्मदपुर चौनू, नरेन्द्र ब्रिक फील्ड गुरेला, बाबा ब्रिक फील्ड गलरई, बाबा ब्रिक फील्ड ककरौआ, हाशिमी ब्रिक फील्ड , हाशमी ब्रिक फील्ड हरिखापुर, गिरिराज ब्रिक फील्ड बरैचा, केबीएस ब्रिक फील्ड मस्तीपुर, एम ए जेड ब्रिक गोकन, खान ब्रिक फील्ड किरियारा, इन्डियन बिक फील्ड सयैदबाडा, सहारा ब्रिक फील्ड दौलतपुर, एम ए जेड ब्रिक फील्ड भुइहरा, एम बी एम के बिक फील्ड मानाखेडा, रामभरोसे ब्रिक फील्ड पड़रिया हैं।

# आमजनमानस को संघ की विचारधारा से जोड़ेगा आरएसएस

संवाददाता। सीतापुर

- स्थापना के 100 वर्ष यानी शताब्दी वर्ष को लेकर तैयारी में जुटा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष यानी शताब्दी वर्ष को लेकर तैयारी में अभी से जुट गया है। आरएसएस ने उत्तर प्रदेश समेत देश भर में संघ के विस्तार के बड़े लक्ष्य तय किए हैं। इसको लेकर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले अगले एक महीने के अंदर यूपी प्रवास पर रहेंगे। इन बड़ी यात्राओं के साथ आरएसएस का लक्ष्य हर ग्राम पंचायत स्तर पर संघ की शाखा लगवाना और 100 गणवेश धारी स्वयंसेवक तैयार करने का है। उत्तर प्रदेश सहित देश भर में 1 लाख संघ शाखा लगाने का लक्ष्य भी रखा गया है। आरएसएस गांव-गांव में सामाजिक समरसता के कार्यक्रमों के जरिये भी आम जनमानस को संघ की विचारधारा से जोड़ेगा। संघ के शताब्दी वर्ष के 2024-25 तक प्रत्येक न्याय पंचायत में संघ की शाखा की पहुंच कायम की जाएगी। आपको बता दें कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना 1925 में नागपुर में हुई थी। सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले उत्तर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र के 7 दिनी प्रवास पर लखनऊ पहुंच गए हैं। वो पूर्वी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। काशी, गोरख और अवध प्रांत के कार्यकर्ताओं संग बैठक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा 14 जनवरी को अवध प्रांत की बैठक होगी। मकर संक्रांति के दिन यानी 15 जनवरी को गोमती नगर में लखनऊ में संघ कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में वो हिस्सा लेंगे और 16 जनवरी को प्रबुद्ध जनों से मुलाकात के साथ उनकी यात्रा का आखिरी दौर होगा।

# यूपी दिवस को भव्यता से मनाने के लिए हुआ मंथन, जिलाधिकारी ने ली अफसरों की बैठक

- जीआईसी ग्राउंड में यूपी दिवस पर होगा भव्य कार्यक्रम, बनी रणनीति

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**बुधवार** की देर शाम मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में 24 से 26 जनवरी तक 'उत्तर प्रदेश दिवस-2023' मनाये जाने के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

डीएम ने कहा कि शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद खीरी में उत्तर प्रदेश दिवस 2023 को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। डीएम ने आयोजन के संबंध में सभी अधिकारियों को उनके उत्तरदायित्व बताए। कहा कि इस आयोजन में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में आम जनमानस को अवगत कराया जाएगा। सभी विभाग शासकीय योजनाओं से संबंधित अपने स्टाल लगाएंगे। खीरी में 24 जनवरी से उत्तर प्रदेश दिवस पूरी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। डीएम ने दिवस वार होने वाले कार्यक्रमों पर अधिकारियों संग मंथन करते हुए अंतिम रूप दिया।

डीएम ने कहा कि यूपी दिवस पर तीन दिवसीय आयोजन जिला स्तर पर जीआईसी ग्राउंड में होगा। आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम में जनपद का योगदान, एक जिला एक उत्पाद की प्रदर्शनी एवं विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत टूल किट वितरण, कृषि विभाग द्वारा कृषि मेले का आयोजन एवं कृषि के क्षेत्र मे नये स्टार्ट अप द्वारा किये गये अविष्कारों की प्रदर्शनी, ग्राम पंचायतों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम प्रधानों का सम्मान कार्यक्रम होगा। उन्होंने जिला खेल अधिकारी को विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, बीएसए को सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए।

डीएम ने बताया कि यूपी दिवस पर नवाचारों एवं उत्कृष्ट अविष्कारों की प्रदर्शनी के साथ सभी विभागों के द्वारा प्रतिभाग कर जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जायेगा। डीपीआरओ सौम्यशील सिंह व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरविंद वर्मा ने यूपी दिवस आयोजन के संबंध में जरूरी जानकारी दी।

बैठक में परियोजना निदेशक केके पांडेय, जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार, डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरविंद वर्मा, डीसी मनरेगा बिपिन चंद्र चौधरी, डीसी स्वत रोजगार राजेंद्र श्रीवास सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर कलेक्ट्रेट को भी सजाया जाएगा। पूरा प्रयास किया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश दिवस को पूरी भव्यता के साथ मनाया जाए।

# खास दिन मतलब असहायों की सेवा करना : प्रभात अग्निहोत्री

- भारत-तिब्बत सहयोग मंच के जिला अध्यक्ष ने जन्मदिन पर जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

संवाददाता। सीतापुर



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सहयोगी संगठन भारत तिब्बत सहयोग मंच के जिला अध्यक्ष प्रभात अग्निहोत्री ने अपने जन्मदिवस पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर राहत पहुंचाई। जिला अध्यक्ष प्रभात अग्निहोत्री ने कहा कि खास दिन का असली मतलब असहायों की सेवा करना है। किसी जरूरतमंद की मदद करने से एक अलग ही अनुभूति मिलती है। सेवा भाव का यह मंत्र मुझे मेरे पिता स्व.राजकुमार अग्निहोत्री से मिला था।

जिला अध्यक्ष ने बताया जरूरतमंदों को कंबल वितरण करके जहां वे सर्दी से बच सकेंगे वहीं मैं अपने पिता को दिया हुआ वचन भी निभा रहा हूं। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर शरद श्रीवास्तव, विकास गौतम, दीपक सिंह, सूरज दीक्षित सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भाजपा ने की सहकारिता विभाग के होने वाले चुनाव पर चर्चा

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के कसमंडा और कमलापुर मंडल के पदाधिकारियों ने बैठक कर आगामी सहकारिता विभाग के होने वाले चुनाव पर चर्चा की। ब्लाक कसमण्डा की ग्रामपंचायत महोली के पंचायत भवन परिसर में संपन्न हुई बैठक में क्षेत्र के तमाम किसानों ने भाग लिया। तय किया गया कि ज्यादा से ज्यादा पार्टी के उम्मीदवारों को डेलीगेट बनाया जाए। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर के मीडिया प्रभारी दुर्गेश सिंह, जिलापंचायत सदस्य दीपक शुक्ला, मंडल अध्यक्ष कमलापुर अमर बाजपेई, भूपेंद्र सिंह तोमर, प्रधान प्रतिनिधि ग्रामपंचायत बरेठी संतोष कुमार यादव, सेक्टर संयोजक अरविंद तिवारी, बिपिन मोहन तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि ग्रामपंचायत पीरनगर देवेश अवस्थी, अजेन्द्र अवस्थी, पूणेन्द्र सिंह चौहान, प्रताप यादव, मोहित वर्मा, मुकेश पाण्डेय, प्रधान प्रतिनिधि ग्रामपंचायत हमीरपुर विद्याधर पाण्डेय, मोहम्मद जर्रार ,जाबिर अली, विनय कुमार सिंह, जिलापंचायत सदस्य प्रेमदीप जयसवाल, विकास सिंह, बच्चे प्रसाद बाजपेई, प्रधान सुधीर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक मिश्रा, मंडल अध्यक्ष कसमण्डा लछमी शंकर गिरी, उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई पुण्यतिथि

**लखीमपुर खीरी।** 11 जनवरी को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई गई। उपाध्यक्ष संजय गोस्वामी ने कहा कि शास्त्री जी के शासन में किसानों की तरक्की व खाद्यान्न उत्पादन को गति मिली देश के किसानों ने खाद्यान्न उत्पादन से देश को आत्मनिर्भर बनाया। आज की सरकार यदि पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी के सिद्धांतों को अपना कर देश के किसानों के जीवन को बदल सकती है। किसानों का दो गुनी आमदनी का किया गया वादा भी पूरा कर सकती है।



# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कसी लगाम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**मुख्य** सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन के मार्गदर्शन, निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश ?य से जनपद खीरी मे ष्सड़क सुरक्षा माह ष् मनाया जा रहा है।



सड़क सुरक्षा माह के सातवे दिन बुधवार को एआरटीओ रमेश कुमार चौबे के नेतृत्व में पटाखा बुलेट पर प्रशासन ने शिकंजा कसा। विशेष अभियान चलाकर कई बाइकों को सीज कर दिया।दोपहिया वाहनों पर साइलेंसर व हॉर्न मोडिफाई कराए जाने को लेकर 20 वाहनों का चालान करते हुए साइलेंसर व हॉर्न उतरवाए। वाहन चलाते समय करीब 50 लोगों को मोबाइल व ईयरफोन से बात करना महंगा पड़ा। एआरटीओ ने टीएसआई के साथ इन सभी 50 लोगों का चालान किया। एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने कहा कि हम एक जागरूक नागरिक की जिम्मेदारी निभाएं। यातायात नियमों का स्वयं पालन करें और दूसरों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। वाहन सदैव सावधानी पूर्वक चलाएं। वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें। बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें। नशे की हालत में कभी वाहन न चलाए। वाहन को संतुलित रफ्तार में चलाएंए यातायात नियमों का पालन करें और दूसरो को भी पालन करने के लिए प्रेरित करें। वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने टीएसआई जेपी यादव के साथ शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। इसके तहत शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाले नुकसान से अवगत कराने के लिए जागरूक किया।प्रशासन एवं यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया और मंगलवार रात 50 से अधिक लोगों का निरीक्षण किया। प्रशासन का यह प्रयास है कि लोग शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति सचेत हों और यह समझें कि उनका कोई अपना घर पर उनका इंतजार कर रहा है। ड्रंक एंड ड्राइव में पकड़े गए लोग भी प्रशासन की इस पहल से सबक ले रहे हैं और भविष्य में दोबारा शराब पीकर वाहन नहीं चलाने का शपथ.पत्र भी लिखित में दे रहे हैं।

## कवच योजना के तहत जन जागरूकता अभियान चलाया गया

**लखीमपुर.खीरी।** थाना गौरीफंटा क्षेत्र मे कवच योजना के तहत भारत नेपाल सीमा पर लगी एसएसबी व एनजीओ और बॉर्डर के ग्राम सूडा बूड़ा, सिंघिया, पिपरौला बनकटी बजाही के गावो मे जाकर पुलिस अधीक्षक खीरी संजीव सुमन के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षकध्नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में ए0एच0टी0यू0 में नियुक्त प्रभारी निरीक्षक जैनेंद्र कुमार, कांण् राजेश कुमार , महिला आरक्षी नीरज गिल, महिला आरक्षी सीमा सिंह चौहान, थाना गौरीफंटा से उपनिरीक्षक विनोद अवस्थी कांस्टेबल शिवम, एसएसबी कोमल यादव चाइल्ड लाइन इंद्र कुमार अवस्थी, अंजलि मौर्या मानव सेवा संस्थान महेश राणा काउंसलर देवेंद्र, रामप्रवेश, सपना, नाजिमा की संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रम बाल भिक्षावृत्ति व मानव तस्करी बचपन बचाओ अभियान बाल विवाह इंडो नेपाल सीमा पर बसे गांव सूडा बूड़ा एसिंघिया, पिपरौला बनकटी बजाही के गांव में तथा बॉर्डर पर लगे एसएसबीके बीओपी पर लगे जवानों से और भारत नेपाल के एनजीओ से संपर्क सूत्र आदान वार्ता कर दूरभाष का आदान प्रदान व जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

## करुणा फाउन्डेशन की अध्यक्ष वैशाली के जन्मदिन पर कुष्ठ आश्रम में बांटे गए कम्बल

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**शहर** की समाज सेविका करुणा फाउन्डेशन की अध्यक्ष वैशाली बीएएमएस की अन्तिम वर्ष की छात्रा के जन्म दिन के अवसर पर शहर के हाथीपुर कोठार स्थित कुष्ठ आश्रम में संस्था के लोगों ने जाकर कंबल वितरण किया, और उनकी बिजली, स्वास्थ व आश्रम परिसर में प्रतिदिन सफाई का न होने की समस्याओं को भी सुना। ज्ञातव्य रहे की करूणा फाउन्डेशन की अध्यक्ष वैशाली विगत कई वर्षों से किशोरियों, महिलाओं, और बच्चों के विकास, सुरक्षा, और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रहीं हैं। कम्बल वितरित में कुमार सुंदरम मैनेजर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, संस्था के उपाध्यक्ष चंदन लाल, श्रीमती सविता पाल एडवोकेट, श्याम किशोर बेचैन, श्रीमती प्रमिला, संजय वाल्मीकि,राम बाबू, कुंवर विकेन्स, अनमोल सागर, अंसुल वाल्मीकी, आयुष्मान, श्रीमती अर्चना वाल्मीकि, कुमार अभिनव, का विशेष योगदान रहा।

# पेज एक का शेष

### उपराष्ट्रपति ने न्यायपालिका...

जबकि सर्वोच्च न्यायालय इसका बचाव कर रहा है। उच्चतम न्यायालय की एक पीठ द्वारा अटार्नी जनरल को कॉलेजियम प्रणाली पर बयान देने से बचने के लिए संवैधानिक अधिकारियों को संदेश देने के लिए कहने का उल्लेख करते हुए धनखड़ ने कहा कि मैंने इस बिंदु पर अटार्नी जनरल की बात मानने से इनकार कर दिया। विधायिका की शक्तियों को कमजोर करने के लिए मैं पक्षकार नहीं हो सकता। यह देखते हुए कि सरकारी पदाधिकारियों द्वारा सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम पर की गई टिप्पणियों को अच्छी तरह से नहीं लिया गया, न्यायमूर्ति एसके कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने 8 दिसंबर को अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से सरकार को इस बारे में सलाह देने के लिए कहा था। एक दिन पहले ही धनखड़ ने सदन में अपने पहले भाषण में एनजेएसी अधिनियम को रद्द करने के लिए न्यायपालिका को फटकार लगाई थी और इसे संसदीय संप्रभुता के साथ गंभीर समझौता करार दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि सरकार के तीनों अंगों को अपनी लक्ष्मण रेखा का सम्मान करना चाहिए।

### भारत जोड़ो यात्रा के समापन...

भाजपा विरोधी दलों में आम आदमी पार्टी (आप) ऐसी प्रमुख पार्टी है, जिसे कांग्रेस ने अपने इस कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया है। खड़गे ने कहा कि वह आप लोगों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित कर रहे हैं कि श्रीनगर में 30 जनवरी को भारत जोड़ो यात्रा के समापन समारोह में शामिल हों। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी की स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने घृणा और हिंसा की विचारधारा के खिलाफ अपने अथक संघर्ष में इसी दिन अपना जीवन खोया था। खड़गे ने कहा कि इस समारोह में हम घृणा और हिंसा से लड़ने, सत्य, करुणा और अहिंसा का संदेश प्रसारित करने तथा स्वतंत्रता, समता, बंधुत्व और सबके लिए न्याय रूपी संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि जब हमारा देश संकट का सामना कर रहा है, लोगों के मुद्दों से व्यवस्थित ढंग से ध्यान भटकाया जा रहा है तो यह यात्रा एक ताकतवर आवाज के रूप में सामने आई है। मैं आशा करता हूं कि आप लोग उपस्थित होंगे और इस संदेश को मजबूती देंगे। खड़गे ने दावा किया कि जब देश आर्थिक, सामाजिक, और राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है तथा विपक्ष की आवाज को संसद और मीडिया में दबाया जा रहा है तो उस समय यात्रा लोगों को जोड़ रही है। भारत जोड़ो यात्रा सात सितंबर को कन्याकुमारी से आरंभ हुई थी और अब पंजाब में चल रही है। पंजाब के बाद यात्रा हिमाचल प्रदेश और फिर जम्मू-कश्मीर जाएगी। इस यात्रा का समापन 30 जनवरी को श्रीनगर में होगा।

### रुपे डेबिट कार्ड...

योजना के तहत कम खर्च वाला और उपयोग के लिहाज से सरल यूपीआई लाइट और यूपीआई 123 पे को भी बढ़ावा दिया जाएगा। सिर्फ दिसंबर महीने में ही यूपीआई के जरिए 12.82 लाख करोड़ रुपए मूल्य के रिकॉर्ड 782.9 करोड़ डिजिटल लेन-देन हुए। बयान के अनुसार, रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य के भीम-यूपीआई लेन-देन (लोगों और कारोबारियों के बीच) को बढ़ावा देने के लिए 2,600 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि इससे डिजिटल भुगतान व्यवस्था को एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम), असंगठित क्षेत्र और किसानों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

### जोशीमठ में फिलहाल...

धामी ने कहा कि नगरपालिका क्षेत्र जोशीमठ के भूधंसाव प्रभावितों को बाजार दर पर मुआवजा दिया जाएगा और यह बाजार दर हितधारकों के सुझाव लेकर जनहित में तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि तीन हजार प्रभावित परिवारों को कुल 45 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि तात्कालिक तौर पर प्रति परिवार 1.50 लाख रुपए की अंतरिम सहायता दी जा रही है जिसमें से एक लाख रुपए की धनराशि उन्हें स्थाई विस्थापन नीति तैयार होने से पहले अग्रिम के रूप में तथा 50 हजार रुपए सामान की ढुलाई एवं तात्कालिक आवश्यकताओं हेतु दी जा रही है। प्रभावितों को यह धनराशि उत्तराखंड राज्य आपदा प्राधिकरण द्वारा जारी की गई है। जोशीमठ नगर क्षेत्र में 723 भवनों को भूधंसाव प्रभावित के रूप में चिन्हित किया गया है जिनमें से बुधवार तक 131 परिवारों के 462 लोगों को अस्थाई राहत शिविरों में विस्थापित किया गया है। दूसरी ओर मौसम का मिजाज बिगड़ने से कड़ाके की ठंड ने पीड़ितों की चिंता और बढ़ा दी। मौसम विभाग ने भी अगले कुछ घंटों में चमोली समेत अन्य हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। दूसरी ओर केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) ने भूधंसाव से प्रभावित उत्तराखंड के जोशीमठ शहर से विस्थापितों के पुनर्वास के लिए आपदा-रोधी प्रारूप वाला शहर विकसित करने का प्रस्ताव रखा है। सीबीआरआई के निदेशक आर. प्रदीप कुमार ने कहा कि रुड़की स्थित वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने भी जोशीमठ के लिए त्रिआयामी कार्य योजना का सुझाव दिया है, जिसमें झुकी हुई इमारतों को गिराने, मौजूदा 4,000 इमारतों की सुरक्षा का आकलन करने और विस्थापित लोगों को वैकल्पिक आश्रय प्रदान करने की परिकल्पना की गई है।

### ऑटो-टैक्सी किराया...

जबकि टैक्सी के लिए जिसमें ब्लैक एंड येलो टैक्सी, इकोनॉमी टैक्सी और प्रीमियम टैक्सी शामिल हैं के किराए में आखिरी संशोधन नौ साल पहले वर्ष 2013 में हुआ था। इस मुद्दे पर ऑटो रिक्शा और टैक्सी संघों व यूनियनों से कई आवेदन मिले थे। सीएनजी की बढ़ती दर, ऑटो रिक्शा और टैक्सी की लागत और रखरखाव और ऑटो रिक्शा और टैक्सी चालकों की कमाई को प्रभावित करने वाले विभिन्न अन्य मुद्दों के मद्देनजर किराए की समीक्षा और सिफारिश करने के लिए मई 2022 में 13 सदस्यों की एक समिति का गठन किया गया था। समिति ने ब्लैक एंड येलो टैक्सी और इकोनॉमी टैक्सी के किराए में संशोधन की सिफारिश की थी, जिसकी समीक्षा की गई और केजरीवाल सरकार ने इसे आज अधिसूचित कर दिया है। ऑटो रिक्शा के वेटिंग चार्ज और नाइट चार्ज में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि अतिरिक्त लगेज के लिए चार्ज 7.50 रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये कर दिया गया है। टैक्सियों के लिए 25 प्रतिशत रात्रि प्रभार अपरिवर्तित रहेंगे। प्रतीक्षा शुल्क, जो वर्तमान में 30 रुपये है, 15 मिनट ठहरने के बाद 1 रुपये प्रति मिनट के हिसाब से लिया जाएगा। अतिरिक्त सामान शुल्क 10 रुपये से बढ़ाकर 15 रुपये कर दिया गया है।

### गोल्डन ग्लोब में ...

नाटु नाटु का मतलब नाचना है। गीत नाटु नाटु ने 14 अन्य गीत के साथ सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में 95वें अकादमी पुरस्कार की शॉर्टलिस्ट में भी जगह बनाई है। अंतिम नामांकन की घोषणा 24 जनवरी को की जाएगी। कीरावनी ने पुरस्कार स्वीकार करते हुए राजामौली का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, पुरस्कार स्वीकार करते हुए इसका हकदार किसी और को बताना एक पुराना चलन रहा है। मैंने सोचा था कि मुझे जब पुरस्कार मिलेगा तो मैं ऐसा नहीं करूंगा लेकिन माफी चाहता हूं कि मैं वही चलन दोहराने जा रहा हूं क्योंकि मैं सच में ऐसा मानता हूं। कीरावनी ने कहा, यह पुरस्कार मेरे भाई और फिल्म के निर्देशक एस. एस. राजामौली के नजरिए को समर्पित है। मेरे काम पर निरंतर भरोसा करने और सहयोग के लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं। संगीतकार ने कोरियोग्राफर प्रेम रक्षित, गीतकार चंद्रबोस और गायक सिप्लिगुंज और भैरव को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने अभिनेता एन. टी. रामाराव जूनियर और राम चरण का गाने में पूरे जोश के साथ नाचने के लिए उनका भी शुक्रिया अदा किया। फिल्म को क्रिटिक्स चॉइस अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, विदेशी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ गीत (नाटु नाटु) और सर्वश्रेष्ठ विजुअल इफेक्ट सहित पांच श्रेणी में नामित किया गया था। फिल्म को पिछले सप्ताह बाफ्टा की नॉट इन इंग्लिश लैंग्वेज़ श्रेणी की लॉन्ग लिस्ट में भी शामिल किया गया था।

### इस सम्मान ने हर...

एम. एम. कीरावानी, प्रेम रक्षित, काल भैरव, चंद्र बोस, राहुल सिप्लिगुंज को बधाइयां। मैं एस. एस. राजामौली, जूनियर एनटीआर, राम चरण और आरआरआर की पूरी टीम को भी बधाइयां देता हूं। इस प्रतिष्ठित सम्मान ने हर भारतीय को बहुत गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री के पोस्ट पर फिल्म के निर्देशक राजामौली ने कहा, हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं सर..आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। कीरावानी ने कहा कि गोल्डन ग्लोब पुरस्कार मिलने के बाद टीम को प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाना गर्व का क्षण है।

# अंतिम सांस तक लड़ूंगा वित्तविहीन शिक्षकों की लड़ाई : अशोक राठौर

संवाददाता। उरई (जालौन)



**इलाहाबाद** झांसी स्नातक क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अशोक राठौर ने सादगी के साथ झांसी में अपना नामांकन किया। अशोक राठौर वित्त विहीन शिक्षक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष है और पूर्व में हुए चुनाव में बतौर प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहे थे। अशोक राठौर ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बीच सत्र में प्रधानाध्यापकों को मूल्यांकन के समय हटाया जाना किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि वित्त विहीन शिक्षक भी सामान्य शिक्षक की तरह ही है और उसे वह सारे अधिकार मिलने चाहिए जो एक सरकारी शिक्षक को मिलते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि सरकार ने वित्त विहीन शिक्षकों का मानदेय बंद करके यह सिद्ध कर दिया कि सरकार का नजरिया शिक्षकों के विरोध में है। इस मौके पर उनके साथ जिलाध्यक्ष माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासभा उत्तर प्रदेश पंकज तिवारी, संजय सिंह, परवेंद्र सिंह, बजेश श्रीवास्तव, राकेश कुमार, जितेन्द्र काजू, शिवनारायण राजपूत, बीएल भास्कर, आर के अहिरवार, आसिफ अली, राजेश तिवारी, शैलेश गुप्ता, रमेश साहू, वीरसेन त्रिपाठी, कमलेश योगी, मान सिंह पाल, सहयोगी राजकुमार शर्मा, राजेंद्र मिश्रा, रामअवतार राठौर, कमलेश राठौर, डा. कमलेश राठौर, अरविंद राठौर, जितेंद्र राठौर, जीतू राठौर, अर्जुन राठौर, कप्तान राठौर, मनीष राठौर, तुलसीराम अचार्य जी, प्रदीप राठौर, कृपा शंकर, डीवी यादव, बृजमोहन, पवन कुशवाहा, मुलायम यादव, लल्लू यादव, संजय सिंगरोर, प्रदीप पटेल, छोटू, शरद, सत्यम, अभय, आकाश, शिवम, राजा करन व अन्य मौजूद रहे। नामांकन के बाद अशोक राठौर ने कहा कि हर पार्टी वित्त विहीन शिक्षकों के साथ छल करती है कोई इनके बारे में चर्चा भी करना पसंद नहीं करता है। अशोक कुमार राठौर का कहना था कि मैंने अपना जीवन वित्त विहीन शिक्षकों के उत्थान के लिए लगाया है और मैं अंतिम सांस तक वित्त विहीन शिक्षकों की लड़ाई लड़ूंगा।

## गौभक्त बने मानपुरा प्रधान, सर्दी में गौवंशों की कर रहे देखभाल

**माधौगढ़ (जालौन)।** गलन भरी सर्दी में एक तरफ आये दिन रोड पर आवारा मवेशी मरते-ठिठुरते दिखाई देते हैं तो वही गौशालाओं की हालत भी नाजुक होती दिखाई देती है। आज जब छौना मानपुरा में गौशाला में जाकर देखा तो 75 गायें ऐसी हैं जिनकी सेवा अपने हाथों मानपुरा ग्राम प्रधान इंद्रजीत सिंह करते दिखाई दिए। रात्रि में अलाव की व्यवस्था दिन में खाने पीने की व्यवस्था साफ सफाई की व्यवस्था देख दिमाग चकित रह गया। बता दें कि ग्राम प्रधान द्वारा गौशाला को एक तरह से अपने घर जैसी साफ सफाई करवाने का सराहनीय कार्य किया गया। इंद्रजीत सिंह ग्राम प्रधान से जब बात की तो उन्होंने बताया कि इस गौशाला को साफ सफाई करने का श्रेय गौशाला के कर्मचारी धर्मवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह को जाता है। क्योंकि ये रात दिन एक करके मेरे साथ लगे रहते हैं।

# सड़क हादसे में कार चालक की मौत, आधा दर्जन छात्र घायल

संवाददाता। उरई (जालौन)

● कार पर सवार होकर पेपर देने हमीरपुर जा रहे थे

**कदौरा** थाना क्षेत्र के ग्राम उदनपुर नहर के पास सड़क किनारे खड़ी डीसीएम में तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें कारचालक की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि कार पर सवार करीब आधा दर्जन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायल छात्रों को सीएचसी कदौरा पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं पुलिस ने मृतक चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कदौरा कस्बा के मोहल्ला इस्लामाबाद निवासी आसिफखान उर्फ बाबर बुधवार को अपनी कार से कस्बे के ही निवासी छात्र सदाकत हुसैन, योगेश, मुर्तुजा खान, प्रियांशु पाल, पारस सिंधी, सोमित गुप्ता, आदर्श पाठक को बीएससी एग्रीकल्चर की परीक्षा दिलाने कुछेछा हमीरपुर जा रहा था। बताया गया है कि जैसे ही गाड़ी उदनपुर नहर के पास पहुंची तो पहले से ही खड़ी डीसीएम से टकरा गई। जिससे ड्राइवर आसिफ 35 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

जबकि कार में सवार छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गए और उनमें चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए कार में सवार सभी घायल छात्रों को बाहर निकाला। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चों को उपचार के लिए सीएचसी कदौरा में भर्ती करवाया।

## क्विक न्यूज

### मीटर चेकिंग टीम ने दो लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा

**जालौन (उरई)।** मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी किए जाने की शंका पर बिजली विभाग की टीम द्वारा नगर में बिजली के मीटरों की जांच की गई। जिसमें दो लोग मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करते हुए मिले। दोनों लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई। कुछ लोग रीडिंग कम करने के लिए मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करते है। ताकि उनका बिजली बिल कम आए। ऐसे लोगों के खिलाफ बिजली विभाग ने सख्ती अपनाई है। बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता मीटर मनोज कुमार, अवर अभियंता मीटर शिवम साहू, उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह, जेई पैश्वनीराम, टीजीटू रविप्रकाश यादव व राहुल साहू, लाइनमैन कमलेश आदि की टीम ने नगर में संदिग्ध मीटरों की जांच की। एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि काशीनाथ निवासी सुरेशचंद्र का 5 किलोवाट का व्यवसायिक मीटर लगा था। जिसकी जांच करने पर टीम ने पाया कि मीटर में टीपी टर्मिनल के दो फेज को एक अतिरिक्त तार द्वारा बाइपास किया गया है जो कि मीटर छेड़छाड़ की श्रेणी में आता है। इसी प्रकार फर्दनवीस निवासी श्यामजी के यहां 2 किलोवाट का घरेलू बिजली मीटर लगा है। मीटर की जांच करने पर मीटर में सीटी तार कटे हुए पाए गए। जिस कारण मीटर विद्युत उपभोग की गणना नहीं कर पा रहा था। यह भी मीटर छेड़छाड़ की श्रेणी में आता है। बताया कि दोनों उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी गई है।

### पुलिस व प्रशासन ने की गैंगेस्टर आरोपी के घर की कुर्की

**राठ(हमीरपुर)।** राठ कस्वे में नायब तहसीलदार राठ व अजनर पुलिस ने गैंगेस्टर आरोपी व्यक्ति के घर कुर्की की कार्रवाई की। नायब तहसीलदार बीरपाल ने बताया कि जनपद महोबा के अजनर थाना के अकौनी गांव निवासी सुखराम पुत्र जमुना प्रसाद राजपूत कस्बे के जुगियाना मोहल्ले में रहते हैं। उनके खिलाफ अजनर थाने की पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की। गैंगस्टर एक्ट में जुगियाना मोहल्ले में उनके घर पर जनपद महोबा के जिलाधिकारी के आदेश पर अजनर थाना पुलिस ने आकर आरोपी के घर कुर्की की कार्रवाई की है। इस दौरान नगरपालिका ईओ यदुनाथ सहित पुलिस फोर्स मौजूद रही।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुलिस व एस ओ मऊदरवाजा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना पड़ा मंहगा

**फर्रुखाबाद।** यूपी पुलिस और थानाध्यक्ष मऊदरवाजा के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभद्र टिप्पणी करना युवक को महंगा पड़ गया। युवक के खिलाफ थाना मऊदरवाजा में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। थाना मऊदरवाजा में तैनात किरनपाल नागर ने आईटी एक्ट व गाली गलौज की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। दर्ज कराए गये मुकदमे के अनुसार पवन वर्मा नाम के युवक ने व्हाट्सएप व ट्विटर पर अभद्र टिप्पणी की थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूपी पुलिस व थाना अध्यक्ष मऊदरवाजा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने से छवि धूमिल की गई। जिससे युवक के खिलाफ थाना मऊदरवाजा में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच इंस्पेक्टर रमेश कुमार सिंह को सौंपी गई है।

### युवती ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**कायमगंज् फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र कंपिल में सिवारा मार्ग पर बसे एक गांव की 14 वर्षीय युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर में रखी किसी जहरीली दवा का सेवन कर लिया। जहरीला पदार्थ खाकर युवती आत्महत्या का प्रयास कर रही थी। किंतु हालत गंभीर होती देख घबराए परिजन उसे उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने चिकित्सीय परीक्षण के साथ ही प्रथम उपचार देते हुए युवती की हालत गंभीर बताकर उसे डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया। युवती के साथ आए परिजनों से जब इस संबंध में बात कर कुछ जानने का प्रयास किया गया, तो दुखी परिजन कुछ भी बताने से साफ इनकार करने लगे। इससे यह नहीं पता चला कि आखिर युवती ने आत्महत्या का प्रयास करने जैसा घातक कदम क्यों उठाया। गंभीर हालत में परिजन रेफर लेटर मिलते ही युवती को लोहिया अस्पताल ले जाने की तैयारी में जुट गए थे।

### महिला हॉकी खिलाड़ी अपने जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करेंगी: जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय में राज्यस्तरीय नारीशक्ति महिला हॉकी आमंत्रण प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता ट्रॉफी का अनावरण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश की महिला हॉकी खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी।उन्होंने कहा कि सभी महिला हॉकी खिलाड़ी अपने जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करेंगी। ट्रॉफी अनावरण कार्यक्रम में उन्होंने सी पी मिल्क एण्ड फूड प्रोडक्ट्स प्रा लि लखनऊ आयोजन समिति को भी शुभकामनाऐं दी।

### महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं पर केन्द्रित होता है देश का भविष्य



**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी में दो दिवसीय 26वें वार्षिक क्रीडा समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि/डीएफओ आरके दीक्षित ने किया। उन्होंने छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि खेल शिक्षा का अनिवार्य अंग है। इसलिए सभी छात्र/छात्राओं को शिक्षा के साथ खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहिए। बुधवार को खेल का शुभारम्भ कर मुख्य अतिथि ने जीवन की चार अवस्थाओं का वर्णन करते हुए बताया कि महाविद्यालय स्तर की शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राएं प्रायः किशोर अवस्था के होते हैं। ये अवस्था छात्र जीवन का स्वर्णिम समय होता है। जिसमें छात्र/छात्राओं के भविष्य के साथ समाज, प्रदेश और देश का भविष्य आधारित होता है। छात्र/छात्राओं को इस समय का सदुपयोग स्वयं तथा अपने परिवार, प्रदेश एवं देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए करना चाहिए। खेलों को योग से जोड़ते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि स्वस्थ एवं आकर्षक मानव जीवन के सृजन में योग, व्यायाम एवं खेल का बहुत बड़ा योगदान होता है। समस्त छात्र/छात्राओं को अपनी दिनचर्या में खेलों के साथ योग, व्यायाम तथा ध्यान को निश्चित रूप से शामिल करना चाहिए। अध्यक्षीय भाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चौधरी ने कहा कि खेल खेलना व्यक्ति के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक, मनोवैज्ञानिक तथा बौद्धिक विकास को सुदृढ़ करता है। इसलिए यह उचित ही नहीं, बल्कि आवश्यक भी है कि प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में खेल के प्रति अनुराग रखे और उसे अपनी दैनिक जीवन में एक महत्वपूर्ण क्रिया के रूप में शामिल करे। प्राचार्य ने छात्र/छात्राओं को खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर प्रतिभागिता करने को उत्साहित किया। प्रतियोगिता में महत्व विजय का नहीं, बल्कि प्रतिभागिता का होता है।

### ट्रक ने वाइक सवार को कुचला, मौत

**घाटमपुर।** बुधवार शाम नगर के भीतर गांव तिराहे पर तेज रफ्तार ट्रक ने वाइक सवार को कुचल दिया। बताया जाता है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव इछौली निवासी नहर सिंह (50) वाइक से अपनी बहन के गांव छाजा गया था, वापसी के दौरान जैसे ही कुष्मॉण्डा देवी मन्दिर ( भीतरगांव तिराहे ) के पास पंहुचा कि तभी ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे वो वाइक समेत सड़क पर जा गिरा और पहिये से कुचल गया। सूचना पर पंहुची कस्बा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### मराठा कालीन ऐतिहासिक भवन के 44 अवैध कब्जा धारकों को नोटिस जारी

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के पुरानी कोतवाली भवन में अवैध ढंग से काबिज 44 लोगों को जिला प्रशासन ने नोटिस देकर अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिये हैं। अवैध कब्जा करने वालों को एक सप्ताह में खाली करने का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद प्रशासन अवैध कब्जा हटाने को बुलडोजर चला सकता है। बुधवार को जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार इलाके में मराठा कालीन विनायकराव पेशवा ने इस भवन का निर्माण कराया था। यह पेशवा नरेशों का महल रहा है। यहां से मराठा काल के दौरान बने गोल तालाब, कोठी तालाब व गणेश बाग जाने को गुप्त रास्ते भी हैं। मौजूदा समय में भवन को देखकर लगता है कि ये कभी आकर्षण का केन्द्र होने के साथ पुरातत्विक धरोहर भी है। ब्रिटिश हुकूमत ने इस भवन पर कब्जा जमाने के बाद थाना संचालित किया था। आजादी के बाद भी यहीं पर कोतवाली चलती रही। नया भवन बनने के बाद यहां से कोतवाली हटी तो पुलिस महकमे के साथ अन्य विभागों से जुडे कर्मचारियों ने इस भवन पर अवैध ढंग से कब्जे जमा लिए। धीरे-धीरे ये ऐतिहासिक इमारत अवैध कब्जाधारकों के हाथ चला गया।

### जिलाधिकारी ने बिन्दुवार की योजनाओं की समीक्षा

**फतेहपुर।** विकास कार्यक्रमो एवं लाभार्थीपरक योजनाओ से सम्बंधित कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित लाभार्थीपरक/विकासपरक, जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। कहा कि अच्छा कार्य/ट्रांजेक्शन करने वाली टॉप-10 बीसी सखी की सूची उपलब्ध कराते हुए जिन बीसी सखियो का कार्य धीमी गति से चल रहा है, उनको प्रोत्साहित करने के लिए चयनित अच्छी बीसी सखियों के माध्यम से कराया जाने के लिए डीसी स्वतः रोजगार, एलडीएम आपस मे समन्वय बनाते हुए कार्य की रूपरेखा बनाकर कार्य कराए। पोषण आहार प्लांट स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित की समीक्षा की और क्षमता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिस प्लांट की जितनी क्षमता है, उस प्लांट से पोषण आहार का उत्पादन किया जाये। उन्होंने गौवंशो/महीषवंशियो का कार्ययोजना बनाकर रोस्टर के अनुसार अभियान चलाकर ईयर टैगिंग का कार्य शत प्रतिशत किया जाए और एनाफ़पोर्टल में फीडिंग का कार्य समय से कराये, साथ ही पशुधन बीमा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए पशुधन बीमा योजना से पशुपालकों को लाभान्वित कराये।

# धर्मांतरण मामले में बड़ा खुलासा विदेशी फंडिंग का भी लिंक मिला

**फतेहपुर।** जनपद में सामूहिक धर्मांतरण मामले में लगातार नए खुलासे सामने आ रहे हैं। ताजा मामला ईसाई मिशनरियों के विदेशी फंडिंग से जुड़ा हुआ है। पुलिस की पूछताछ में यह बात निकल कर सामने आई कि इसाई धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए विदेशों से पैसों की मांग की थी। सूत्रों की माने तो इसाई मिशनरी यीशू दरबार और चंगाई सभा लगाने के लिए लगातार विदेशों से पैसे की डिमांड कर रहे थे। इसके अलावा बुधवार को वर्ल्ड विज़न संस्था के नौ कर्मचारियों के भी बयान कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया। साथ ही जांच के लिए संस्था लैपटॉप कब्जे में लिया है।शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि प्रयागराज के नैनी स्थित एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट (डीम्ड विश्वविद्यालय) शुआट्स सोसाइटी बोर्ड के सदस्य डा. आइजक फ्रैंक को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। उन्होने पुलिस के सामने कई अहम और सनसनीखेज खुलासे किए है। विश्व विद्यालय के कुलपति ने प्रदेश के कई जिलों में अमेरिका, कनाडा, लंदन से करोड़ों रुपए की मांग की थी। साथ ही इस पैसे के जरिए गरीबों को प्रलोभन देकर रोजगार, स्कूल खोलने जैसे कई तरह के काम किए जा रहे थे। पुलिस सूत्रों की माने तो इस पूरे खेल में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के शामिल होने की भी आशंका जतायी जा रही है। इस मामले की जांच एसटीएफ भी कर रही है। गौरतलब है कि 15 अप्रैल 2022 को विहिप नेता हिमांशु दीक्षित की तहरीर पर पुलिस ने 56 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, जिसमें चर्च के पादरी विजय मसीह समेत 14 आरोपी जेल में है, जबकि 26 अग्रिम जमानत पर बाहर चल रहे हैं, और दंपत्ति समेत 3 आरोपी फरार चल रहे जिनकी संपत्ति कुर्क करने के लिए पुलिस ने कोर्ट में अर्जी भी दाखिल का रखी है। सदर कोतवाली की पुलिस ने कोर्ट से सर्च वारंट लेने के बाद वर्ल्डविजन ऑफिस का ताला तोड़कर कुछ कागजात भी खंगाले। सूत्रों की मानें तो पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे हैं जो आगे चलकर पुलिस विवेचना में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

## आज साध्वी करेंगी पानी की टंकियों का शिलान्यास

**फतेहपुर।** जिले की सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति कल जनपद में विभिन्न गावों में नवनिर्मित पानी की टंकियों का शिलान्यास करेंगी। सांसद कार्यालय प्रवक्ता शिवप्रताप के अनुसार साध्वी 11 बजे ग्राम पंचायत (मधवापुर) डारी खुर्द विकास खंड देवमई में जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाली पानी की टंकी का शिलान्यास करेंगी।

दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत जरारा-बेंता विकास खंड देवमई में जल जीवन मिशनहर घर जल योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाली पानी की हर घर जल योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाली पानी की टंकी का शिलान्यास करेंगी। दोपहर 01 बजे ग्राम पंचायत आलमपुर-मथुरापुर डारी खुर्द विकास खंड देवमई में जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाली पानी कि टंकी का शिलान्यास करेंगी।

# इलेक्ट्रोहोम्योपैथी सर्वमान्य, बस ईमानदारी से काम करने की आवश्यकता : डा. निगम

● डा.मानसी ने विस्तार से बताया इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक के बारे में

संवाददाता। हमीरपुर



**स्थानीय** इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक धर्मार्थ चिकित्सालय में डा.काउन्ट सीजर मैटी के 214वें वर्षगांठ के अवसर पर बोलते हुये बुन्देलखंड प्रभारी डा.नरेंद्रभूषण निगम ने कहा कि इलेक्ट्रोहोम्योपैथी सर्वमान्य है बस आवश्यकता है इस पैथी पर ईमानदारी से काम करने की। उन्होंने कहा कि इस पैथी में असाध्य रोग पूरी तरह ठीक हो रहे हैं, इसके सबूत केंद्र व राज्य सरकार को दिये जा चुके है।

डा निगम ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के युग में यदि हमें जीवित रहना है तो अन्य पद्धतियों की भांति इसमें भी कार्य करना होगा। इसी क्रम में डा. मानसी ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्यपैथिक की औषधियां हानिरहित हैं। यह रोगी के शरीर में रक्त और रस को शुद्ध करके रोग को जड़ से समाप्त करती है। इस पैथी में दवाओं का निर्माण वनस्पतियों से होता है न कि केमिकल से। इसीलिये लोगों का विश्वास इलेक्ट्रोहोम्योपैथी की ओर लगातार बढ़ता जा रहा है। जिला प्रभारी अधिकारी डा.गणेश सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक किसी के दबाव में न रहें,अपनी प्रैक्टिस स्वतंत्र रुप से जारी रखें। उनके साथ बोर्ड लखनऊ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। डा स्वाती ने भी अपने विचार रखे।

डा सागर ने कहा कि इलेक्ट्रोहोम्योपैथी से कैंसर जैसे घातक रोग ठीक हो चुके हैं। यही नहीं जब अन्य पद्धतियों ने जिस रोग को ठीक करने में हाथ खड़े कर दिये है उन रोगो को इलेक्ट्रोहोम्योपैथी ने ठीक किया है। इस मौके पर अंकुर निगम, डा.सुनीता सागर, डा.चंद्रभूषण निगम, डा.देवानंद सागर,डा रजनीश खरे,डा सफी, डा मुनीष गुप्ता, डा राजपाल सिंह, डा विपासा, अंश निगम समेत कई लोग मौजूद रहे।

# व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध रूप से किया जाए: जिलाधिकारी

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में युवा उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष श्याम मोहन दुबे द्वारा व्यापारियों की समस्याओं से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि रूरा कस्बे में रेलवे का अंडर पास बनने के कारण मेन रोड क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे व्यापारी परेशान हैं। इस पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी रूरा के माध्यम से बताया गया कि प्रक्रिया हेतु ई-टेंडर जारी किया जा चुका है एवं शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार सिकंदरा एवं बिल्हौर के मध्य झींझक रेलवे स्टेशन के पास अंडरपास में अंधेरे होने के कारण व्यापारियों को खासी कठिनाई होने की शिकायत पर उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत झींझक द्वारा बताया गया कि शीघ्र अण्डरपास में लाइट व्यवस्था कर ली जायेगी। उन्होंने माती बस डिपो पर अतिरिक्त बसे एवं स्टाप बढ़ाए जाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा एआरएम रोडवेज को एमडी को पत्र भेजे जाने के निर्देश दिए तथा अकबरपुर पुल के एक तरफ सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्थल चिन्हित कर रुट पर संचालित बसों के स्थायी स्टॉपेज किये जाने तथा रनिया के स्थान पर इलेक्ट्रिक बसों का आवागमन अकबरपुर तक किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों के कानपुर से कानपुर देहात आने जाने हेतु टोल प्लाजा में व्यापारियों को टोल निःशुल्क पास जारी करने पर चर्चा की गयी, इस पर जिलाधिकारी ने पी डी एनएचएआई को निर्देशित किया कि शीघ्र उचित कार्यवाही करें। व्यापारियों द्वारा गजनेर कस्बे के व्यापारियों की सुविधा हेतु रोडवेज बस के हाल्ट की बात रखी गयी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को पत्र भेजे जाने के निर्देश दिए गये। इस दौरान अध्यक्ष युवा उद्योग व्यापार मण्डल राम जी मिश्रा द्वारा अकबरपुर बाजार में सड़क के किनारे दोनों तरफ यातायात को व्यवस्थित करने हेतु एवं अनावश्यक रूप से चालान ना कटे इसे तू पट्टी खींचे जाने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर अधिशासी अधिकारी अकबरपुर को संयुक्त रूप से सर्वे कर शीघ्र कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पुनः सर्वे कराकर क्षतिग्रस्त मार्गो को दुरुस्त किए जाने तथा सड़कों को गड्ढा मुक्त किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तार में चर्चा की गयी।

## स्टाम्प चोरी पाए जाने पर प्राथमिकी दर्ज कराएं

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा मौजा बाढ़ापुर, मुहम्मदपुर, गौरियापुर व कुईत मन्दिर में बड़ी मालियत के विलेखों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर मनोज कुमार एआईजी स्टाम्प व क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद थे।

उन्होंने मौजा बाढ़ापुर में मौके पर नक्शे का भी जायजा लिया व जांच करते हुए एआईजी स्टाम्प को जुमला विभाजन करने तथा हाईवे पर स्थित ग्राम समाज की भूमि को संरक्षित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने भूमि पर खड़े वैन विभाग के पेड़ की भी मालियत तय करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित लेखपाल को ग्राम समाज तथा अन्य विक्रय की गयी निर्धारित भूमि की जांच के लिए निर्देशित किया कि विलेख का परीक्षण कर लें व संबंधित मामले में स्टाम्प की कमी या चोरी पाए जाने पर संबंधित व जिम्मेदार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायें।

# प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल का चित्रकूट दौरा आज

संवाददाता। चित्रकूट



**उत्तर** प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एव बांट माप मंत्री आशीष पटेल गुरूवार को गृह जनपद चित्रकूट के दौरे पर रहेंगे। पार्टी विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी कैबिनेट मंत्री के भव्य स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों को अन्तिम रूप देने में जुटे हैं।

अपना दल जिलाध्यक्ष फौजी रामसिया पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एव बांट माप मंत्री आशीष पटेल गुरूवार को गृह जनपद चित्रकूट के दौरे पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी के विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में पार्टी नेता बादा-चित्रकूट बार्डर पर मंत्री का फूल मालाओं से लादकर स्वागत करेंगे। इसके बाद वृंदावन गार्डेन बेडीपुलिया में कार्यकर्ता सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल शिरकत करेंगे। इसके बाद रैपुरा, लालतारोड और मऊ के स्वागत कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद वह अपने पैतृक गांव हनुमानगंज लौरी पहुंचकर मंदिर में कुलदेवी के दर्शन करेंगे। साथ ही अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि देंगे। बताया कि विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी स्वागत कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हुए हैं। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख जय प्रकाश पांडेय, वरिष्ठ नेता रवि प्रकाश त्रिपाठी आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सिटी डेवलपमेन्ट प्लान की बाबत सुझाव और आपत्तियां दें: अभिषेक

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द को सिटी डेवलपमेन्ट प्लान की बाबत समीक्षा बैठक में मेसर्स मैनहार्ट सिंगापुर प्रालि के आर्किटेक्टों ने बताया कि चित्रकूट में सिटी डेवलपमेन्ट प्लान की शुरुवात मई 2022 में हुई थी। विभिन्न बैठकें करके लोगों से सुझाव, आपत्तियां लेकर निस्तारित की गई हैं।

बुधवार को कलेक्टेªट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सभी अधिकारियों से कहा कि सिटी डेवलपमेन्ट प्लान में जो प्रस्ताव तैयार हुए हैं, उसमें कोई सुझाव देना चाहें तो उपलब्ध करायें। उन्होंने आर्किटेक्टों से कहा कि राजापुर तुलसी मन्दिर के पास यमुना नदी एवं मन्दाकिनी गंगा का भी प्रस्ताव बनायें। मन्दाकिनी दर्शन को एसडीएम व एक्सईएन सिंचाई को निर्देश दिये हैं कि मन्दाकिनी गंगा की भूमि का सीमांकन करायें। यात्री धर्मशाला व अलग-अलग क्षेत्रों के लिए ईको टूरिज्म में प्रभागीय वनाधिकारी के साथ बैठक कर प्रस्ताव तैयार करायें। मैनेजमेन्ट टीम से वार्ता करके डीपीआर बनाकर उपलब्ध करायें। सर्वे में कोई सहयोग की जरूरत हो तो बतायें। अच्छे ढंग से डीपीआर तैयार कर वीडियो कांफ्रेंसिंग भी करायें। आर्किटेक्टों ने उन्हें बताया कि सिटी डेवलपमेन्ट में पार्क, पेयजल, विद्युत, सम्पर्क मार्ग, सीवर प्लांट, रानीपुर टाइगर रिजर्व, कृषि पर्यटन, सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट, ट्रांसपोर्ट रुट, सेफ्टी ईको टूरिज्म के तहत रिसार्ट गणेश बाग का सुन्दरीकरण, सिटी बस का प्राविधान, मन्दाकिनी नदी, ट्रामा सेंटर, आयुर्वेदिक नेचुरल पैथी सेक्टर, विश्वविद्यालय, मार्डल गौशाला, लक्ष्मण घाट, बरुआ डैम, कोठी तालाब का सुन्दरीकरण, एजुकेशन पर प्रगति के प्लान बनाये गये हैं। बाल्मीकि व तुलसीदास की नगरी राजापुर में भी अयोध्या से चलकर राम वन गमन मार्ग का चित्रकूट में अन्तिम पडाव भी है। इसके मद्देनजर योजना तैयार की गई है। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, एक्सईएन लोनिवि सत्येन्द्रनाथ, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## ताबिश ने असिस्टेंट कमांडेंट बनकर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव



**मौदहा** (हमीरपुर)। मौदहा निवासी एक और होनहार ने भारतीय सेना में राजपत्रित अधिकारी बनकर परिवार सहित जनपद को गौरव बढ़ाया है। क्षेत्र के ग्राम मदारपुर में जन्में व वर्तमान हैदरगंज मोहल्ला निवासी मोहम्मद ताबिश खान पुत्र इसराइल खान ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के तहत आयोजित परीक्षा में 91वीं रैंक हासिल कर भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) में असिस्टेंट कमांडेंट बनकर परिवार सहित जनपद का नाम रौशन किया है। असिस्टेंट कमांडेंट का पद अर्धसैन्य बलों में राजपत्रित अधिकारी (डीएसपी) का होता है, यह भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय पुलिस सेवाओं के तहत आता है। मोहम्मद ताबिश खान ने अपनी शिक्षा की शुरुआत नगर के जेसी कान्वेंट से की थी जिसके बाद वह दिल्ली चले गए और वही रहकर अपनी प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण की, साथ ही दिल्ली की आईपी यूनिवर्सिटी से अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की और भारतीय सेना की तैयारी करते हुए असिस्टेंट कमांडेंट बनकर परिवार सहित क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

# आयुक्त ने मण्डल के जिला उद्योग बन्धु की बैठकों में उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए दिए निर्देश

संवाददाता। बांदा

**आयुक्त,** चित्रकूटधाम मण्डल बांदा आर पी सिंह की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक मयूर भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डल के जिला उद्योग बन्धु की बैठकों में उद्यमियों की समस्याओं के प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा के अन्तर्गत पाया गया कि उद्यमियों की शत-प्रतिशत समस्याओं का निस्तारण जिला स्तर पर किया गया है। मण्डलायुक्त ने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों/समस्याओं की समीक्षा की, जिसमें मण्डल में निवेश मित्र पोर्टल में प्राप्त प्रकरणों के मामलों का निस्तारण समयबद्धता से कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने उद्योग विभाग के जनपदीय अधिकारियों को हमीरपुर एवं बांदा के निवेश मित्र पोर्टल के अवशेष मामलों का निस्तारण शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये।

आयुक्त ने बैठक में उद्यमियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में सड़क, नाली आदि का निर्माण एवं विकास कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबन्धक को गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाकर उसे प्रत्येक दशा में शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में पानी की उपलब्धता के सम्बन्ध में प्रस्तावित योजना के अनुसार शीघ्र कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक

● एक जनपद-एक उत्पाद योजना की समीक्षा की

क्षेत्र भूरागढ़ के आसपास असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही किये जाने हेतु एक पिकेट स्थापित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि वह अधिक से अधिक उद्योग जनपद बांदा सहित मण्डल के अन्य जनपदों में लगाये जाने हेतु उनके निवेश हेतु प्रस्ताव उपलब्ध करायें। उन्होंने जनपद चित्रकूट एवं महोबा में इनवेस्टर समिति के अन्तर्गत और अधिक उद्यमियों के द्वारा निवेश कराये जाने हेतु कार्यवाही किये जाने के निर्देश जिला उद्योग बन्धु के अधिकारियों को दिये।

आयुक्त ने मण्डल के जनपदों में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद-एक उत्पाद योजना की समीक्षा की। उन्होंने सम्बन्धित जनपदों के लीड बैंक मैनेजरों को निर्देश दिये कि मण्डल में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त आवेदनों को विशेष रूप से रूचि लेकर बैंकों से स्वीकृत करायें जिससे कि अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार मिल सके। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार की समीक्षा में मण्डल के बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैंकों से इस योजना के अन्तर्गत बैंकों द्वारा अस्वीकृत किये गये प्रकरणों के आधार को चेक कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

आयुक्त ने एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति को बढ़ाये जाने के निर्देश जनपद स्तरीय जिला उद्योग बन्धु के अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि एक जनपद-एक उत्पाद योजना में जनपद चित्रकूट में लकड़ी के उत्पादों को और अधिक बढ़ायें। बांदा के शजर पत्थर के साथ कठिया गेहूँ तथा महोबा जनपद में गोरा पत्थर के द्वारा मूर्तियों को बनाये जाने के कार्य का सर्वे कराकर इसको और आगे बढ़ाया जाने हेतु प्रयास किया जाए।

# कैलिफोर्निया में बाढ़, भूस्खलन से तबाही, कई की मौत

## लगभग 50 हजार लोगों को अपने इलाकों को छोड़ने के आदेश दिए गए

**एपी।** लॉस एंजिलिस (अमेरिका)



**अमेरिकी** राज्य कैलिफोर्निया जहां भीषण ठंड की चपेट में है, वहीं मंगलवार को और शक्तिशाली तूफान आने की आशंका है। इस बीच, बाढ़ से राज्य में हालात बहुत खराब हैं। बाढ़ के पानी में मानों पूरा शहर समा गया है। बाढ़ का पानी एक लड़के को भी बहा ले गया।

लाखों निवासियों को बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। लगभग 50,000 लोगों को अपने इलाकों को छोड़ने के आदेश दिए गए हैं और भारी बारिश, बिजली गिरने, ओलावृष्टि और भूस्खलन के कारण।,10,000 से अधिक घरों और व्यवसायिक केंद्रों में बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजोम ने सांताक्रूज तट पर कैपिटोला शहर के दौरे के दौरान कहा कि पिछले साल दिसंबर के अंत में शुरू हुए तूफान और इससे संबंधित घटनाओं में कम से कम 17 लोगों की मौत हो चुकी है। शहर पिछले सप्ताह बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुआ था। कैलिफोर्निया राजमार्ग गश्ती दल ने कहा कि इन घटनाओं में जिन लोगों की मौत हुई उनमें एक पिकअप ट्रक चालक और मोटरसाइकिल सवार शामिल है, जो मंगलवार सुबह विसालिया के पास सैन जोकिन घाटी में राजमार्ग 99 पर यूकेलिप्टस का पेड़ गिरने से मारे गए। न्यूसोम ने कहा, ए स्थितियां गंभीर हैं और घातक हैं। सोमवार से शुरू हुए तूफान के प्रभाव से दक्षिणी कैलिफोर्निया के पर्वतीय क्षेत्रों में डेढ़ फुट (45 सेंटीमीटर) से अधिक बारिश हुई और सिएरा नेवादा स्की रिसॉर्ट में पांच फुट (1.5 मीटर) से अधिक बर्फ जमी है। पहाड़ों से चट्टानें, पत्थर गिरने और भूस्खलन के कारण सड़कें बंद हैं। बाढ़ की वजह से मार्ग के कुछ हिस्से जलमार्ग में बदल गए हैं। उफनती नदियों के बहाव में कई मकान बह गए हैं। एक निवासी ब्रायन ब्रिग्स ने कहा, हम सब यहां फंसे हैं। सुदूर माटिलिजा कैन्यन में बाढ़ के बाद भूस्खलन हुआ, जिसमें एक मकान पूरी तरह से दफन हो गया और पास के ओजई की एकमात्र सड़क से संपर्क कट गया।

# यूक्रेन के खिलाफ रूसी युद्ध ने बदली छात्रों की दिनचर्या और शिक्षकों के पढ़ाने का तरीका

**भाषा।** वाशिंगटन

(द कन्वरसेशन) स्वितलाना पोपोवा के छात्रों को यह एहसास नहीं था कि जिस वक्त वह ऑनलाइन उनकी गणित की क्लास अपने घर के बाहर ले रही थीं तब यूक्रेन में उनका घर रूस के हमले की वजह से पूरा तबाह हो गया था। छात्रों को इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर इस बारे में वीडियो से मिली।

मुश्किल हालात से पोपोवा के छात्र भी गुजर रहे थे- कुछ अपने घरों से दूर रहने को मजबूर हैं तो कुछ अन्य देशों में शरण की मांग कर रहे थे। पोपोवा यूक्रेन के कीव क्षेत्र के बोरोडिका शहर में गणित की शिक्षिका हैं। उनके स्कूल को रूसी सैनिकों द्वारा मुख्यालय के रूप में जब्त कर लिया गया था और उनके वहां से वापस जाने से पहले इमारत को काफी नुकसान पहुंचाया जा चुका था। जब उन्होंने ऑनलाइन कक्षाएं लेनी शुरू कर दीं तो रूसी बलों ने टैंक से गोलाबारी कर उनके घर को जला दिया। इसके बावजूद यह समर्पित शिक्षिका अपने घर के अहाते में एक छतरी से ढकी मेज से डिजिटल रूप से छात्रों को पढ़ाना जारी रखे हुए हैं।

### शैक्षणिक प्रयास

**यूक्रेन** के आश्चर्यजनक प्रतिरोध की तरह ही व्यापक चुनौतियों के बावजूद स्थानीय शिक्षक इस अवसर पर अपने दायित्वों को पूरा करने की कसौटी पर खरे उतरते दिखे हैं। सोशल मीडिया मंचों पर व्यापक रूप से प्रसारित वीडियो में देखा जा सकता है कि बमबारी के दौरान भी शिक्षक अपने विद्यार्थियों के छोटे समूह को बमरोधी आश्रय स्थलों में पढ़ाना जारी रखते हैं या स्कूलों में बिजली कट जाने के बाद पोस्ट ऑफिस के अंदर उन्हें पाठ पढ़ाते हैं। पोपोवा जैसे कई शिक्षक अपने स्वयं की पीड़ा को पीछे छोड़ इस मुश्किल वक्त में अपने छात्रों को दिलासा देते नजर आए।

### दीर्घकालिक विस्थापन

**यूक्रेन** में 2015 से काम कर रहे एक मानवविज्ञानी के रूप में मैंने लंबे समय से यूक्रेन के बच्चों पर सशस्त्र संघर्ष के प्रभावों को देखा है। रूस ने पहली बार 2014 में यूक्रेन पर हमला किया था। उस पहले आक्रमण और फरवरी 2022 में दूसरे आक्रमण के बीच, रूस के साथ सशस्त्र संघर्ष ने 15 लाख यूक्रेनी लोगों को आंतरिक रूप से विस्थापित किया और 740 स्कूलों को क्षतिग्रस्त कर दिया। फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के साथ ही बड़ी संख्या में यूक्रेन से लोगों का पलायन शुरू हो गया और करीब एक करोड़ साठ लाख लोगों ने अपना घर छोड़ अन्य इलाकों और पड़ोसी देशों में शरण ली।

## काबुल में विदेश मंत्रालय के निकट विस्फोट, पांच की मौत

**काबूल( भाषा )।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में विदेश मंत्रालय के निकट हुए विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। तालिबान पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। यह इस साल काबुल में हुआ दूसरा प्रमुख हमला है। किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। दोपहर के समय हुए विस्फोट के बाद सायरन गूंजने लगे। काबुल पुलिस के मुख्य प्रवक्ता खालिद जादरान ने कहा कि सुरक्षा बलों को घटनास्थल पर तैनात कर दिया गया है। विस्फोट में पांच आम लोग मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। तालिबान सरकार के अधिकारियों से विस्फोट पर प्रतिक्रिया मांगी गई, लेकिन उन्होंने तत्काल कोई जवाब नहीं दिया। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने विस्फोट की निंदा की। उन्होंने इसे आतंकवादी कृत्य, स्त्रमानवता के खिलाफ अपराध और सभी मानवीय व इस्लामी मूल्यों के खिलाफ कृत्य करार दिया।

# यूनान के पूर्व एवं अंतिम राजा कॉन्स्टेंटाइन का निधन

**एपी।** एथेंस

**यूनान** के पूर्व एवं अंतिम राजा कॉन्स्टेंटाइन का एथेंस के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके चिकित्सकों ने मंगलवार देर रात यह जानकारी दी। कॉन्स्टेंटाइन 82 वर्ष के थे। एथेंस के निजी अस्पताल हेगिया के कर्मचारियों ने द एसोसिएटेड प्रेस से कॉन्स्टेंटाइन के निधन की पुष्टि की और बताया कि गहन देखभाल इकाई में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। आधिकारिक घोषणा न किए जाने के कारण उन्होंने कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। वर्ष 1964 में 23 साल की उम्र में कॉन्स्टेंटाइन द्वितीय के तौर पर उन्होंने सिंहासन ग्रहण किया था। नौकायन में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह पहले ही बहुत लोकप्रिय थे और राजा बनने के बाद उनकी शोहरत में इजाफा हुआ। हालांकि 1967 में सैन्य तख्तापलट के बाद कॉन्स्टेंटाइन ने सैन्य शासकों से लोहा लिया और उन्हें निर्वासन का सामना करना पड़ा। तानाशाही ने 1973 में राजशाही को समाप्त कर दिया और 1974 में लोकतंत्र बहाल होने के बाद हुए जनमत संग्रह ने कॉन्स्टेंटाइन के फिर से शासन करने की हर उम्मीद को तोड़ दिया। इसके बाद के दशकों में उनकी यूनान यात्राओं में बेहद कमी आई और हर बार उनकी यात्रा के दौरान राजनीतिक तूफान ही खड़ा हुआ। जीवन के आखिरी कुछ वर्षों में वह अपने गृह देश में बसने में कामयाब हुए। कॉन्स्टेंटाइन का जन्म दो जून 1940 को एथेंस में हुआ था। उनके पिता प्रिंस पॉल और मां हनोवर की राजकुमारी फेडेरिका थीं। वर्ष 1922-1935 के बीच 12 साल के रिपब्लिकन इंटरल्यूड के अलावा 1863 से ग्रीस में शासन करने वाला शाही परिवार डेनमार्क के स्लेसविग-होल्स्टीन-सोंडरबर्ग-ग्लुक्सबर्ग शाखा के प्रिंस क्रिश्चियन, बाद में डेनमार्क के ईसाई नौवें का वंशज है।

## अंतरिक्ष स्टेशन के सदस्यों को वापस लाने के लिए रूस नया अंतरिक्षयान भेजेगा

**मॉस्को( एपी )।** रूसी अंतरिक्ष निगम रॉसकॉसमॉस ने बुधवार को कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के चालक दल के कुछ सदस्यों को वापस पृथ्वी पर लाने के लिए एक नया अंतरिक्षयान भेजेगा। चालक दल के सदस्यों के यान के क्षतिग्रस्त होने के चलते रूस ने यह फैसला किया है। रूसी अंतरिक्ष यात्री सर्गेई प्रोकोपएव तथा दिमित्री पेटेलिन और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अंतरिक्ष यात्री फ्रैंक रुबियो सितंबर में सोयूज एमएस -22 यान पर सवार होकर अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे और उनकी योजना इसी यान के जरिए पृथ्वी पर वापस लौटने की थी। हालांकि, पिछले महीने यान से कूलेंट (शीतलक) का रिसाव हो गया था। रॉसकॉसमॉस के प्रमुख यूरी बोरिसोव ने संवाददाताओं से कहा कि हालात का जायजा लेने और नासा के साथ विचार-विमर्श के बाद रूस ने यह फैसला किया है कि 20 फरवरी को चालक दल रहित यान सोयूज एमएस -23 को अंतरिक्ष स्टेशन रवाना किया जाएगा।

# अफ्रीका में हिंसक चरमपंथ को लेकर अमेरिका-रूस के बीच आरोप-प्रत्यारोप

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र



**अमेरिका** ने रूसी सेना को सैन्य साजो-सामान की आपूर्ति कराने वाले, क्रेमलिन समर्थित रूसी सैन्य ठेकेदारों पर अफ्रीकी देशों के आंतरिक मामलों में दखल देने और सहेल क्षेत्र में ऐसे हालात उत्पन्न करने का आरोप लगाया है जिससे हिंसक चरमपंथ को बढ़ावा मिलेगा। रूस ने हालांकि इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पश्चिमी अफ्रीका और सहेल क्षेत्र पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में रूस के अर्द्धसैनिक बल वैगनर समूह की आलोचना करते हुए अमेरिकी उपराजदूत रिचर्ड मिल्स ने रूस पर यह आरोप लगाए।

रिचर्ड मिल्स ने वैगनर समूह पर चरमपंथी खतरे से निपटने में विफल रहने, अफ्रीकी देशों से उनके संसाधनों को लूटने, मानवाधिकारों का हनन करने और संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों तथा कर्मचारियों की सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोप लगाए हैं। फ्रांस के राजनीतिक सलाहकार आइसिस जराउड-डारनॉल्ट ने भी रिचर्ड मिल्स के आरोपों के साथ सहमति जताते हुए कहा कि वैगनर समूह का भाड़े के सैनिकों द्वारा इस्तेमाल किया गया मॉडल दक्षिण अफ्रीका में आतंकवाद का मुकाबला करने में पूरी तरह से निष्प्रभावी साबित हुआ है।

डारनॉल्ट ने माली में 30 से अधिक नागरिकों की कथित हत्या और प्राकृतिक संसाधनों की लूट सहित वैगनर समूह के काम और मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन के नापाक और विनाशकारी प्रभाव का भी हवाला दिया। संयुक्त राष्ट्र में ब्रिटेन के उपराजदूत जेम्स कैरियुकी ने विशेष रूप से माली, बुर्किना फासो, नाइजीरिया और लेक चाड बेसिन में सुरक्षा की स्थिति में गिरावट और पश्चिमी अफ्रीकी तटीय देशों में अस्थिरता फैलने की आशंका का हवाला देते हुए वैगनर समूह की आलोचना की। जेम्स कैरियुकी ने सुरक्षा परिषद से कहा, आप इस क्षेत्र में वैगनर समूह द्वारा निभाई जाने वाली अस्थिरताकारी भूमिका की उपेक्षा नहीं कर सकते। वे समस्या का हिस्सा हैं, समाधान नहीं। रूस ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में रूस की उपराजदूत एना एवतिग्नीवा ने कहा, कुछ देशों ने आज एक बार फिर घोषणा की कि रूस स्पष्ट रूप से अफ्रीका के संसाधनों की लूट कर रहा है और आतंकवादी खतरों के विकास को सुगम बना रहा है।

## चीन के बारे में बढ़ती चिंताओं के बीच ब्रिटेन, जापान के मध्य रक्षा समझौता


**एपी।** लंदन

**ब्रिटेन** और जापान के नेता बुधवार को एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर कर रहे हैं, जिसके तहत दोनों देशों में एक दूसरे के सैनिकों को तैनात किया जा सकता है। ताइवान को लेकर चीन के बढ़ते आक्रामक रुख की चिंताओं के बीच दोनों देश सैन्य संबंधों को मजबूत कर रहे हैं। ब्रिटेन की सरकार ने कहा कि रक्षा समझौता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक एक बैठक के दौरान इस पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इस समझौते पर कई साल से काम चल रहा था और जब किशिदा मई में लंदन यात्रा पर आए थे तो उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन से इस बारे में बात की थी। यूरोपीय संघ के साथ जापान के इस पहले समझौते का नाम रेसिप्रोकल एक्सेस समझौता है जो दोनों देशों को संयुक्त सैन्य अभ्यास करने की अनुमति देता है। ब्रिटेन की सरकार ने कहा कि वह जी-7 देशों के दोनों सदस्यों के सशस्त्र बलों को बड़े और जटिल सैन्य अभ्यास तथा तैनातियों की योजना बनाने और उन्हें अमलीजामा पहनाने की अनुमति प्रदान करता है।

# चीन ने फिर दी ताइवान को धमकी ताइवान की सेना ने किया अभ्यास

**एपी।** बीजिंग

**चीन** ने ताइवान पर हमला करने की अपनी धमकी बुधवार को फिर दोहराई और चेतावनी दी कि स्वशासित द्वीप के साथ बातचीत करने वाले अन्य देशों के नेता आग से खेल रहे हैं। चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि देश नए साल में संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा और ताइवान की स्वतंत्रता के लिए षड्यंत्रों को नाकाम करने के लिए फिर से प्रतिबद्धता जताता है, जो 1949 में चीन के भूभाग से अलग हो गया था। मा शियाओगुआंग ने एक द्विसाप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, कुछ देशों में चीन विरोधी तत्वों के बीच ताइवान की स्वतंत्रता के लिए दुर्भावनापूर्ण समर्थन जानबूझकर उकसावे वाला कदम है। चीन दावा करता है कि ताइवान चीनी भूभाग का हिस्सा है जिसे आवश्यक होने पर बलपूर्वक बीजिंग के नियंत्रण में लाया जाना चाहिए। हाल के महीनों में अन्य देशों के नेताओं की ताइवान यात्रा के बाद दोनों पक्षों ने सैन्यशक्ति का प्रदर्शन किया है। हाल ही में ताइवान की यात्रा करने वाले नेताओं में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की तत्कालीन अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के साथ ही यूरोपीय संघ के कई नेता शामिल थे। इस सप्ताह, ताइवान की सेना चीन के खतरों का मुकाबला करने की अपनी क्षमता को लेकर जनता को आश्वस्त करने के उद्देश्य से अभ्यास कर रही है। ताइवान की राजधानी ताइपे के दक्षिण स्थित सिंचू एयर बेस में वायुसेना के लेफ्टिनेंट कर्नल वू बोंग-एंग ने संवाददाताओं से कहा, सबसे महत्वपूर्ण चीज हमारे हवाई क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाए रखना है। मा ने कहा, हम संबंधित देशों से ताइवान की स्वतंत्रता, अलगाववादी ताकतों को गलत संकेत देना बंद करने और ताइवान को लेकर आग से खेलना बंद करने का आह्वान करते हैं।




मैक्सिको सिटी में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से वार्ता करते अमेरिका के राष्ट्रपति जो वाइडन

## अमेरिका के भारत के साथ बेहद अहम रक्षा संबंध हैं: पेंटागन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के भारत के साथ रक्षा संबंध बेहद महत्वपूर्ण हैं। पेंटागन के प्रेस सचिव जनरल पैट राइडर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब सुरक्षा सहयोग, रक्षा सहयोग की बात आती है तो भारत-अमेरिका के बीच संबंध बेहद अहम हो जाता है। इसलिए हम भारतीय नेतृत्व के साथ जुड़ना जारी रखने की उम्मीद करते हैं। एक सवाल के जवाब में राइडर ने कहा, जब हमारे पास घोषणा करने के लिए कुछ होगा तो निश्चित रूप से हम करेंगे, लेकिन हम पहले से ही क्वाड (भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के समूह) जैसे तंत्र के माध्यम से जुड़े हैं और कई मोर्चों पर सहयोग में शामिल हैं।

# चीन के वीजा रोकने के आदेश का जापान, दक्षिण कोरिया ने किया विरोध

**एपी।** तोक्यो

**चीनी** दूतावासों के मंगलवार को दक्षिण कोरिया और जापान के लोगों के लिए नए वीजा जारी करना बंद करने के एक दिन बाद दोनों देशों ने चीन से आने वाले यात्रियों पर लगाए गए जन स्वास्थ्य प्रतिबंधों का बचाव किया है। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या चीन यह वीजा निलंबन अन्य देशों पर भी लागू करेगा, जिन्होंने चीन में कोविड-19 के मामले बढ़ने पर देश के यात्रियों के लिए जांच अनिवार्य किया है।

दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री पार्क जिन ने बुधवार को कहा कि उन्हें काफी खेदजनक लगता है कि चीन ने दक्षिण कोरियाई लोगों को अल्पकालिक वीजा जारी करना बंद कर दिया। उन्होंने चीन से आह्वान किया कि वह अपने महामारी संबंधी कदमों को वैज्ञानिक और वस्तुनिष्ठ तथ्यों के साथ संरेखित करे। दक्षिण कोरिया की रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी के अनुसार, दो जनवरी से मंगलवार तक चीन से आए 2,550 अल्पकालिक यात्रियों में से लगभग 17 प्रतिशत संक्रमित पाए गए हैं।

दक्षिण कोरिया ने जनवरी के अंत तक चीन में अपने वाणिज्य दूतावासों में अधिकांश अल्पकालिक वीजा जारी करना बंद कर दिया है। चीन, हांगकांग और मकाऊके सभी यात्रियों को हवाई अड्डे पर किए गए कोविड-19 परीक्षण के अलावा उनके आने के 48 घंटों के अंदर किए गए परीक्षण में संक्रमित नहीं होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने जापानी नागरिकों को वीजा जारी करने पर एकतरफा प्रतिबंधित के लिए चीन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि एक ऐसी वजह से यह किया गया जो कोविड-19 रोधी उपायों से संबंधित नहीं है।

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कश्मीरी पत्नी श्री बिजेन्दर, संपत्ति Plot area measuring 50 Sq. Yards i.e. 41.80 Sq. Metes, comprised in Khasra No. 469, situated at Mohalla Indrapuri Modinagar, in the area of Village Sikri Khurd, Pargana Jalalabad, Tehsil Modi Nagar, District Ghaziabad, Uttar Pradesh, मूल बिक्री विलेख दिनांक 20.05.2015 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 6051 के द्वारा मालिक है! उपरोक्त संपत्ति, मेरे मुवक्किल मैसर्स डी0 एम0 आई0 हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है! उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ बिक्री विलेख दिनांक 31.07.2002 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 4664, और बिक्री विलेख दिनांक 24.10.2008 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 11861 कहीं खो गए है! इस सन्दर्भ में 30 प्र0 पुलिस को सूचना दिनांक 03.01.2023 को एनसीआर एल0ए0आर0 नंबर 20230000004686 को दर्ज करवाई गई है। यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 15 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें! ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +91-8076188328

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राज कुमार पुत्र हंस राज, उक्त सम्पति Portion of Property No. A-43, Old Plot No. A-30, area measuring 82 Sq. Yds., i.e. 68.52 Sq. Mtrs., out of total area measuring 164 Sq. Yds., out of Khasra No. 48/12, Old Khasra No. 567, situated in the revenue estate of Mundka, now Colony known as P & T Block, Rajdhani Park, Mundka, Agarwal Colony, Delhi State Delhi-110041, को श्रीमति शकुंतला पत्नी श्री जगदीश दित्ता राम को बेच रहे है! उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल डी0 एम0 आई0 हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है! उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ Notarized GPA, ATS & Will dated 02.02.1994 व Notarized GPA, ATS & Will dated 18.10.1996 कहीं खो गए है! इस सन्दर्भ में दिल्ली पुलिस को सूचना दिनांक 11.01.2023 को LR No. 35326/2023 में दर्ज करवाई गई है। यदि मूल GPA, ATS & Will किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें! ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +91-8076188328

# महिला एथलीटों को खेल गतिविधियों से दूर रहने की धमकी दे रहा तालिबान

**एपी।** काबुल

**खेल** के प्रति नूरा का जुनून इस कदर था कि उसने परिवार के विरोध के बावजूद बरसों इससे दूरी नहीं बनाई। मां की मार और पड़ोसियों के ताने भी उसे अपना पसंदीदा खेल खेलने से नहीं रोक सके। लेकिन, अब अफगानिस्तान की यह 20 वर्षीय महिला एथलीट मुल्क के तालिबान शासकों की नाफरमानी करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है।

नूरा और अफगान महिला एथलीटों के मुताबिक, तालिबान ने न सिर्फ लड़कियों और महिलाओं के किसी भी खेल गतिविधि में हिस्सा लेने पर पाबंदी लगा दी है, बल्कि उन महिलाओं और लड़कियों को लगातार धमकाया और प्रताड़ित किया गया है, जो कभी खेल क्षेत्र में सक्रिय थीं। यहां तक कि वे निजी रूप से अभ्यास करने पर भी गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। नूरा पूरी तरह से टूट गई है। वह कहती है, मैं अब पहले जैसी नहीं रह गई हूं। तालिबान के आने के बाद से मुझे लगता है कि मैं मर चुकी हूं। अफगानिस्तान में पहले अलग-अलग खेलों में सक्रिय कई लड़कियों और महिलाओं ने द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को पहचान गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि तालिबान उन्हें फोन करके या घर पहुंचकर खेल गतिविधियों में हिस्सा न लेने की धमकी दे रहे हैं। इन लड़कियों और महिलाओं ने एपी के फोटोग्राफर से अपने पसंदीदा उपकरणों के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। हालांकि, तालिबान के खौफ के चलते उन्होंने बुर्के से अपनी पहचान छिपा रखी थी। इन लड़कियों और महिलाओं ने कहा कि वे आमतौर पर बुर्का नहीं पहनती हैं, लेकिन अब घर से बाहर निकलते समय वे अक्सर इसे पहनती हैं, ताकि अपनी पहचान छिपा सकें और उत्पीड़न से बच पाएं। खेल गतिविधियों पर रोक तालिबान द्वारा महिलाओं और लड़कियों के जीवन को सीमित करने वाले विभिन्न प्रतिबंधों में से एक है। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता में आने के बाद तालिबान ने लड़कियों के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में पढ़ाई करने पर रोक लगा दी है। पिछले महीने उन्होंने महिलाओं के विश्वविद्यालयों में दाखिला लेने पर भी प्रतिबंध लगा दिया।

तालिबान की हुकूमत में अफगान महिलाओं का सार्वजनिक स्थलों पर बाल और चेहरा ढकना अनिवार्य है। उन्होंने महिलाओं के पार्क और जिम जाने पर भी पाबंदी लगा दी है। इसके अलावा, अफगानिस्तान में महिलाओं के लिए नौकरी के अवसर भी सीमित कर दिए गए हैं। हाल ही में तालिबान ने गैर-सरकारी संगठनों को महिला कर्मचारियों की नियुक्ति से प्रतिबंधित कर दिया है, जिससे देश में मानवीय सहायता की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। 20 साल की मार्शल आर्टिस्ट सरीना याद करती है कि कैसे वह अगस्त 2021 में काबुल के एक स्पोर्ट्स हॉल में स्थानीय महिला स्पर्धा में हिस्सा ले रही थी, तभी खबर आई कि तालिबान शहर के बाहरी इलाके तक पहुंच गए हैं और देखते-देखते ही सभी महिला प्रतिभागी और दर्शक हॉल छोड़कर भाग गईं। सरीना के अनुसार, यह आखिरी स्पर्धा थी, जिसमें उसने हिस्सा लिया। वह कहती है, कुछ महीनों बाद उसने लड़कियों को निजी तौर पर प्रशिक्षण देने की कोशिश की, लेकिन तालिबान के लड़ाकों ने उस जिम पर छापा मारा, जहां वे अभ्यास कर रही थीं और सभी को हिरासत में ले लिया। सरीना के मुताबिक, हिरासत में लड़कियों को अपमानित एवं प्रताड़ित किया गया। बड़े-बुजुर्गों के दखल के बाद भविष्य में खेल गतिविधियों में शामिल न होने का वादा करने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। सरीना के अनुसार, वह घर में अभी भी मार्शल आर्ट्स का अभ्यास करती है और चोरी-छिपे अपनी सहेलियों को भी सिखाती है। वह कहती है, मेरे लिए जिंदगी बहुत मुश्किल हो गई है, लेकिन मैं योद्धा हूं। इसलिए मैं अपने हिसाब से जीना और लड़ना जारी रखूंगी। इस बीच, तालिबान के खेल संगठन और राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रवक्ता मुशवानेय ने कहा कि प्राधिकारी महिलाओं के लिए अलग खेल परिसर स्थापित करके उनके लिए खेल गतिविधियों को बहाल करने पर विचार कर रहे हैं।

# कोलंबिया की उपराष्ट्रपति ने कहा, उन्हें सड़क किनारे बम से निशाना बनाने की कोशिश की गई

**एपी।** बोगोटा

**कोलंबिया** की उपराष्ट्रपति ने मंगलवार को कहा कि उनकी सुरक्षा टीम को दक्षिण-पश्चिमी प्रांत काउका में उनके घर की ओर जाने वाली एक ग्रामीण सड़क के बगल में सात किलोग्राम से अधिक विस्फोटक दबा हुआ मिला। उन्होंने इस घटना को उनकी हत्या का प्रयास बताया।

फ्रांसिया मार्केज ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक पुलिस रिपोर्ट साझा की, जिसमें कहा गया है कि एक खोजी कुत्ते ने बम के बारे में सतर्क किया। बम अमोनियम नाइट्रेट, एल्यूमीनियम पाउडर और छर्रे से बना था और विस्फोटक रोधी अधिकारियों ने सोमवार को नियंत्रित विस्फोट कर इसे उड़ा दिया। उपराष्ट्रपति को पहले भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। उन्होंने इसे हत्या का एक नया प्रयास बताया और कहा कि इससे डर कर वह शांति और समानता हिमायत करना कतई नहीं छोड़ेंगी। मार्केज कोलंबिया की पहली अश्वेत उपराष्ट्रपति हैं।

उन्हें अर्थशास्त्री और पूर्व गुरिल्ला सेनानी राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के साथ पिछले साल सितंबर में चुना गया था, जो अमीरों पर कर बढ़ाने, सरकारी खर्च बढ़ाने और देश के शेष विद्रोही समूहों के साथ शांति वार्ता शुरू करने का प्रयास कर रहे हैं। राजनीति में प्रवेश करने से पहले मार्केज ने खनन कंपनियों और काउका में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया और जान से मारने की धमकियों के कारण उन्हें सुआरेज के अपने गृह गांव को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 66, सेक्टर-34, ईएचटीपी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
सीआईएन : एल17100एचआर1983पीएलसी033460, फोन : 011-26258237, 49075251
ई-मेल आईडी : investorrelations@ulilltd.com, वेबसाइट : ulilltd.com
तिथि : 11 जनवरी, 2023

**कम्पनी सूचना**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के अनुसार, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल की 05वीं/2022-23 बैठक मंगलवार, 17 जनवरी, 2023 को दोपहर 01.00 बजे जूम मीटिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें संस्था ज्ञापन और संस्था के अंतर्नियमों के संशोधन पर विचार और अभिलेखबद्ध किया जाएगा तथा सभाध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य मामले पर विचार किया जाएगा।

वास्ते यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
शशि शेखर
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. एसीएस 30145

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 11 जनवरी, 2023

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**सार्वजनिक सूचना**
**बिल्डर निरसन**

आपको सूचना दी जाती है कि राम किशोर/रीना पाल (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएनओडी00004901191 तथा पता यूनिट नंबर एलजी-408एच, लोअर ग्राउंड फ्लोर, गौड़ सिटी सेंटर, प्लॉट नंबर सी1 ए/जीएच 01, सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 09 जनवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि गौड़सन्स हाई-टेक इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 12 जनवरी, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

# केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल की तेज अटकलें

**भाषा।** नई दिल्ली

**आगामी चुनावों** की रणनीति के मद्देनजर भाजपा जहां अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की तैयारियों में जुटी है, वहीं इसी महीने केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल की संभावनाओं को भी बल मिल रहा है। मंत्रियों के प्रदर्शन और सत्तारूढ़ पार्टी की राजनीतिक अनिवार्यताओं के कारण यह बदलाव होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल में जुलाई 2021 में केवल एक बार अपनी मंत्रिपरिषद में फेरबदल किया है, जबकि अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने तीन बार अपनी मंत्रिपरिषद में फेरबदल और विस्तार किया था। हालांकि इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि यह फेरबदल 31 जनवरी को संसद का बजट सत्र शुरू होने से पहले किसी भी दिन हो सकता है। भाजपा कार्यकारिणी की बैठक 16-17 जनवरी को दिल्ली में होनी है।

ऐसी राय है कि गुजरात विधानसभा चुनाव में पार्टी की शानदार जीत और हिमाचल प्रदेश विधानसभा एवं दिल्ली नगर निगम चुनावों में हार से मिले सबक का असर इस फेरबदल में दिख सकता है। साथ ही कर्नाटक, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे चुनावी राज्यों में राजनीतिक जरूरतों के अनुसार भी इस मंत्रिपरिषद में फेरबदल हो सकता है। यह फेरबदल संभवतः आखिरी बार होगा, क्योंकि लोकसभा चुनाव में अब केवल 15 महीने का समय बचा है। ऐसे में बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में उभरते राजनीतिक समीकरण भी फेरबदल में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं। इसी तरह, ऐसी चर्चा है कि पार्टी के संगठन में भी बदलाव लाया जा सकता है।

मोदी की मंत्रिपरिषद में बदलाव हमेशा चौंकाने वाले रहे हैं, क्योंकि कभी-कभी ऐसे मंत्रियों को हटाया गया और ऐसे लोगों को मंत्री बनाया गया, जिसके बारे में किसी ने दूर-दूर तक सोचा भी नहीं था। मौजूदा मंत्रियों के विभागों में बदलाव के लिए भी मोदी के मंत्रिमंडल में फेरबदल सुर्खियों में रहे हैं। पिछली बार प्रकाश जावड़ेकर और रविशंकर प्रसाद को मंत्रिमंडल से हटा दिया गया था, जबकि पूर्व आईएएस अधिकारी अश्विनी वैष्णव को शामिल किया गया था और उन्हें रेलवे एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय दिए गए थे।

पिछले फेरबदल के बाद मुख्तार अब्बास नकवी को मंत्री पद गंवाना पड़ा था। सहयोगी दलों जनता दल (यूनाइटेड) और शिवसेना कोटे से मंत्री रहे नेताओं के इस्तीफे से भी पद खाली हुए हैं। दोनों दल इस समय विपक्षी खेमे में हैं। फेरबदल में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को प्रतिनिधित्व मिलने की संभावना है, जिसे शिवसेना के अधिकांश सांसदों का समर्थन प्राप्त है। एक राय यह भी है कि भाजपा चिराग पासवान को पुरस्कृत कर सकती है, जिन्हें उनके पिता और बिहार के दिग्गज दलित नेता रामविलास पासवान के राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाता है। वर्तमान में, उनके चाचा पशुपति कुमार पारस केंद्रीय मंत्री हैं, जिन्होंने मूल पार्टी के छह सांसदों में से पांच के समर्थन से एक अलग गुट बनाया है।

# मोदी ने की नेतन्याहू से बात, भारत-इजराइल रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करने पर जताई सहमति

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने बुधवार को इजराइल के अपने समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की और दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक मोदी ने रिकार्ड छठी बार इजराइल का प्रधानमंत्री बनने पर नेतन्याहू को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। पीएमओ के अनुसार दोनों नेताओं ने हाल के वर्षों में भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी में तेज प्रगति पर संतोष भी व्यक्त किया। मोदी ने बाद में एक ट्वीट में कहा, मेरे अच्छे मित्र बेंजामिन नेतन्याहू से बात करना सुखद रहा। चुनावों में प्रभावी जीत हासिल करने और रिकॉर्ड छठी बार प्रधानमंत्री बनने पर मैंने उन्हें बधाई दी। मुझे खुशी है कि भारत-इजराइल रणनीति साझेदारी को साथ मिलकर आगे ले जाने का हमारे पास एक और मौका है। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी और उसके धुर-दक्षिणपंथी सहयोगियों ने पिछले साल यहूदी राष्ट्र में आम चुनावों में शानदार जीत हासिल की थी। पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने नेतन्याहू को जल्द से जल्द भारत आने का निमंत्रण भी दिया।



नागपुर में पूज्यपाद शंकराचार्य विधान सिंह भारती के साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत एक पुरस्कार समारोह के दौरान सदगुरुदास महाराज को धर्म भास्कर पुरस्कार प्रदान करते हुए।

# तीन नई सहकारी समितियों के गठन के निर्णय से सहकारिता क्षेत्र को शक्ति मिलेगी: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने तीन नई सहकारी समितियों के गठन के फैसले को मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दिए जाने पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया और कहा कि इससे सहकारिता क्षेत्र को नई शक्ति मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में जैविक उत्पाद, बीज और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए तीन सहकारी समितियों के गठन का फैसला लिया गया।

शाह ने एक के बाद एक ट्वीट में कहा कि सहकारिता एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जो करोड़ों लोगों को छूता है और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा, मगर इतने वर्षों तक इसकी अनदेखी हुई पर पहली बार मोदी सरकार ने इसे सशक्त करने की शुरुआत की। इस क्षेत्र के हित में आज कैबिनेट ने तीन महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने मंत्रिमंडल के फैसले का उल्लेख करते हुए कहा, यह निर्णय सहकारिता क्षेत्र को नई शक्ति देगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार।

शाह ने कहा कि जैविक उत्पादों की राष्ट्रीय सोसाइटी दुनिया में बढ़ रही जैविक उत्पादों की मांग को पूरा करने में भारतीय किसानों को असीमित अवसर प्रदान करेगी और साथ ही उत्पादों के परीक्षण व सर्टिफिकेशन व उन्हें स्टोर करने, ब्रांडिंग व बेचने के लिए एक अंब्रेला संस्था के रूप में कार्य करेगी। उन्होंने कहा, मल्टी स्टेट कोआपरेटिव बीज सोसाइटी किसानों को गुणवत्ता वाले बीजों के उत्पादन, खरीद, ब्रांडिंग, पैकेजिंग व उन्हें बेचने में मदद करेगी व नए शोध एवं विकास में भी सहायता करेगी। इस सोसाइटी के माध्यम से जो देशी प्राकृतिक बीज विलुप्त हो रहे हैं, उनके संरक्षण की व्यवस्था भी की जा सकेगी।

# माकपा त्रिपुरा में कांग्रेस, तिपरा मोथा के साथ समझौते के लिए तैयार: एचुरी

**अगरतला।** माकपा के महासचिव सीताराम एचुरी ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने के लिए कांग्रेस और तिपरा मोथा के साथ समझौते के लिए तैयार है। अगरतला में एक संवाददाता सम्मेलन में एचुरी ने यह भी कहा कि इस पर अंतिम फैसला माकपा का प्रदेश नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा, हमारा मुख्य कार्य लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए भाजपा विरोधी वोट को एकजुट करने के लिए एक रणनीतिक गठबंधन को तैयार करना है। भाजपा द्वारा प्रस्तुत की गई चुनौतियों का सामना करने के लिए धर्मनिरपेक्ष ताकतों की अधिकतम गोलबंदी के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, माकपा आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस और तिपरा मोथा के साथ समझौता करने के लिए तैयार है। लेकिन, इस पर अंतिम निर्णय पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा।

# वोटों के ठेकेदार नहीं चाहते कि मुसलमान समावेशी विकास का हिस्सा रहें: नकवी

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व केंद्रीय मंत्री** मुख्तार अब्बास नकवी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के बयान का समर्थन करते हुए बुधवार को कहा कि हावी होने की जंग नहीं, बल्कि सहभागी होने का जज्बा विकास के रास्ते पर ले जाता है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए यह दावा भी किया कि मुस्लिम वोटों के ठेकेदार नहीं चाहते कि मुसलमान देश के समावेशी विकास का हिस्सा रहें।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नकवी ने संवाददाताओं से कहा, हावी होने की जंग नहीं, सहभागी होने का जज्बा विकास और विश्वास के रास्ते पर ले जाता है। इस बात की खुशी है कि आम मुसलमानों में हावी होने की जंग नहीं, बल्कि सहभागी होने का जज्बा है। इसी का नतीजा है कि दुनिया में रहने वाले हर 10 मुसलमानों में से एक मुसलमान हिंदुस्तान में रह रहा है। उसके सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक अधिकार पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

उन्होंने कहा, समस्या आम मुसलमानों की नहीं है, समस्या मुस्लिम वोटों के ठेकेदारों और जागीरदारों की है। ए लोग मुसलमानों को समावेशी विकास और समाज का हिस्सेदार नहीं रहने देना चाहते। लेकिन आज माहौल और मूड बदला है। इस वजह से मुस्लिम वोटों के ठेकेदारों और जागीरदारों की दुकानों में तालाबंदी हो गई है। उल्लेखनीय है कि भागवत ने ऑर्गनाइजर और पांचजन्य को दिए साक्षात्कार में कहा है, सीधी सी बात है हिंदुस्तान को हिंदुस्तान ही रहना चाहिए। आज भारत में रह रहे मुसलमानों को कोई नुकसान नहीं है... इस्लाम को कोई खतरा नहीं है। लेकिन मुसलमानों को खुद को सर्वश्रेष्ठ बताने वाली गलत बयानबाजी छोड़ देनी चाहिए।

# ओवैसी ने आरएसएस प्रमुख की टिप्पणियों को लेकर उन पर निशाना साधा

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान को लेकर बुधवार को उन पर निशाना साधा कि भारत में मुसलमानों के लिए डरने की कोई वजह नहीं है, लेकिन उन्हें खुद को सर्वश्रेष्ठ बताने वाली गलत बयानबाजी से परहेज करना होगा। ओवैसी ने पूछा कि मुसलमानों को भारत में रहने की अनुमति देने वाले वह होते कौन हैं और मुसलमानों की नागरिकता पर शर्तें लगाने की उनकी हिम्मत कैसे हुई।

असदुद्दीन ओवैसी ने ट्वीट किया, मुसलमानों को भारत में रहने या हमारे धर्म का पालन करने की अनुमति देने वाले मोहन होते कौन हैं? हम भारतीय हैं क्योंकि अल्लाह ने चाहा। उन्होंने हमारी नागरिकता पर शर्तें लगाने की हिम्मत कैसे की? हम यहां अपनी आस्था को समायोजित करने या नागपुर के कथित ब्रह्मचारियों के एक समूह को खुश करने के लिए नहीं रहते। हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने सिलसिलेवार ट्वीट करते हुए कहा कि कोई भी सभ्य समाज धर्म के नाम पर इस तरह की नफरत और कट्टरता को बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने ट्वीट किया, मोहन को हिन्दुओं का प्रतिनिधि किसने चुन लिया? 2024 में चुनाव लड़ रहे हैं? स्वागत है।

ओवैसी ने ट्वीट किया, बहुत सारे हिंदू हैं जो आरएसएस की वर्चस्ववादी कट्टर बयानबाजी को महसूस करते हैं, फिर ए तो छोड़ ही दीजिए कि हर अल्पसंख्यक कैसा महसूस करता है। यदि आप अपने देश में विभाजन पैदा करने पर तुले हैं तो आप दुनिया के लिए वसुधैव कुटुम्बकम की बात नहीं कह सकते हैं। उन्होंने लिखा, चीन के लिए यह चोरी और साथी नागरिकों के लिए सीनाज़ोरी क्यों? अगर हम वाकई युद्ध की स्थिति में हैं, तो क्या स्वयंसेवक सरकार 8 साल से अधिक समय से सो रही है? आरएसएस की विचारधारा भारत के भविष्य के लिए खतरा है। जितनी जल्दी भारतीय वास्तविक आंतरिक शत्रुओं को पहचान लें, उतना ही अच्छा होगा।

ऑर्गनाइजर और पाञ्चजन्य को दिए एक साक्षात्कार में, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख ने कहा कि भारत दर्ज इतिहास के शुरुआती समय से अविभाजित (अखंड) रहा है, लेकिन जब भी मूल हिंदू भावना को भुला दिया गया, तब इसका विभाजन हो गया। भागवत ने कहा , सीधी सी बात है हिंदुस्तान को हिंदुस्तान ही रहना चाहिए। आज भारत में रह रहे मुसलमानों को कोई नुकसान नहीं है... इस्लाम को कोई खतरा नहीं है। लेकिन मुसलमानों को खुद को सर्वश्रेष्ठ बताने वाली गलत बयानबाजी छोड़ देनी चाहिए।

# कांग्रेस ने कर्नाटक में हर महीने 200 यूनिट निशुल्क बिजली देने का वादा किया

**चिकोडी (कर्नाटक)।** कांग्रेस ने बुधवार को वादा किया कि कर्नाटक में सत्ता में आने पर वह राज्य के हर घर को प्रत्एक महीने 200 यूनिट निशुल्क बिजली उपलब्ध कराएगी। कर्नाटक में इस साल मई में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। बेलगावी में बस से राज्यव्यापी प्रजा ध्वनि यात्रा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस ने जनता को अपनी पहली गारंटी के तौर पर निशुल्क बिजली देने का वादा किया। कांग्रेस ने इसे गृह ज्योति योजना का नाम दिया है। आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों और बेरोजगारी के मुद्दे के मद्देनजर यह जरूरी है कि कर्नाटक को एक ऐसी सरकार मिले, जो लोक कल्याण और जनता की भलाई के बारे में सोचती हो। कर्नाटक में सत्ता आने पर पार्टी हर घर को प्रत्एक महीने 200 यूनिट निशुल्क बिजली उपलब्ध कराएगी ताकि महंगाई से जूझ रही राज्य की जनता की मदद हो सके और लोग अपने बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य देखभाल जैसी आवश्यक चीजों के लिए पैसे बचा पाएं।

# दाऊद इब्राहिम के रिश्तेदारों की गवाही से गुटखा कारोबारी को दोषी साबित कराने में मदद मिली: सीबीआई

**नई दिल्ली।** सीबीआई के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी दाऊद इब्राहिम कास्कर के तीन रिश्तेदारों की गवाही एक गुटखा कारोबारी तथा डी-कंपनी के दो सदस्यों को दोषी साबित कराने में एजेंसी के लिए तुरुप का पत्ता साबित हुई। मुंबई में विशेष न्यायाधीश बी. डी. शेल्के ने गोवा गुटखा के मालिक जे. एम. जोशी और डी-कंपनी के सदस्यों जमीरुद्दीन गुलाम रसूल अंसारी और फुर्ख मंसूरी को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत सोमवार को दोषी ठहराया था। उन्हें संयुक्त राष्ट्र की ओर से वैश्विक आतंकवादी घोषित दाऊद को पाकिस्तान में गुटखा उत्पादन इकाई लगाने में मदद करने के लिए 10 साल कारावास की सजा सुनाई गई। दाऊद इब्राहिम के गिरोह को डी-कंपनी भी कहा जाता है।

गुटखा कारोबारी जोशी और रसिकलाल माणिकचंद धारीवाल का कोई आर्थिक विवाद था और उन्होंने इसके समाधान के लिए दाऊद इब्राहिम की मदद ली थी। धारीवाल मामले में सह-आरोपी थे और अब उनकी मौत हो चुकी है। दाऊद ने इसके बदले उनसे पाकिस्तान में गुटखा उत्पादन की इकाइयां लगाने में मदद ली, ताकि अपने संगठित अपराध गिरोह के लिए मुनाफे के नए स्रोत खोल सके। सीबीआई ने विस्तृत जांच के बाद इस मामले में 2005 में आरोप पत्र दायर किया था। जांच अधिकारी ने दाऊद इब्राहिम के तीन रिश्तेदारों से पूछताछ की थी, जिन्होंने दोषियों के तार दाऊद इब्राहिम गिरोह, डी-कंपनी की गतिविधियों तथा आर्थिक लेनदेन एवं अन्य के साथ जुड़े होने का खुलासा किया।

सीबीआई ने सुनवाई के दौरान दाऊद की पत्नी महजबीन के रिश्तेदार सलीम इब्राहिम शेख से और अनीस इब्राहिम उर्फ छोटा सेठ तथा दाऊद इब्राहिम के रिश्तेदारों- सऊद यूसुफ तुंगेकर और शमीम इल्तेफात कुरैशी समेत 44 गवाहों को पेश किया था। अधिकारियों ने कहा कि आरोप पत्र में जिन आरोपियों के नाम हैं उनकी दोषसिद्धि के लिए इन गवाहों के बयान महत्वपूर्ण थे।

शेख ने सीबीआई के जांच अधिकारी को दिए अपने बयान में बताया कि किस तरह जमीरुद्दीन गुलाम रसूल अंसारी उर्फ जंबो ने उसे अनीस इब्राहिम के निर्देश पर मशीन के कलपुर्जे कराची ले जाने के लिए मजबूर किया था। मजिस्ट्रेट के समक्ष सीआरपीसी की धारा 164 के तहत और बाद में सुनवाई के दौरान अपने बयान पर कायम रहा। अधिकारियों के मुताबिक वह अपनी पत्नी के एक बीमार रिश्तेदार को देखने 2004 में कराची गया था, तभी अंसारी ने उसे दो पाउच ले जाने को कहा। उन्होंने कहा कि वह इस दौरान क्लिफ्टन इलाके में दाऊद इब्राहिम के घर पर ठहरा था।

# विश्व भारती के प्रोफेसर की बर्खास्तगी को लेकर चोमस्की, अन्य शिक्षाविदों ने राष्ट्रपति मुर्मू को पत्र लिखा

**कोलकाता।** जाने-माने भाषाविद नोम चोमस्की सहित 250 से अधिक शिक्षाविदों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर अवांछनीय कार्यों को लेकर विश्व भारती के प्रोफेसर सुदीप्त भट्टाचार्य की सेवा समाप्ति की सूचना दी और उनके हस्तक्षेप की मांग की। यह पत्र नौ जनवरी को लिखा गया था। पत्र में विश्व भारती द्वारा की गई कार्वाई को अवैध बताया गया है। पत्र में कहा गया कि विश्वविद्यालय ने विभिन्न मौकों पर भट्टाचार्य द्वारा कथित रूप से करने के तौर पर जिन कार्यों का उल्लेख कदाचार की सूची में किया है उन्हें सत्यापित करने के लिए कोई जांच नहीं की गई।

पत्र की एक प्रति पीटीआई को उपलब्ध कराई गई है। राष्ट्रपति को लिखे गए पत्र में कहा गया कि भट्टाचार्य को 22 दिसंबर को केंद्रीय विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की बैठक में उनके विश्व भारती के साथ सेवाअनुबंध को समाप्त करने के बारे में बताया गया था।

पत्र में कहा गया, कदाचारों को तारीखों और घटना के अन्य विवरण या विशिष्ट कार्यों के लिए निर्दिष्ट किए बिना सूचीबद्ध किया गया है जिसके लिए प्रोफेसर भट्टाचार्य को अभ्यारोपित किया गया है। यह स्पष्ट है कि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और शिक्षक संघ के पदाधिकारी के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्वाई शुरू करने से पहले विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा कोई उचित जांच नहीं की गई थी। पत्र पर चोमस्की, अर्थशास्त्री अमिय बागची, सेंटर फॉर स्टडीज इन सोशल साइंसेज के पूर्व निदेशक पार्थ चटर्जी, एक्सएलआरआई के प्रोफेसर सुमित सरकार और यादवपुर विश्वविद्यालय के एमेरिटस प्रोफेसर सुप्रिया चौधरी सहित विभिन्न शिक्षाविदों के हस्ताक्षर हैं।

## क्विक न्यूज

### राज्यपालों का इस्तेमाल कार्यकर्ताओं की तरह कर रही है भाजपा: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा राज्यपालों का उपयोग कार्यकर्ताओं की तरह कर रही है। उन्होने तमिलनाडु विधानसभा मे हाल के घटनाक्रम का हवाला देते हुए भाजपा पर प्रहार किया। खरगे ने ट्वीट किया, राज्यपालो को संविधान के दायरे मे रहकर काम करना होता है और वे विधायिका का अपमान नही कर सकते। लेकिन वे दिल्ली के अपने आकाओ द्वारा संचालित किए जा रहे है ताकि भाजपा विरोधी दलों के शासन वाले राज्यों में राजनीतिक अस्थिरता (उत्पन्न) हो सके। यह खतरनाक बात है। उन्होने आरोप लगाया कि भाजपा राज्यपालो का इस्तेमाल कार्यकर्ताओ की तरह कर रही है और संविधान का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। गत सोमवार को तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि ने विधानसभा मे न सिर्फ अपने अभिभाषण का कुछ हिस्सा नही पढ़ा बल्कि उन्होंने कुछ और टिप्पणियां भी कीं, जिसके बाद मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने लिखित भाषण से इतर कही गई बातो के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया।

### मौसम विभाग ने शिमला में हिमपात का अनुमान जताया, होटलों में व्यस्तता बढ़ने की संभावना

**शिमला।** मौसम विभाग ने आने वाले दिनो मे शिमला की मध्य और ऊंची पहाड़ियो मे ताजा हिमपात की भविष्यवाणी की है, जिससे शहर और उपनगरो के होटलो मे व्यस्तता बढ़ने की उम्मीद है। होटल व्यवसायियो का कहना है कि उनके होटलो मे पर्यटको के ठहरने की दिलचस्पी बढ़ गई है। शिमला होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रिंस कुकरेजा ने कहा, हम हिमपात के बारे में सवालों से भर गए है क्योकि पर्यटक अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाना चाहते हैं। व्यवसाय मे लगभग 60-70 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। पर्यटन उद्योग हितधारक संघ के अध्यक्ष एम. के. सेठ ने कहा कि जनवरी में हिमपात के बाद औसत पर्यटको की संख्या 30-40 प्रतिशत से बढ़कर 60-70 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। बृहस्पतिवार और शुक्रवार को मध्य और ऊंची पहाड़ियों में हल्की से मध्यम हिमपात और निचली पहाड़ियो मे बारिश का अनुमान लगाया है।

### अभिनेता शीजान की जमानत पर सुनवाई 13 तक स्थगित

**पालघर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले की एक अदालत ने टेलीविजन अभिनेता शीजान खान की जमानत याचिका पर सुनवाई बुधवार को 13 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। शीजान को उनकी सह-अभिनेत्री तुनिषा शर्मा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप मे गिरफ्तार किया गया है। शर्मा (21) ने खान के साथ टेलीविजन धारावाहिक अली बाबा: दास्तान-ए-काबुल में अभिनय किया था। अभिनेत्री शर्मा ने वसई के पास एक धारावाहिक के सेट पर 24 दिसंबर को कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी। शर्मा और खान का प्रेम प्रसंग था, लेकिन दोनो हाल मे अलग हो गए थे। खान (28) को शर्मा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप मे वसई पुलिस ने 25 दिसंबर को गिरफ्तार किया था। बुधवार को शिकायतकर्ता वनिता शर्मा की ओर से पेश हुए अधिवक्ता तरुण शर्मा ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि अपराध गंभीर है। खान के वकीलो शैलेंद्र मिश्रा और शरद राय ने अदालत से अभिनेता को जमानत देने का अनुरोध किया, जो वर्तमान मे ठाणे केंद्रीय जेल मे बंद है। खान के वकीलो ने कहा कि इस मामले मे आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लागू नही होता है। सुनवाई 13 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी।

### 57 लाख रुपए से अधिक की नकदी के साथ एक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पुलिस ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में 57 लाख रुपए से अधिक की नकदी बरामद करने के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। सैयद इरफान अब्दुल्ला को 57.43 लाख रुपए की नकदी की बरामदगी के बाद एक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में रखा गया था। नकदी को कुपवाड़ा के लरीबल मे एक गीजर मे छुपाया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उड़ान में पेशाब करने का मामला: जमानत देने से इंकार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने एयर इंडिया की उड़ान मे एक बुजुर्ग महिला सहयात्री पर पेशाब करने के आरोपी शंकर मिश्रा को बुधवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोमल गर्ग ने आरोपी की जमानत अर्जी यह कहते हुए खारिज कर दी कि उसे इस समय जमानत पर रिहा करना उचित नही है। एक मजिस्ट्रेट अदालत ने पुलिस हिरासत में भेजने से इनकार करते हुए शनिवार को मिश्रा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत मे भेज दिया था।

### सरकार ने हज का वीआईपी कोटा खत्म करने का फैसला किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हज मे वीआईपी कोटा खत्म करने का फैसला किया है ताकि देश के आम लोगों को इससे फायदा हो और इस धार्मिक यात्रा मे वीआईपी कल्चर खत्म हो। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा, यह (हज मे वीआईपी कोटा खत्म करने का) फैसला हो चुका है।

# झारखंड : आईईडी विस्फोट में कोबरा बटालियन के छह जवान घायल

**चाईबासा (झारखंड)।** झारखंड के नक्सल प्रभावित पश्चिमी सिंहभूम जिले के तुम्बाका जंगल में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के साथ मुठभेड़ के बाद बुधवार को हुए बम विस्फोट में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के छह कर्मी घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां यह जानकारी दी। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उनमें से कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं है और उन्हें रांची के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवादियों ने उस समय विस्फोट किया जब केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और इसकी कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन (कोबरा), राज्य पुलिस की जगुआर इकाई तथा जिला सशस्त्र पुलिस के जवान जंगल में नक्सल विरोधी अभियान चला रहे थे। सुरक्षा बलों के आगे बढ़ने पर वामपंथी उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चलाईं। इसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्वाई की और पीछे हटने पर मजबूर नक्सलियों ने विस्फोट कर दिया। एसपी ने कहा कि उग्रवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। शेखर ने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम जिले की पुलिस नक्सल प्रभावित इलाकों में पिछले कई हफ्तों से वामपंथी उग्रवादियों के खिलाफ अभियान चला रही है, जिसके कारण कई उग्रवादियों को हथियार डालने के लिए मजबूर होना पड़ा। शीर्ष माओवादी नेता मिसिर बेसरा के करीबी माने जाने वाले आठ उग्रवादी पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने वालों में शामिल हैं। मिसिर बेसरा पर एक करोड़ रुपए का इनाम है। पुलिस ने वामपंथी उग्रवाद से जुड़े युवाओं से सरकार की समर्पण और पुनर्वास नीति का लाभ उठाने और हथियार डालने की अपील की है।

# सत्र न्यायाधीश ने कहा सुनवाई पूरी करने में पांच साल लग सकते हैं

**लखीमपुर खीरी हिंसा**

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की सुनवाई कर रहे सत्र न्यायाधीश ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि सामान्य तौर पर मुकदमे की सुनवाई पूरी करने में लगभग पांच साल लग सकते हैं। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा का बेटा आशीष मिश्रा भी एक आरोपी है। शीर्ष अदालत को सौंपी गई रिपोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने कहा है कि मामले में अभियोजन पक्ष के 208 गवाह, 171 दस्तावेज और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की 27 रिपोर्ट हैं।

सर्वोच्च अदालत ने पिछले महीने सत्र अदालत से पूछा था कि उस अदालत में अन्य लंबित या प्राथमिकता वाले मुकदमों की समय-सारणी से समझौता किए बिना लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की सुनवाई पूरी करने में सामान्य तौर पर कितना समय लगने की संभावना है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यन की पीठ ने सत्र अदालत के न्यायाधीश से मिली रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा, रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य परिस्थितियों में पांच साल लग सकते हैं। इसमें कहा गया है कि मामले में 208 गवाह, 171 दस्तावेज और 27 एफएसएल रिपोर्ट हैं।

पीठ अक्टूबर 2021 में लखीमपुर खीरी में प्रदर्शनकारी किसानों को एसयूवी से कुचलने के मामले में आशीष मिश्रा की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही है। सुनवाई के दौरान पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता से इस बात की पुष्टि करने को कहा कि क्या घटना में किसानों को कथित रूप से रौंदने वाली एसयूवी में सवार तीन लोगों की हत्या के मामले में दर्ज एक अलग मुकदमे में नामजद चार आरोपी अभी भी हिरासत में हैं। इससे पहले, किसानों की हत्या के मामले में शिकायतकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने पीठ से आग्रह किया कि वह इस मामले की सुनवाई किसी अन्य दिन के लिए निर्धारित करे क्योंकि इस मामले के मुख्य पैरवीकार अधिवक्ता दुष्यंत दवे अस्वस्थ हैं।

पीठ ने राज्य सरकार के वकील से किसानों को रौंदने वाली एसयूवी में सवार तीन लोगों की हत्या के मामले में दर्ज एक अलग मुकदमे की स्थिति के बारे में बताने को कहा। जवाब में, राज्य सरकार के वकील ने कहा कि मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए जा चुके हैं। पीठ ने कहा, हम बस यह जानना चाहते हैं कि क्या उस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है? इस पर राज्य सरकार के वकील ने कहा कि मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आशीष मिश्रा की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ को बताया कि सत्र न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत को एक रिपोर्ट भेजी है। भूषण ने कहा कि इस मामले में रोजाना के आधार पर सुनवाई किए जाने की जरूरत है। जब उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ गवाहों पर हमला किया गया था और उन्हें पीटा गया था, तो रोहतगी ने आपत्ति जताते हुए कहा, यह पूरी तरह से झूठ है। पीठ ने कहा, हमें यह जानना है कि कि प्राथमिकी संख्या 220/2021 (अलग मामला) में कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया और क्या वे अभी भी हिरासत में हैं। रोहतगी ने कहा, यह हमारा मामला है और इसमें हमारे काफिले पर हमला किया गया... यह भीड़ की हिंसा का मामला है। लोगों को हमारे वाहन से बाहर खींचा गया और उनमें से तीन की मौत हो गई।

पीठ ने कहा कि अंततः बड़े हित और बड़े मुद्दे को ध्यान में रखना होगा और समय का निर्धारण कभी-कभी अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर पूर्वाग्रह पैदा कर सकता है। किसानों को कुचलने के मामले में आरोपी के प्रभावशाली होने की दलील देते हुए भूषण ने सुझाव दिया कि शीर्ष अदालत सत्र न्यायालय को दैनिक आधार पर सुनवाई कर सकती है। शिकायतकर्ता ने शीर्ष अदालत में दायर जवाबी हलफनामे में मामले का आरोप पत्र संलग्न किया है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 19 जनवरी की तारीख तय की।

# रोहित, विराट के शानदार फॉर्म से भारत की नजरें एक और धमाकेदार जीत पर



संवाददाता। कोलकाता

**अपने** शीर्ष तीन बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म से उत्साहित भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में बृहस्पतिवार को 2-0 से बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगी। सितंबर में एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ शतक जमाकर टी20 क्रिकेट में तीन साल का इंतजार खत्म करने वाले विराट कोहली ने मंगलवार को गुवाहाटी में पहले मैच में 73वां अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसकी मदद से भारत ने 67 रन से जीत दर्ज की। पहले वनडे में उन्हें दो जीवनदान देने का खामियाजा श्रीलंका को भुगतना पड़ा और भारत ने सात विकेट पर 373 रन बनाए। श्रीलंका का कोई भी गेंदबाज उन्हें परेशान नहीं कर सका। चोट से उबरकर वापसी करने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी श्रीलंकाई आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुए 67 गेंद में 83 रन बनाए। अपने पसंदीदा ईडन गार्डंस पर आने से पहले रोहित का फॉर्म में आना भारतीय टीम के लिए अच्छा संकेत है। दोनों टीमों का जब आठ साल पहले यहां पिछली बार वनडे क्रिकेट में सामना हुआ था तब रोहित ने 264 रन की पारी खेली थी। अब एक बार फिर वह यहां बड़ा स्कोर बनाने की फिराक में होंगे। उन्होंने आखिरी वनडे शतक जनवरी 2020 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाया होगा और इस इंतजार को भी वह खत्म करना चाहेंगे। युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने भी 60 गेंद में 70 रन बनाकर उनके चयन की आलोचना करने वालों को जवाब दिया। उन्हें ईशान किशन की जगह टीम में शामिल किए जाने की काफी आलोचना हुई थी लेकिन गिल अपने कप्तान के भरोसे पर खरे उतरे। पिछले साल वनडे में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले श्रेयस अय्यर ने भी चौथे नंबर पर निराश नहीं किया है। भारतीय बल्लेबाजी में चिंता का एकमात्र सबब केएल राहुल का खराब फॉर्म है। विकेटकीपर की भी भूमिका निभा रहे राहुल लगातार नाकाम होते आए हैं। मोहम्मद सिराज ने तेज गेंदबाजी के जौहर दिखाते हुए पांच ओवर में 15 रन देकर दो विकेट लिए।

### टीमें

**भारत:** रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, शुभमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, इशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक और अर्शदीप सिंह।

**श्रीलंका:** दासुन शनाका, कुसाल मेंडिस, पथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समरविक्रम, चरित असलंका, धनंजया डिसिल्वा, वानिंदु हसरंगा, अशेन बंडारा, महेश तीक्षणा, चमिका करुणारत्ने, दिलशान मदुशंका, कासुन राजिता, नुवानिदु फर्नांडो, दुनिथ वेलालागे, प्रमोद मदुशान और लाहिरू कुमारा।

**समय: मैच दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।**

## अपनी कमजोरियों और कुंठा को स्वीकार नहीं कर पा रहा था: विराट कोहली

**गुवाहाटी।** श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में शतक जमाने के बाद आह्लादित विराट कोहली ने स्वीकार किया कि वह खराब फॉर्म के दौरान अपनी कमजोरियों और कुंठा को स्वीकार नहीं कर पा रहे थे जिससे अपने परिवार और दोस्तों के प्रति उनका रवैया चिड़चिड़ा हो गया था। कोहली ने पहले मैच में 45वां वनडे शतक जड़ा और भारत की 67 रन से जीत में सूत्रधार रहे। इससे पहले उन्होंने 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी वनडे में 113 रन बनाए थे। कोहली ने बीसीसीआई टीवी पर अपने साथी खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव को दिए इंटरव्यू में कहा, मेरे मामले में कुंठा घर कर रही थी और मैं स्वीकार नहीं कर रहा था। मैं काफी चिड़चिड़ा हो रहा था। अनुष्का (पत्नी), मेरे करीबियों और उन लोगों के लिए यह अच्छा नहीं था जो मेरे साथ खड़े थे।

मुझे जिम्मेदारी लेकर चीजों को ढर्रे पर लाना था। कोहली ने कहा कि क्रिकेट के लिए जुनून फिर से जगाने के लिए ही वह इससे दूर गए थे। उन्होंने कहा, मैं अपने खेल से बहुत दूर चला गया था। मेरी इच्छाओं, जुड़ाव ने दबदबा बना लिया था। उसी समय मुझे लगा कि मुझे खुद से दूर नहीं होना है। मुझे अपने प्रति ईमानदार रहना है।

## जब कप्तान आपको स्वाभाविक खेल दिखाने को कहे तो अच्छा लगता है



**गुवाहाटी।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल कप्तान रोहित शर्मा और टीम प्रबंधन के सहयोग से खुश हैं जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में उन्हें स्वाभाविक खेल दिखाने की छूट दी। रोहित ने पारी की शुरुआत के लिए ईशान किशन पर गिल को तरजीह दी और इस युवा बल्लेबाज ने 60 गेंद में 70 रन बनाकर उनके भरोसे को सही साबित कर दिखाया।

गिल ने कहा, जब आपका कप्तान आपका साथ देता है तो अच्छा लगता है। अभ्यास सत्रों में भी हमने यही बात की कि मुझे अपना स्वाभाविक खेल दिखाना है। मैं उस लय को कायम रखना चाहूंगा। गिल ने 2022 में 12 पारियों में 638 रन बनाए जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। शीर्षक्रम में रोहित के साथ तालमेल पर उन्होंने कहा, हमने मुख्य रूप से टेस्ट में बल्लेबाजी की है। उसके साथ बल्लेबाजी करके अच्छा लगता है हम यही बात करते हैं कि किस बल्लेबाज को निशाना बनाना है और रन कैसे तेजी से बनाने हैं।

शतक से चूकने के बारे में उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर मैं निराश हूं कि 70 रन पर आउट हो गया। मैंने बड़ी पारी खेलने के लिए काफी मेहनत की थी। मैं 20वें ओवर में आउट हो गया जबकि उसके बाद 30 ओवर और खेलने थे।

### बाबर आजम को कमजोर करने का किया जा रहा है प्रयास



**कराची।** पूर्व कप्तान और कोच मिसबाह उल हक का मानना है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में कुछ लोग मौजूदा कप्तान बाबर आजम की स्थिति को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इससे टीम के ड्रेसिंग रूम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मिसबाह ने मंगलवार को लाहौर में संवाददाताओं से कहा, क्रिकेट मेरे खून में है और मैं हर समय क्रिकेट मैच देखता हूं और क्रिकेट के बारे में पढ़ता हूं। और मैं देख रहा हूं कि टीम में बाबर आजम की स्थिति कमजोर हो रही है। बोर्ड के साथ तीन साल का अनुबंध होने के बावजूद मिसबाह को सितंबर 2021 में पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने मुख्य कोच के रूप में इस्तीफा देने के लिए कहा था। मिसबाह ने कहा कि बाबर की प्रेस कॉन्फ्रेंस देखकर कोई भी इसे आसानी से देख सकता है।

# इशान किशन का समय आएगा: गांगुली

भाषा। कोलकाता



**इशान** किशन के विश्व रिकॉर्ड दोहरा शतक जड़ने के बावजूद भारतीय एकदिवसीय अंतिम एकादश से बाहर होने को लेकर भले ही राय बंटी हुई हो लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि इस तेजतर्रार विकेटकीपर बल्लेबाज को अपने समय के लिए इंतजार करना होगा क्योंकि शुभमन गिल ने कुछ भी गलत नहीं किया है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष ने गांगुली ने कहा, मुझे यकीन है कि उसे (किशन को) मौका मिलेगा। उसका समय आएगा। अक्टूबर-नवंबर में घरेलू सरजमीं पर होने वाले एकदिवसीय विश्व कप से पहले 50 ओवर के प्रारूप में भारत का कार्यक्रम काफी व्यस्त है। बाएं हाथ के बल्लेबाज किशन ने 10 दिसंबर को चटग्राम में बांग्लादेश के खिलाफ इतिहास रचा जब उन्होंने 131 गेंदों पर 210 रन बनाए। वह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे कम उम्र में और सबसे तेज दोहरा शतक बनाने वाले खिलाड़ी बने। इस पारी के बावजूद उन्हें भारत के अगले एकदिवसीय मैच में जगह नहीं मिली क्योंकि उन्हें मंगलवार को गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में सलामी शुभमन गिल के लिए जगह बनानी पड़ी। वेंकटेश प्रसाद सहित कई पूर्व क्रिकेटरों ने गुवाहाटी वनडे में किशन को बाहर करने के टीम इंडिया के फैसले की आलोचना की लेकिन गांगुली ने चुप रहना चुना। गांगुली ने एक प्रचार कार्यक्रम के इतर कहा, मुझे नहीं पता..मेरे लिए यह कहना मुश्किल है। भारत में हमारे पास बहुत अधिक राय हैं, (मुख्य कोच) राहुल द्रविड़ और (कप्तान) रोहित शर्मा को फैसला करने दें। जो लोग वास्तव में खेल खेलते हैं उन्हें वास्तव में यह तय करना चाहिए कि कौन सर्वश्रेष्ठ है।

गुवाहाटी एकदिवसीय मैच में विराट कोहली ने अपना 45वां एकदिवसीय शतक लगाया और सचिन तेंदुलकर के सर्वकालिक रिकॉर्ड 49 शतकों से चार शतक पीछे हैं। कोहली और तेंदुलकर की तुलना के बारे में पूछे पर गांगुली ने कहा, इस सवाल का जवाब देना मुश्किल है। कोहली एक शानदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने ऐसी कई पारियां खेली हैं, 45 शतक ऐसे नहीं बन जाते। वह एक विशेष प्रतिभा है। ऐसा समय भी होगा जब वह स्कोर नहीं करेगा लेकिन वह एक विशेष खिलाड़ी है। कार दुर्घटना के बाद रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे ऋषभ पंत इस बार आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की अगुआई करने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। तीन साल के बाद दोबारा इस आईपीएल टीम से जुड़ने वाले गांगुली ने कहा, हमारे पास जो भी टीम होगी हम उसके साथ सर्वश्रेष्ठ करेंगे।

# राहुल को प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी कोच के साथ कमियों पर काम करना होगा

भाषा। नई दिल्ली



वह मंगलवार को गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में भी 39 रन पर बोल्ड हो गए थे।

**भारत** के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरूद्दीन का मानना है कि लोकेश राहुल को अपने प्रदर्शन में और अधिक निरंतरता लानी होगी और राष्ट्रीय टीम के कोच के साथ अपनी तकनीकी खामियों पर काम करने की जरूरत है। अपने कलात्मक खेल के लिए मशहूर रहे 57 साल के अजहर इस बात से थोड़ा निराश हैं कि राहुल जैसी प्रतिभा का खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता के अनुसार नहीं खेल पा रहा है। अजहरूद्दीन ने पीटीआई से विशेष बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि राहुल के मामले में प्रदर्शन में निरंतरता समस्या है लेकिन मुझे लगता है कि कोच मौजूद हैं जिन्हें उसकी खामियों को सुधारना चाहिए। मेरे नजरिए से वह अच्छा खिलाड़ी है लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी के बाद से राहुल अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। अजहर ने कहा, मुझे लगता है कि राहुल कई तरीकों से आउट हो रहा है। मुख्य रूप से अच्छी गेंदें उन्हें आउट नहीं कर रही हैं। खराब शॉट चयन समस्या पैदा कर रहा है। अजहरूद्दीन का मानना है कि सभी सीनियर खिलाड़ी समय निकालें और घरेलू क्रिकेट खेलें। पहले वनडे में सीमित ओवरों के कप्तान रोहित शर्मा और सुपरस्टार विराट कोहली ने अच्छी पारियां खेली और अजहरूद्दीन को लगता है कि साल के अंत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप में ए दोनों भारत के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। उन्होंने कहा, दोनों बहुत अच्छे और स्तरीय खिलाड़ी हैं और उन्होंने अतीत में भी अच्छा प्रदर्शन किया है जैसा कि रिकॉर्ड भी कहता है। मुझे विश्वास है कि कोहली और रोहित विश्व कप में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। एकदिवसीय प्रारूप में हमेशा उनके प्रदर्शन में निरंतरता रही है। वर्ष 1990 से 1999 के बीच करीब एक दशक तक दो चरणों में भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले अजहरूद्दीन का मानना है कि नए टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या में अच्छी नेतृत्व क्षमता है। उन्होंने कहा, हार्दिक एक कप्तान के रूप में अच्छे दिख रहा है और ऐसा लगता है कि वह टीम को साथ लेकर आगे बढ़ सकता है लेकिन उन्हें अपनी पीठ के बारे में सावधान रहने की जरूरत है।

### पुरुषों का हॉकी विश्व कप ओडिशा में शुरू

**कटक (ओडिशा)।** पुरुषों का हॉकी विश्व कप 2023 बुधवार शाम कटक के खूबसूरत बाराबती स्टेडियम में रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ जिसके देश और विदेश से हजारों हॉकी प्रेमी गवाह बने। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, एफआईएच अध्यक्ष तैयब इकराम और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की सभी 16 प्रतिभागी टीमों के सदस्यों के स्वागत के लिए समारोह में मौजूद थे। मैच दो स्थानों राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम और भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में 13 जनवरी से 29 जनवरी तक होंगे।

### मैनचेस्टर युनाइटेड, न्यूकैसल लीग कप सेमीफाइनल में

**लंदन।** मैनचेस्टर युनाइटेड ने तीसरे दर्जे की टीम चार्लटन एथलेटिक को 3-0 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। युनाइटेड की आठ मैचों में यह आठवीं जीत थी। मार्कस रैशफोर्ड ने 60वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर आकर दो गोल किए। दूसरी ओर न्यूकैसल ने डैन बर्न और जोलिंटन के गोल की मदद से लीसेस्टर को 2-0 से हराकर 1976 के बाद पहली बार अंतिम चार में जगह बनाई। अन्य क्वार्टर फाइनल मैचों में मैनचेस्टर सिटी का सामना साउथम्पटन से और नॉटिंघम फॉरेस्ट की टक्कर वोल्वरहैम्पटन से होगी।

### ओडिशा के कलाकार ने बोतल के भीतर हॉकी स्टिक और गेंद उकेरी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कलाकार एल ईश्वर राव ने विश्व कप में भाग ले रही सभी टीमों को शुभकामना देने के लिए 750 मिलीलीटर की एक बोतल के भीतर हॉकी स्टिक और गेंद की लघु कलाकृति बनाई है। विश्व कप भुवनेश्वर और राउरकेला में 13 से 29 जनवरी के बीच खेला जाएगा। राव ने कहा कि पेंसिल की नोक से उन्हें यह कलाकृति उकेरने में 10 दिन का समय लगा। इससे पहले उन्होंने विश्व कप हॉकी की प्रतिकृति भी बनाई थी। उन्होंने इस मॉडल को तैयार करने के लिए धागे, कांच और चमकीले कागज का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, विश्व कप हॉकी हमारे प्रदेश में दूसरी बार हो रही है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। मैं सभी 16 टीमों को अपनी कला के जरिए शुभकामना देना चाहता हूं। राव पिछले 25 साल से इस कला पर काम कर रहे हैं।

### शगुन ने महिला पीजीटी में बढ़त बनाई

**पुणे।** शगुन नारायण ने बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर 2023 के पहले चरण के पहले दिन बढ़त बना ली है। शगुन ने प्रतियोगिता के पहले दिन पार 71 का स्कोर बनाया। नयानिका सांगा और नेहा त्रिपाठी दो ओवर 73 के समान स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

### हसी को चोटिल मैक्सवेल के भारत में एकदिवसीय श्रृंखला के लिए दावेदारी पेश करने की उम्मीद

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल शायद भविष्य में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना शुरू नहीं करें क्योंकि बिग बैश लीग टीम मेलबर्न स्टार्स के कोच डेविड हसी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह हरफनमौला मार्च के मध्य में भारत में होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला में जगह बनाने की दौड़ में शामिल होगा। मैक्सवेल ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के टी20 विश्व कप से बाहर होने के कुछ दिनों बाद अपने दोस्त के जन्मदिन की पार्टी में फिसलने के बाद बाएं पैर में चोट लगा ली थी। हसी ने बुधवार को कहा कि इस स्टार ऑलराउंडर के 17 मार्च से मुंबई में भारत के खिलाफ शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला को देखते हुए जनवरी के अंत में प्रशिक्षण शुरू करने की उम्मीद है। हसी ने बुधवार को एसईएन से कहा, दुर्भाग्य से वह (मैक्सवेल) बीबीएल के अंत तक भी ठीक नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा, लेकिन वह रिहैबिलिटेशन के साथ वापसी करने के लिए मेहनत करेगा। मुझे लगता है कि वह जनवरी के अंत तक उपलब्ध हो सकता है।

# सिंधू मारिन से हारी, प्रणय ने सेन को हराया

भाषा। कुआलालम्पुर

### मलेशिया ओपन





**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू चोट के उबरने के बाद वापसी करते हुए पहले ही दौर में हार गई जबकि फॉर्म में चल रहे एच एस प्रणय ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को हमवतन लक्ष्य सेन को हरा दिया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधू अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद बाएं टखने में हुए फ्रेक्चर से उबरकर वापसी कर रही थी। उन्हें रियो ओलंपिक चैम्पियन स्पेन की कैरोलिना मारिन ने 21-12, 10.21, 21-15 से हराया। इससे पहले पिछले साल विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंचे प्रणय ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 10वीं रैंकिंग वाले सेन को 22-24, 21-12, 21-18 से हराया। केरल के 30 वर्ष के प्रणय का सामना अब इंडोनेशिया के चिको ओरा द्वि वोडोयो से होगा। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी कोरिया के चोइ सोल यू और किम वोन हो को 21-16, 21-13 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

### मेहुली ने महिला राइफल ट्रायल जीता, अंकुर पुरुष रैपिड फायर में शीर्ष पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष और उत्तराखंड के अंकुर गोयल ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी में ग्रुप ए में क्रमशः महिला 10 मीटर एयर राइफल ट्रायल एक और पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल ट्रायल दो जीता। स्वर्ण पदक दौर में मेहुली ने तमिलनाडु की आर नर्मदा नितिन पर 17-9 से जीत दर्ज की जबकि अंकुर ने राजस्थान के भावेश शेखावत को 29-25 से हराया। नर्मदा ने 60 शॉट के बाद क्वालिफिकेशन में 633.5 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था जबकि मेहुली ने 631.2 अंक हासिल किए थे। कांस्य पदक जीतने वाली ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान क्वालिफाइंग में पांचवें स्थान पर रहीं। शीर्ष आठ में नर्मदा और मेहुली दोनों समान 264.2 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। पुरुषों के 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल ट्रायल दो में अंकुर ने 580 के स्कोर के साथ क्वालिफाइंग में चौथा स्थान हासिल किया।

## प्रशांत के शतक, हिमाचल प्रदेश को बढ़त

भाषा। नादौन



**प्रशांत** चोपड़ा के 12वें प्रथम श्रेणी शतक की मदद से हिमाचल प्रदेश ने बुधवार को यहां ओडिशा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के दूसरे दिन पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल की। सलामी बल्लेबाज प्रशांत ने 198 गेंद में 138 रन की पारी खेली जिससे हिमाचल ने ओडिशा के पहली पारी में 191 रन के जवाब में 258 रन का स्कोर खड़ा करके 67 रन की बढ़त बनाई। अमित कुमार ने भी 46 रन का योगदान दिया। ओडिशा की ओर से तेज गेंदबाज सुनील राउल ने 62 रन देकर छह विकेट चटकाए। हिमाचल ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 91 रन से की। सुनील ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए लेकिन प्रशांत ने अपनी टीम को बढ़त दिला दी। उन्होंने अपनी पारी में 18 चौके और एक छक्का मारा। इस अनुभवी बल्लेबाज ने इस पारी के दौरान प्रथम श्रेणी क्रिकेट में चार हजार रन भी पूरे किए। सुनील ने अंततः प्रशांत को पगबाधा करके उनकी पारी का अंत किया। उनके आउट होने के बाद हिमाचल की पारी को सिमटने में अधिक देर नहीं लगी। ओडिशा ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट खोए 29 रन बनाए। अनुराग सारंगी और शांतनु मिश्रा क्रमशः 14 और 15 रन बनाकर खेल रहे हैं। कल्याणी में बड़ौदा ने बंगाल के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। ज्योत्सनिल सिंह (85), महेश पिठिया (52) और प्रियांशु मोलिया (50) के अर्धशतक से 269 रन बनाने के बाद बड़ौदा ने बंगाल का स्कोर नौ विकेट पर 189 रन कर दिया। बड़ौदा की ओर से एस पठान ने चार जबकि सोएब सोपारिया ने तीन विकेट चटकाए। रोहतक में अमित राणा (15 रन पर पांच विकेट) की धारदार गेंदबाजी से नगालैंड को 88 रन पर समेटने के बाद हरियाणा ने दो विकेट पर 56 रन बना लिए है।

### आंध्र ने दिल्ली के खिलाफ नौ विकेट पर 459 रन बनाकर पारी घोषित की

**पुणे।** आंध्र के विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीकर भरत, नितीश कुमार रेड्डी और शोएब मोहम्मद खान ने अर्धशतक जड़े जिससे मेहमान टीम ने दिल्ली की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के दूसरे दिन नौ विकेट पर 459 रन बनाकर पारी घोषित की। दिल्ली ने इसके जवाब में आयुष बडोनी (00) का विकेट गंवाने के बाद एक विकेट पर 19 रन बनाए हैं। आंध्र की ओर से सीआर ज्ञानेश्वर ने 81, हनुमा विहारी ने 85, श्रीकर भरत ने 80, नितीश ने 66 और शोएब ने 78 रन की पारी खेली। दिल्ली की ओर से रितिक शौकीन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 114 रन देकर चार विकेट चटकाए। मुंबई में मुंबई ने असम के खिलाफ पृथ्वी साव के 379 और कप्तान अजिंक्य रहाणे के 191 रन से अपनी पहली पारी चार विकेट पर 687 रन बनाकर घोषित की।

## श्रीजा, शरत कमल, मनिका ने डब्ल्यूटीटीसी फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

भाषा। लुसैल (कतर)

**बर्मिंघम** राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल स्वर्ण पदक विजेता श्रीजा अकुला, धुरंधर टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा ने डरबन विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप फाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो मई में होगी। इन्होंने एशियाई डब्ल्यूटीटीसी उपमहाद्वीपीय चरण में अंतिम 16 के मुकाबले जीते।

श्रीजा ने दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे की चेन जू यू को 11-2, 5-11, 2-11, 5-11, 13-11, 11-9, 11-8 से हराया। वहीं दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी शरत कमल ने ईरान के अहमदियान अमीन को 13-11, 11-3, 10-12, 11-7 से मात दी। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज मनिका ने हांगकांग की झू चेंगझू को 13-11, 11-9, 11-6, 11-8 से हराया। मनिका और जी साथियान ने मिश्रित युगल में जापान के हिरोतो शिनोजुका और मियू को 11-9, 12-10, 11-7, 5-11, 11-7 से हराया। साथियान और शरत कमल ने कतर के मोहम्मद अब्दुल वहाब और खलील अल मोहम्मदी को 11-5, 11-0, 11 9, 11-8 से हराकर फाइनल्स में जगह बनाई। जी साथियान एकल वर्ग में फाइनल्स में जगह नहीं बना सके लेकिन विश्व रैंकिंग के आधार पर उन्हें प्रवेश मिल सकता है।

रीत रिष्या और श्रीजा ने भी अंतिम चार में से एक कोटा हासिल किया लेकिन रीत का खेलना संदिग्ध है क्योंकि वह एकल में जगह नहीं बना सकी। मनिका और शरत कमल विश्व रैंकिंग के आधार पर भी क्वालीफाई कर सकते हैं। एशियाई डब्ल्यूटीटीसी के जरिए पुरुष एकल में 25, महिला एकल में 28, पुरुष युगल में 14 और महिला युगल में 12 के साथ मिश्रित युगल में आठ कोटे दिए जाने थे। हर देश से चार पुरुष और चार महिला खिलाड़ियों को ही प्रवेश मिलेगा।

# पुरुषों का हॉकी विश्व कप ओडिशा में शुरू

भाषा। कटक (ओडिशा)



**पुरुषों** का हॉकी विश्व कप 2023 बुधवार शाम कटक के खूबसूरत बाराबती स्टेडियम में रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ जिसके देश और विदेश से हजारों हॉकी प्रेमी गवाह बने। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, एफआईएच अध्यक्ष तैयब इकराम और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की सभी 16 प्रतिभागी टीमों के सदस्यों के स्वागत के लिए समारोह में मौजूद थे। इकराम ने अपने संबोधन में ओडिशा को लगातार दो बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए बधाई दी और राज्य को हॉकी की भूमि कहा।

ओडिशा ने 2018 विश्व कप की मेजबानी भी की थी। ठाकुर ने भव्यता के साथ इस कार्यक्रम की सफलतापूर्वक मेजबानी के लिए ओडिशा सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि भारत और राज्य के लोगों का उत्साह इस खेल के प्रति उनके प्यार को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र इस तरह के खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए हमेशा राज्यों को समर्थन देगा। पटनायक ने कहा कि ओडिशा लंबे समय से अपनी मेहमाननवाजी के लिए जाना जाता है और उम्मीद है कि हर आगंतुक राज्य में अपने प्रवास की अच्छी यादें लेकर जाएगा। उन्होंने लगातार दो बार पुरुषों के हॉकी विश्व कप की मेजबानी में ओडिशा का समर्थन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया। घंटे भर चलने वाले उद्घाटन समारोह के पहले और बाद खचाखच भरे स्टेडियम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। समारोह की शुरुआत राज्य की एक जनजातीय नृत्य कला के साथ हुई जो कम से कम छह स्थानीय नृत्य रूपों का एक संयोजन था जिसे प्रख्यात नृत्य गुरु अरुणा मोहंती ने कोरियोग्राफ किया था।

## श्रीलंका के मुख्य कोच को शनाका को आईपीएल अनुबंध मिलने की उम्मीद

भाषा। गुवाहाटी

**श्रीलंका** के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड का मानना है कि कप्तान दासुन शनाका को 88 गेंद में नाबाद 108 रन की पारी से उनकी इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी के बीच मांग बनेगी। मंगलवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में भारत के 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम एक समय 179 रन पर सात विकेट गंवाने के बाद बड़ी हार की तरफ बढ़ रही थी लेकिन छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे शनाका ने शतक जड़ते हुए टीम को आठ विकेट पर 306 रन तक पहुंचाया लेकिन अपनी टीम को 67 रन की हार से नहीं बचा पाए।

सिल्वरवुड ने पहले एकदिवसीय के बाद संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि इससे उसका (शनाका) मनोबल काफी बढ़ेगा। शनाका का आधार मूल्य 50 लाख रुपए था लेकिन पिछले महीने कोच्चि में आईपीएल 2023 की नीलामी में किसी टीम ने उनके लिए बोली नहीं लगाई। मुख्य कोच ने कहा, उसने अब दावा पेश किया है। मुझे यकीन है कि (आईपीएल) फ्रेंचाइजी उस पर गौर कर रही होंगी और देख रही होंगी कि वह कैसा क्रिकेटर है। वह गेंद को काफी अच्छी तरह मारता है इसलिए उम्मीद करता हूं कि उसे मौका मिलेगा। शनाका का यह दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक था।

उन्होंने इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के लिए 187.87 के स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 124 रन बनाए थे। यह पूछने पर कि क्या श्रीलंका शनाका पर अधिक निर्भर है, कोच ने कहा, मुझे नहीं लगता कि हम सिर्फ दासुन पर निर्भर है। इस समय वह काफी अच्छी फॉर्म में है इसलिए जाहिर है कि काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। सिल्वरवुड ने कहा, अगर आप देखें तो आज पथुम निसंका ने भी रन बनाए।